खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025 । वर्ष-69 । अंक-89 पृष्ठ-12 । मूल्य-3.00 रु.



- आप की हार में कांग्रेस.. 04
- केजरीवाल तो निपट... 04
- कोई बहाना नहीं, साफ बताओ मुझे मारने की... 09
- बांग्लादेश में 'ऑपरेशन डेविड हंट' लांच ... 09
- पालक की खेती करने का नया तरीका 11
- बथुआ की खेती सर्दियों में करें, होगी बंपर... 11
- भारत ने 4 विकेट से... 10
- रवाडा के दमदार ... 10


सार संक्षेप

## फ्रांस की एआई समिट में शामिल होंगे मोदी

### आज फ्रांस दौरे पर होंगे रवाना

**पेरिस,** (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस दौरे पर रवाना होंगे। यहां प्रधानमंत्री मोदी 11 फरवरी को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। इसमें दुनिया भर के लीडर्स और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स एआई की गाइडलाइन तैयार करेंगे। इस कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेहतर इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर चर्चा होगी। इससे पहले यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में हो चुकी है। अमेरिका से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीन से राष्ट्रपति शी जिनपिंग का एक विशेष दूत भी इस बैठक शामिल होगा। वहीं, ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई समेत 80 देशों के अधिकारी और सीईओ भी हिस्सा लेंगे। इस समिट में टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क और चीनी एआई डीपसीक के फाउंडर लियांग वेनफेंग का शामिल होना फिक्स नहीं है। सभी ग्लोबल लीडर्स और एक्सपर्ट्स के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति के आवास एलिसी पैलेस में डिनर का आयोजन होगा। यह समिट ऐसे वक्त में आयोजित हो रही है जब दुनिया भर में चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल डीपसीक को लेकर अनिश्चित्ता का माहौल है।



## अमेरिका में रोज पकड़े जा रहे 12 सौ अवैध अप्रवासी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश पर अवैध प्रवासियों के खिलाफ धरपकड़ और तेज हो गई है। डिटेंशन सेंटर फुल हो गए हैं। हालत यह हैं कि अवैध प्रवासियों को अब जेलों में ठूंसा जा रहा है। लॉस एंजिलिस, मियामी, अटलांटा और कैंसस सहित 9 फेडरल जेलों में अन्य खूंखार अपराधियों के साथ अवैध प्रवासियों को रखा जा रहा है। इमिग्रेशन एंड कस्टम इंफोर्समेंट के डिटेंशन सेंटर में 41 हजार को ही रखने की क्षमता है। इन सेंटरों में लगभग 2 हजार भारतीय हैं।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaperÐdeshbandhumpÐ-com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-सांसदों-विधायकों पर 5 हजार मामले लंबित हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**-वैसे तो न्याय में देर अन्याय के बराबर है, लेकिन इस देर से इन माननीयों को फायदा दिखता है

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों का बड़ा ऑपरेशन

# मुठभेड़ में 31 नक्सली ढेर, 2 जवान शहीद

**बीजापुर/रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों के 4 जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो जवानों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य दो घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

आईजी बस्तर ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में बीजापुर और नारायणपुर से लगी महाराष्ट्र की सीमा पर रविवार सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम एंटी-नक्सल ऑपरेशन पर थी। बस्तर पुलिस ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। आईजी पी सुंदरराज ने कहा कि मारे गए नक्सलियों की संख्या ज्यादा भी हो सकती है। मुठभेड़ की जगह से ऑटोमैटिक हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ, सी-60 के जवान इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं। मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ समती है।



### घातक हथियार और विस्फोटक जब्त

### नक्सलमुक्त बनेगा भारत : शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि- 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। इसके बाद देश के किसी भी नागरिक को इसकी वजह से अपनी जान नहीं गंवानी पड़ेगी। अमति शाह ने यह बात छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा 31 नक्सलियों को मार गिराने के बाद कही। उन्होंने एक्स पर अपना संकल्प फिर से दोहराया है और बीजापुर में सुरक्षा बलों को मिली सफलता पर बधाई दी है। वहीं शहीद हुए दो जवानों को श्रृद्धांजलि देते हुए कहा है कि- देश हमेशा इन वीरों का ऋणी रहेगा।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन ने दिया इस्तीफा

### नए मुख्यमंत्री का ऐलान एक-दो दिन में

**इम्फाल, (एजेंसियां)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम आने के ठीक एक दिन बाद पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में बड़ा सियासी उलटफेर हुआ है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इंफाल के राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना त्यागपत्र सौंपा। बीरेन सिंह पर राज्य में 21 महीने से जारी हिंसा के चलते काफी दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी लगातार एनडीए से इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थी। मणिपुर मुख्यमंत्री ने राज्य में जातीय हिंसा के बाद यह कदम उठाया गया है। इस हिंसा की देशभर में आलोचना हुई है।



**दिल्ली में शाह से मुलाकात के बाद फैसला**

यहां गौर करने वाली बात यह है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इसके बाद वापस आकर यह कदम उठाया है।

## मणिपुर के थौबल में बंदूकधारियों ने आईआरबी चौकी से हथियार लूट लिये

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 'इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी)' की चौकी से हथियार लूट लिये। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात जिले के काकमाई इलाके में बंदूकधारी वाहनों में सवार होकर आए और आईआरबी चौकी से हथियार लूट लिए।

उन्होंने न्यूज एजेंसी से कहा, ''थौबल जिले के काकमाई में कई वाहनों में सवार होकर आए हथियारबंद लोगों ने एक चौकी से आईआरबी और मणिपुर राइफल्स के जवानों से कम से कम छह एसएलआर और तीन एके राइफलें लूट लीं।'' उन्होंने कहा, '' चौकी से करीब 270 गोलाबारूद और 12 मैगजीन भी लूटी गईं।'' अधिकारियों ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया है और वे तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच भी की जा रही है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहनों के खाते में आज डालेंगे राशि

### 144 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानों के खातों में राशि अंतरित करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी लेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये अंतरित की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 144 करोड़ के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इसमें 102 करोड़ रुपये के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 42 करोड़ रुपये के 16 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री सभी हितग्राहियों की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से कार्यक्रम स्थल से ही उनके खातों में भेजेंगे।



**किसानों और सामाजिक सुरक्षा हितग्राहियों के खातों में भी अंतरित की जायेगी राशि**

# महाकुंभ में लगा महाजाम



## 24 घंटे से फंसे श्रद्धालु, संगम स्टेशन अगले आदेश तक बंद

**प्रयागराज/सतना/मैहर/रीवा/कटनी।** संगम में पवित्र डुबकी के लिए प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। महाकुंभ को शुरू हुए 26 दिन हो चुके हैं और अब तक 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ में रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 10 से 20 किमी लंबा जाम लगा है।

जगह-जगह गाड़ियां फंसी हुई हैं। भारी भीड़ को देखते हुए संगम स्टेशन को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को काबू करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान भी लागू किया गया। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने और जाने वाले रास्तों पर गाड़ियों की करीब 10-10 किलोमीटर की लंबी कतारें लगी हुई हैं। जाम में फंसे लोगों को पानी और खाने तक की सुविधा नहीं मिल रही है, जिससे हालात और खराब हो रहे हैं।

जाम को देखते हुए वहां वाहनों की नो एंट्री हो जाने से एनएच 30 में वाहनों को रोके जाने का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। कटनी, मैहर और रीवा में वाहनों को रोका जा रहा है। रातभर से लोग वहां फंसे हैं। एक-दो किमी आगे बढने् में 4 से 5 घंटे का समय लग रहा है। अमरपाटन टीआई केपी त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस के जवान खरमसेड़ा के पास प्रयागराज जाने वाले वाहनों को रोक रहे हैं। इससे हाइवे में भी वाहनों की लगभग 3 किलोमीटर लंबी कतारें लग गई है। प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं। टीआई के पी त्रिपाठी ने बताया कि वाहनों को रोक >>शेष पृष्ठ 2 पर

- उत्तर प्रदेश से लगे अन्य प्रदेशों राज मार्गों में भी लगे लंबे-लंबे जाम
- लाखों श्रृद्धालु रास्तों में फंसे रह गये
- एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ियां भी नहीं हिल पा रहीं
- लाखों चौपाया वाहन फंसे हैं
- कटनी और रीवा में राजमार्ग 30 पर रोके गये वाहन

## दिल्ली विधानसभा भंग, आतिशी ने इस्तीफा सौंपा

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)।** राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के बाद नई सरकार के गठन की कवायद शुरू हो चुकी है। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों के नामों पर विचार के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निवास पर एक बैठक हुई जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी शामिल हुए। बैठक में भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाने और केंद्रीय पर्यवेक्षक तय करने पर भी बातचीत होनी है।

वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। आतिशी ने राज निवास में सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा। उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने विधानसभा भंग कर दी। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि सक्सेना ने निवर्तमान मुख्यमंत्री को नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा है।

## सांसदों-विधायकों के खिलाफ 5000 मामले लंबित

**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** पूर्व और मौजूदा सांसदों-विधायकों के खिलाफ करीब 5,000 मामले लंबित है, जिनके शीघ्र निपटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट से दिशा-निर्देश की मांग की गई है।

शीर्ष कोर्ट की ओर से एमिकस क्यूरी नियुक्त किए गए वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने दलील दी कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई में देरी हो रही है, क्योंकि उनके पास जांच और कोर्ट में प्रभाव डालने की शक्ति है। इसके कारण लंबित मामलों का निपटान नहीं हो रहा है, जिससे हमारे लोकतांत्रिक ढांचे पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष अदालतों में सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों में सुनवाई अन्य सामान्य मामलों के साथ होती है, जिससे देरी होती है।

**शीघ्र निपटान के लिए दिशा निर्देश की मांग**

**मौजूदा 541 सांसदों पर 251 मामले**

उन्होंने शीर्ष कोर्ट से यह भी अपील की कि मामले तीन साल से अधिक समय से लंबित होने पर उनकी प्रति-दिन सुनवाई की जाए और दो बार सुनवाई में हाजिर न रहने वाले आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल नवम्बर में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक >>शेष पृष्ठ 2 पर











अदालत | मद्रास हाईकोर्ट का अहम फैसला

## अब सूर्यास्त के बाद भी गिरफ्तार हो सकती हैं महिलाएं

**मद्रास।** मद्रास हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि महिलाओं की सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले गिरफ्तारी पर कानूनी प्रतिबंध अनिवार्य नहीं बल्कि निर्देशात्मक हैं। न्यायमूर्ति जी।आर। स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति एम. जोथिरमन की खंडपीठ ने यह स्पष्ट किया कि यह प्रावधान कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक सावधान करने वाला उपाय है, लेकिन इसका पालन न करने से गिरफ्तारी स्वत: अवैध नहीं हो जाती। हालांकि, अधिकारी को इस प्रक्रिया का पालन न करने के पीछे उचित कारण प्रस्तुत करना होगा।



**कानूनी प्रावधान और उसकी व्याख्या-** कोर्ट ने यह भी बताया कि कानून महिलाओं की रात में गिरफ्तारी को प्रतिबंधित करता है, सिवाय असाधारण परिस्थितियों के। ऐसी परिस्थितियों में क्षेत्राधिकार मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि कानून में 'असाधारण परिस्थिति' की स्पष्ट परिभाषा नहीं दी गई है। मामले सलमा बनाम राज्य का उल्लेख करते हुए कोर्ट ने कहा कि इससे पहले एकल न्यायाधीश ने महिलाओं की गिरफ्तारी को लेकर दिशानिर्देश बनाए थे, लेकिन खंडपीठ ने उन्हें अपर्याप्त करार दिया और पुलिस अधिकारियों के लिए अधिक स्पष्टता की आवश्यकता बताई।

**सुस्पष्ट दिशानिर्देशों की मांग-** अदालत ने पुलिस विभाग को यह निर्देश दिया कि वे स्पष्ट दिशानिर्देश तैयार करें, जिनमें यह स्पष्ट हो कि किन परिस्थितियों में रात के समय महिला की गिरफ्तारी की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, कोर्ट ने राज्य विधानसभा को सुझाव दिया कि वे भारतीय न्याय संहिता की धारा 43 में संशोधन करें, जैसा कि भारतीय विधि आयोग की 154वीं रिपोर्ट में सिफारिश की गई थी।

**अनुशासनात्मक कार्रवाई पर पुनर्विचार-** कोर्ट ने एकल न्यायाधीश के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें निरीक्षक अनीता और हेड कांस्टेबल कृष्णवेनी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए कहा गया था। हालांकि, कोर्ट ने उपनिरीक्षक दीपा के खिलाफ कार्रवाई को बरकरार रखा क्योंकि उन्होंने कोर्ट के समक्ष तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया था।

इस निर्णय से यह स्पष्ट होता है कि महिलाओं की गिरफ्तारी को लेकर कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए अधिक स्पष्टता की जरूरत है। यह फैसला न केवल पुलिस प्रशासन के लिए मार्गदर्शन का काम करेगा बल्कि कानूनी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने में भी मदद करेगा।



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## दुनिया के हर विवाद के पीछे अमेरिका: किम जोंग उन

**सोल, ( आईएएनएस )।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने आरोप लगाया कि विश्व के विवादों के पीछे अमेरिका खड़ा है। उन्होंने देश की परमाणु शक्तियों को और विकसित करने की नीति पर जोर दिया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। योनहाप ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि किम ने यह टिप्पणी शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के दौरे के दौरान की थी। किम अपने सशस्त्र बलों, कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना की 77वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्षा मंत्रालय में गए थे। केसीएनए ने कहा कि मंत्रालय के सैन्य और राजनीतिक कमांडिंग अधिकारियों को संबोधित करते हुए किम ने सभी प्रतिरोधों को मजबूत करने के लिए कई नई योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने देश की परमाणु शक्तियों को और अधिक विकसित करने की अडिग नीति की पुष्टि की।

## अलास्का में विमान दुर्घटना के बाद बर्फ में दबे मिले 10 शव



**वाशिंगटन।** अमेरिका के अलास्का में विमान दुर्घटना में मारे गए सभी 10 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो कर बेरिंग सागर में गिर गया था। नोम वालंटियर दमकल विभाग ने शनिवार दोपहर अपने फेसबुक पेज पर यह जानकारी दी। क्षेत्र में बर्फीली आंधी आने से पहले ही बचाव दलों ने शवों को निकालने के प्रयास शुरू कर दिए थे। दमकल विभाग ने दोपहर करीब तीन बजे सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, बेरिंग विमान हादसे में मारे गए सभी 10 लोगों के शव निकाल लिए गए हैं। विभाग ने कहा कि विमान को निकालने के प्रयास जारी हैं। अलास्का के नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुसार 'बेरिंग एयर' के विमान ने गुरुवार दोपहर को उनालाक्लीट से उड़ान भरी थी और यह नोम जा रहा था। विमान का मलबा शुक्रवार को बर्फ से ढके समुद्र में मिला था।

'बेरिंग एयर' के संचालन निदेशक डेविड ओल्सन ने बताया था कि 'सेसना कारवां' ने अपराह्न दो बजकर 37 मिनट पर उनालाक्लीट से उड़ान भरी थी और एक घंटे से भी कम समय बाद उसका संपर्क टूट गया था। 'नेशनल वेदर सर्विस' के अनुसार उस समय हल्का हिमपात हो रहा था और कोहरा छाया हुआ था, साथ ही तापमान शून्य से नीचे 8.3 डिग्री सेल्सियस था अमेरिकी कोस्ट गार्ड के मुताबिक इस विमान में कुल 10 लोग ही सवार हो सकते थे। रडार के फरेंसिक डेटा से पता चला कि विमान की रफ्तार अचानक बढ़ गई थी और यह ऊपर की ओर जाने लगा था। विमान दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया। विमान का मलबा आखिरी लोकेशन के जरिए खोजा गया। इसके बाद समुद्री बर्फ में शवों को तलाशने का अभियान चलाया गया। विमान में एक इमर्जेंसी ट्रांसमीटर भी था। किसी भी गड़बड़ी के दौरान यह ट्रांसमीटर सैटलाइट को सिग्नल भेज सकता था। हालांकि ट्रांसमीटर से किसी तरह का सिग्नल भी नहीं भेजा गया था।

## हमास की कैद से रिहा पांच थाई नागरिक लौटे घर



**बैंकॉक, ( आईएएनएस )।** हमास के बंधक बनाए गए पांच थाई नागरिक रविवार को स्वेदश लौट आए। सुवर्णभूमि एयरपोर्ट पर परिजनों ने भरी आंखों से उनका स्वागत किया। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, वापस लौटे पांचों नागरिकों में - नोंग बुआ लाम फु से साथियन सुवन्नाखम, बुरी राम से पोंगसाक थेना, उदोन थानी से वाचरा श्रीआउन, उदोन थानी से ही सुरसाक रुमनाओ और नान से बन्नावत सैथाओ शामिल हैं। इन सभी 7 अक्टूबर के हमले के दौरान हमास के लड़कों ने बंधक बना लिया था।

इजराल-हमास समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की तीसरी अदला बदली के दौरान 30 जनवरी को इन पांचों की रिहाई हुई। 35 वर्षीय पोंगसाक थेना अपने 65 वर्षीय पिता विलास को गले लगाते हुए रो पड़े। उन्होंने कहा, मैं फिर से घर वापस आकर बहुत खुश हूं, हम सभी अपने जन्मस्थान में वापस आकर बहुत भावुक हैं... मुझे नहीं पता कि और क्या कहना है। बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों में बन्नावत की पत्नी, विचायदा सै-यांग, भी शामिल थीं। उन्होंने बताया कि, उनके तीन बच्चे हैं, जो रोज अपने पिता के घर आने के बारे में सवाल करते थे। साथियन सुवन्नाखम की मां ने बताया, मैंने उसकी सुरक्षा की फरियाद लेकर मैं अधिक से अधिक मंदिर गई । मैंने ज्योतिषियों से भी सलाह ली, बस यह जानने के लिए कि क्या वह अभी भी जीवित है। हर बार जब मैं उसके बारे में सोचती थी, तो रो पड़ती थी। मुझे डर था कि मेरा बेटा पहले ही मारा जा चुका होगा और दफना दिया गया होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमास ने कुल 31 थाई नागरिकों को बंदी बनाया था, जिनमें से 23 को पहले ही रिहा कर दिया गया। दो अन्य की मौत की पुष्टि हो चुकी है और एक अन्य व्यक्ति का पता अभी तक अज्ञात है। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हमास-इजरायल संघर्ष में 46 थाई लोग मारे गए हैं, जिनमें से दो की मौत कैद में हुई। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला करके 251 बंधकों को पकड़ लिया और लगभग 1,200 लोगों को मार डाला था जिसके बाद युद्ध शुरू हो गया।

इजरायल के हमले में कम से कम 48,181 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजरायल के हमलों से गाजा की लगभग दो-तिहाई इमारतें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई हैं। थाई बंधकों की रिहाई ऐसे समय में हुई है जब 19 जनवरी इजरायल-हमास युद्धविराम समझौते का पहला चरण लागू हु, जिसके तहत अब तक 21 इजरायली बंधकों और 566 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जा चुका है।

## लेबनान में इजरायली ड्रोन हमला, 6 की मौत, दो घायल



**बेरूत, ( आईएएनएस )।** लेबनान में इजरायली ड्रोन हमले में छह लोगों के मारे जाने और दो अन्य लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। यह हमला लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में जनता शहर के पास अल-शारा क्षेत्र को निशाना बनाकर किया गया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सरकारी समाचार एजेंसी (एनएनए) के हवाले से बताया कि इजरायली लड़ाकू विमान दक्षिणी लेबनान के ऊपर मध्यम ऊंचाई पर उड़ानें भर रहे थे। इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में सीमा क्षेत्र के पूर्वी इलाके में स्थित अदाइसेह गांव में विस्फोट अभियान चलाया।

एनएनए के अनुसार, पश्चिमी और मध्य दक्षिणी लेबनान में कई नगर पालिकाओं ने लोगों को इजरायली बलों की ओर से छोड़ी गई बारूदी सुरंगों की मौजूदगी के बारे में चेतावनी जारी की। इनमें से कुछ को नागरिकों को निशाना बनाने वाले जाल में बदल दिया गया था। घंटों बाद, इजरायली सेना ने कहा कि उसकी वायु सेना ने बेका घाटी में हिजबुल्लाह के एक टारगेट को निशाना बनाया। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया कि हमले ने हिजबुल्लाह से संबंधित हथियार निर्माण और भंडारण स्थल को निशाना बनाया। उसने इस जगह पर ऐसी गतिविधि को इजरायल और लेबनान के बीच समझ का व्यापक उल्लंघन बताया। नवंबर 2024 में युद्ध विराम लागू हुआ। इसके तहत हमास और इजरायल के बीच एक साल से चल रहा संघर्ष समाप्त हो गया। इसके बावजूद इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह की तरफ से युद्ध विराम समझौते के उल्लंघन का हवाला देते हुए लेबनान में छिटपुट हमले जारी रखे हैं। लेबनानी सरकार ने बार-बार इजरायली हमलों की निंदा की है। दक्षिणी लेबनान से इजरायल के प्रारंभिक वापसी की समय सीमा को पूरा करने में विफल रहने के बाद, लेबनानी अधिकारियों ने समय सीमा को 18 फरवरी तक बढ़ा दिया।

## अब सभी बंधकों को तुरंत कर दो रिहा, अमेरिका ने हमास को दिया अल्टीमेटम

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हमास की ओर से बनाए गए बंधकों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख को दोहराते कहा कि हमास सभी बंधकों को तुरंत रिहा कर दे। रुबियो ने एक्स पर व्हाइट हाउस की पोस्ट का जिक्र करते हुए कहा, राष्ट्रपति एकदम स्पष्ट थे।

हमास को अब सभी बंधकों को रिहा करना होगा! अमेरिकी विदेश मंत्री की यह टिप्पणी बंधकों की रिहाई को लेकर काफी अहम मानी जा रही है। जानकारों का कहना है कि यूएस अब इस मामले को लेकर बेहद गंभीर है। इससे पहले, इजरायल ने पुष्टि कर दी कि गाजा पट्टी में संघर्षविराम के तहत हमास की ओर से रिहा किए गए 3 इजरायली बंधक उनकी सेना को मिल गए हैं। अब इजरायल को भी दर्जनों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना है। हमास ने तीनों बंधकों को शनिवार को गाजा में रेड क्रॉस को सौंप दिया। रिहा हुए बंधकों को मेडिकल के लिए ले जाया जाएगा और 16 महीने की कैद के बाद उनके परिवार से मिलाया जाएगा। जिन बंधकों को हमास की ओर से रिहा किया गया उनके नाम एली शरबी, ओहद बेन अमी और ओर लेवी हैं। इन सभी को 7 अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से किए गए हमले में बंधक बना लिया गया था। इजरायल रिहा किए गए बंधकों के बदले में 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। रेड क्रॉस को सौंपने से पहले हमास के लड़ाके तीनों बंधकों को सैकड़ों लोगों की भीड़ के सामने ले गए और एक-एक करके तीनों को बोलने के लिए माइक दिया गया। तीनों ने सार्वजनिक रूप से अपना बयान दिया। बंधकों को सार्वजनिक रूप से बयान दिलवाने के संबंध में इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, 'हम शनिवार को हुए चौंकाने वाले दृश्यों को स्वीकार नहीं करेंगे।'

## कैरिबियन सागर में 7.6 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी



**वॉशिंगटन, ( आईएएनएस )।** कैरिबियन सागर में 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। अमेरिकी एजेंसियों ने कई देशों में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, शनिवार शाम (स्थानीय समयानुसार) भूकंप 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर आया। जिसका केंद्र केमैन द्वीप के पास होंडुरास से लगभग 130 मील (209 किलोमीटर) उत्तर में स्थित था।

अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने शुरुआत में कैरिबियन सागर और होंडुरास के उत्तरी इलाकों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की। हालांकि, अमेरिकी अटलांटिक या खाड़ी तट के लिए सुनामी के किसी खतरे की सूचना नहीं दी गई, लेकिन प्यूर्टो रिको और वर्जिन आइलैंड के लिए चेतावनी जारी की गई है। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि खतरनाक सुनामी लहरें, भूकंप के केंद्र के 620 मील के भीतर तटीय क्षेत्रों को प्रभावित कर सकती हैं, जिसमें केमैन द्वीप, जमैका, क्यूबा, मैक्सिको, होंडुरास, निकारागुआ, बहामास, कोस्टा रिका, बेलीज, हैती, पनामा और ग्वाटेमाला शामिल हैं। यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन ने क्यूबा के तट के कुछ हिस्सों में ज्वार के स्तर से 1 से 3 मीटर के बीच सुनामी लहरों का अनुमान लगाया है। जबकि होंडुरास और केमैन द्वीप के लिए 0.3 से 1 मीटर की छोटी लहरों की भविष्यवाणी की गई है। शुरुआत में एक दर्जन से अधिक देशों को सुनामी की चेतावनी जारी करने के बाद अमेरिकी एजेंसियों ने बाद में अधिकांश चेतावनियों को रद्द कर दिया है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि समुद्र के स्तर में छोटे बदलाव हो सकते हैं। इस बीच, होंडुरास, क्यूबा, डोमिनिकन गणराज्य, प्यूर्टो रिको और केमैन द्वीप सहित कई कैरेबियाई देशों ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों के लिए निकासी की चेतावनी जारी की है।

## नामीबिया के पहले राष्ट्रपति का निधन

**विंडहोक।** नामीबिया के संस्थापक राष्ट्रपति सैम नुजोमा का 95 वर्ष की उम्र में शनिवार को निधन हो गया। देश के राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने रविवार सुबह इसकी घोषणा की। नुजोमा पिछले तीन हफ्तों से बीमार थे और राजधानी विंडहोक के अस्पताल में इलाज चल रहा था।


In The Court Of XIII Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur
Presiding Officer:
श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000024/2025)
छोटेलाल यादव...वादी
Vs
गोपा कुमारन...प्रतिवादी
Process Id-/ 2025
पेशी दिनांक.:-05/03/2025

प्रेषिती-(1) गोपा कुमारन पिल्लई पिता चेल्लापन पिल्लई पता- 1581 विदया नगर जीसीएफ स्टेट जबलपुर म.प्र. (2) प्रेसीडेन्ट मैनेजर पता- प्रियदर्शनी को ओपरेटिव हाउसिंग सोसायिटी मर्यादित जबलपुर रजिस्ट्रेशन नं. डॉ. जेबीआर 181 लाइसेंस नं. 46 गांव महगवन डुमना रोड जबलपुर म.प्र. आफिस पता-चंद्रिका विहार अपार्टमेंट होम साइस कॉलेज रोड नेपियर टाउन जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी छोटेलाल यादव ने अपके विरूद्ध एम जे सी प्रथम अपील अंतर्गत धारा 96 सी पी सी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर ( अधिवक्ता ) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 06 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ साथ प्रथम अपील अंतर्गत धारा 96 सी पी सी की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(अवधेश कुमार श्रीवास्तव)
तेरहवें जिला न्यायाधीश
जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 2962


## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**महाकुंभ में....**

रोक के रवाना किया जाएगा ताकि यातायात का इकट्ठा लोड न बढ़े। उधर, हाइवे पर वाहन रोके जाने की वजह से मां शारदा की नगरी मैहर में भक्तों की भीड़ फिर बढ़ने का अनुमान है। इसको ले कर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। एसडीएम विकास सिंह ने बताया कि प्रशासनिक तैयारी पूरी है।

**जिले में तीन जगह बनाए गए बैरिकेड-** प्रयागराज पहुंच रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मैहर में वाहनों को रोककर बारी-बारी से भेजा जा रहा है। सुबह से वाहनों की लगी लंबी कतार मैहर के पहाड़ी और अमदरा और अमरपाटन के पास लगाया गया अस्थाई टोल बैरियर लोगों को रोककर सुविधा अनुसार भेजने का काम किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जगह-जगह पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। मैहर जिले में कई जगह पर बैरिकेड बना कर वाहनों को रोका जा रहा है।

**जाम में फंसे 7 हज़ार वाहन-** महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एकमात्र रास्ता एनएच 30 है जो कटनी मैहर तथा रीवा होते हुए गुजरता है। यही वजह है कि यहां चंद घंटों के जाम में हज़ारों वाहन खड़े नजर आए। प्रशासन की मानें तो रात तक मे 10 हज़ार से ज्यादा वाहन जाम में फंसे रहे हैं, जिनको बारी बारी छोड़ा जा रहा है।

**कटनी पुलिस ने बोला- बहुत भीड़, घर लौट जाएं-** प्रयागराज पहुंच रहे श्रद्धालुओं की भीड़ से मप्र-उप्र की सीमा वाला नेशनल हाईवे जाम है। बिगड़ती व्यवस्थाओं को देखते हुए कटनी पुलिस में नेशनल में बैरिकेड लगाकर यात्री श्रद्धालुओं से निवेदन किया कि आप लोग आगे मत जाए।...आगे टोल प्लाजा में गाडियों की बहुत भीड़ हो चुकी है। यदि आप घूमने के हिसाब से निकले हैं या महाकुंभ में पहुंचकर मां गंगा में स्नान का मन बना लिया है तो अभी कुछ दिन कहीं घूम लीजिए। न्यूज चैनल से देखकर अपडेट होते हुए 4 से 5 दिन बाद जाएं ताकि आपको कोई परेशानी न हो।

कटनी-जबलपुर की एनएच-30 में करीब तीन किमी लंबा जाम लगा हुआ है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम से लेकर अन्य राज्यों से पहुंची गाडियों का काफिलों से पूरा हाइवे जाम हो चुका है। इससे मजबूरन कटनी जिला प्रशासन की ओर से यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे अपने स्टाफ के साथ सड़कों में उतरकर पहले तो सभी को रोका और फिर बैरिकेड लगाकर लोगों को माइक के माध्यम से समझाई देने लगे। हालांकि उसकी बातों को कुछ लोगों समझते हुए वापस भी हुए लेकिन अधिकांश आगे बढ़ चले हैं।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में गाडियां और लाखो में श्रद्धालु बाय रोड़ प्रयागराज पहुंच रहे है आलम ये है कि अभी से पूरी नेशनल हाइवे क्रमांक-30 गाडियों की संख्या से जाम हो चुकी है हमारी कोशिश है किसी को परेशानी न हो इसलिए हम लोगों ने ये कदम उठाया है।

**रीवा में कई किमी लंबा जाम-** एमपी-यूपी बॉर्डर पर प्रशासन ने वाहनों को रोक लिया, जिससे लगभग 10 किलोमीटर का लंबा जाम लग गया। रातभर से लोग फंसे हैं। हालांकि धीरे-धीरे वाहनों को छोड़ा जा रहा है। प्रयागराज में बढ़ती भीड़ के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया, शुक्रवार को ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का प्रयागराज पहुंचने का अनुमान था। मात्र 6 घंटे की समयावधि में सोहागी टोल प्लाजा से करीब 14000 वाहन प्रयागराज के लिए निकल चुके थे। भीड़ बढ़ते देख कर एमपी में वाहनों को रोकने के आदेश जारी किया गया, जिसके बाद पुलिस ने शनिवार करीब 3 बजे से बॉर्डर में वाहन को रोकना शुरू किया। इससे सुबह होते होते करीब 20 किलोमीटर का लंबा जाम लग गया। प्राप्त के अनुसार जब प्रयागराज में भीड़ कम होगी उसके बाद एमपी से वाहनों को रवाना किया जाएगा।

**सांसदों- विधायकों....** मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे, जिसमें विशेष अदालतों को इन मामलों को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया था।

**मौजूदा 541 संसद सदस्यों में से 251 पर आपराधिक मामले**

हंसारिया ने एडीआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ एक जनवरी 2025 तक 4,732 आपराधिक मामले लंबित थे, जिनमें 892 मामले 2024 में दर्ज किए गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि लोकसभा के मौजूदा 543 सदस्यों में से 251 पर आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 मामले गंभीर अपराधों से जुड़े हैं, जिनकी सजा पांच साल या उससे अधिक हो सकती है।


क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1510

**कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**

ई मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन- 0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक- 595/2715001/ई.डी.पी./2021-22/ प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 06/02/2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर दिनांक 24/02/2025 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD _399643 | चिखली, गुल्लूनाला, बक्सी डेम एवं देवरी कला बैराज एवं रायचूर स्टाप डेम का सर्वेक्षण एवं अन्य कार्य। | सिवनी | 10.13 |
| 2. | 2025_WRD _399645 | संभागीय कार्यालय भवन के प्लास्टर, ऑईल डिस्टेम्पर पुताई एवं अन्य कार्य। | सिवनी | 4.17 |
| 3. | 2025_WRD _399650 | ग्राम इमलिया ( बघौरा ) की शक्कर नदी के दायें तट संरक्षण का सर्वे कार्य। ( तृतीय आमंत्रण ) | जबलपुर | 1.03 |
| 4. | 2025_WRD _400013 | कुदराही प्रेशर इरिगेशन ( होज सिस्टम ) का सर्वेक्षण कार्य। | बालाघाट | 8.21 |
| 5. | 2025_WRD _400014 | बंजर कालोनी बैहर में सी.सी. रोड़ का निर्माण कार्य । | बालाघाट | 4.21 |
| 6. | 2025_WRD _400015 | सरेखा जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य । | बालाघाट | 4.24 |
| 7. | 2025_WRD _400017 | आमगांव ( पोंगार ) जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य । | बालाघाट | 4.18 |
| 8. | 2025_WRD _400018 | मोवाला जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य । | बालाघाट | 4.22 |
| 9. | 2025_WRD _400019 | नेवरगांव जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य । | बालाघाट | 4.09 |
| 10. | 2025_WRD _400020 | जगला जलाशय की डी.सी. आर.डी. 250 मी. में वार्षिक मरम्मत कार्य । | बालाघाट | 4.23 |
| 11. | 2025_WRD _400021 | जगला जलाशय की एस.पी. आर.डी. 120 मी. का वार्षिक मरम्मत कार्य । | बालाघाट | 4.23 |
| 12. | 2025_WRD _400022 | शेरपार जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य । | बालाघाट | 4.20 |
| 13. | 2025_WRD _400023 | भिमोरी जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य । | बालाघाट | 4.23 |
| | | | कुल योग | 61.37 |

G-22795/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है। **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**


## निविद/नियुक्ति/जाहिरात


**नाम परिवर्तन**

मैं, शारदा प्रसाद कोरी आत्मज स्व. मूल चंद (Sarda Prasad Kori S/o Late Mool chand), निवासी रेल्वे वाटर टैंक के पास, चौधरी मुहल्ला, आदर्श नगर, शंकर शाह वार्ड, रामपुर, जबलपुर ( म.प्र. ) 482008 सर्व साधारण को सूचित कर रहा हूं कि आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम शादा (Sharda) दर्ज है जो कि गलत है जबकि हिन्दी में मेरा नाम शारदा प्रसाद कोरी एवं अंग्रेजी में मेरा नाम Sarda Prasad Kori है जो कि सही है जो मेरे सर्विस रिकार्ड एवं मेरे जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। प्रकाशन के उपरांत मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम हिन्दी में शारदा प्रसाद कोरी एवं अंग्रजी में Sarda Prasad Kori दर्ज किया जावे।

गलत नाम- शारदा
Sarda
सही नाम- शारदा प्रसाद कोरी
Sarda Prasad Kori
र.नं. 2959

**नाम परिवर्तन**

मैं, शाहीना खान पत्नी सरफराज अहमद (Shaheen Khan W/o Sarfaraz Ahmed), निवासी 28, राजुल टाउनशिप फेस-2 तिलहरी, बिलहरी, जबलपुर ( म.प्र. ) 482020 सर्व साधारण को सूचित कर रही हूं कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम शाहीना बानो (Shaheena Bano) एवं 10वीं और 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम Shahina Bano दर्ज है जो कि मेरे पुराने नाम हैं जबकि अब मेरा सही नाम शाहीना खान (Shaheena Khan) है जो मेरे सर्विस रिकार्ड तथा स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र में दर्ज है तथा उक्त नाम मेरे ही हैं। अतः प्रकाशन के उपरांत मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड 10वीं, 12वीं की अंकसूची एवं समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में मेरा सही नाम शाहीना खान (Shaheena Khan) दर्ज किया जावे।

गलत नाम- शाहीना बानो
(Shaheena Bano, Shahina Bano)
नया नाम- शाहीना खान
(Shaheena Khan)


## मैक्सिको में दर्दनाक हादसा

## बस और ट्रेलर के बीच भीषण टक्कर, 41 की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिणी मैक्सिको में बड़ा हादसा हो गया। जहां एक यात्री बस एक ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में तीन दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। शुरुआती रिपोर्ट में हादसे में जान गंवाने वालों की लोगों की संख्या 41 के करीब है। इस सड़क हादसे में कई गंभीर रूप से घायल भी हो गए।

हादसे की जानकारी देते हुए ताबास्को के कोमलकाल्को के मेयर ओविडियो पेराल्टा ने कहा, हम आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को मौके पर भेज रहे हैं। आपातकालीन सर्विस प्रदान कर दी गई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बस ऑपरेटर टूर्स अकोस्टा ने कहा कि घटना के समय वाहन में लगभग 44 यात्री सवार थे। वहीं, कंपनी ने फेसबुक पोस्ट में घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बस गति सीमा के भीतर चल रही थी और वे दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।

# देश-प्रदेश

**उवाच**


**बहुत देर से आया बीरेन सिंह का इस्तीफा : जयराम रमेश**



**नईदिल्ली।** मणिपुर में मुख्यमंत्री पद से एन वीरेन्द्र सिंह के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मुख्यमंत्री का इस्तीफा बहुत देर से आया। अब मणिपुर के लोग हमारे बार-बार विदेश दौरे पर जाने वाले प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा का इंतजार कर रहे हैं, जो अभी फ्रांस और अमेरिका गए हैं और जिन्होंने पिछले 20 महीनों में मणिपुर जाने के लिए की इच्छा नहीं दिखाई। कांग्रेस सोमवार को मणिपुर विधानसभा में बीरेन सिंह और उनके मंत्रिमंडल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है।

केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने बताई बजट की खासियत, कहा-

# बजट से गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्त होंगे



## हर बार कुछ नया और बड़ा सोचते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा कि केन्द्रीय बजट से गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्त होंगे और विकास की गति तेज होगी। केंद्र सरकार का बजट इन सभी मापदंडों पर देश को आगे बढ़ाने वाला बजट है।

उन्होंने कहा कि कुछ नया और बड़ा सोचना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वभाव की विशेषता है। प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यह बजट इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

केन्द्रीय मंत्री खट्टर ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए बजट की प्रमुख बातों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खट्टर ने कहा कि गरीब कल्याण के लिए मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएं कितनी प्रभावी रही हैं, इसका अंदाज इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि बीते सालों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। मोदी सरकार के नए बजट में भी गरीबों के सशक्तिकरण का पूरा ध्यान रखा गया है।

खट्टर ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बीते एक दशक में कितनी तेजी से आगे बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी अक्सर 4 जातियों के कल्याण की बात करते हैं और बजट इसी ज्ञान पर केंद्रित है। केंद्र सरकार का बजट इन चारों जातियों का सशक्तिकरण करने वाला है। इन वर्गों के कल्याण के लिए बनाई गई।

## मध्यप्रदेश के विकास को गति मिलेगी : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर मीडिया से कहा कि केंद्रीय बजट के प्रावधानों का उपयोग कर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। केंद्रीय बजट में कपास उत्पादन का प्रावधान है, इससे प्रदेश का निमाड़ और मालवा क्षेत्र बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट मध्यप्रदेश के विकास को गति देने के साथ हर क्षेत्र में विकास की राह प्रशस्त करेगा।

उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत हर माह बहनों को 1250 रूपए दिए जा रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने पॉलिसी बनाई है, एमएसएमई इंडस्ट्री स्थापित होगी तो उससे लोगों की आय बढ़ेगी और निर्यात से भी आय होगी। एमएसएमई की ऋण सीमा 5 से बढ़ाकर 10 करोड़ करने से रोजगार बढ़ेगा। इस योजना का महिला, युवा, दलित व आदिवासी व अन्य पिछड़ा वर्ग सभी लाभ उठा सकते हैं और स्वयं का रोजगार स्थापित कर उद्यमी बन सकते हैं। योजना में डेढ़ लाख करोड़ का प्रावधान है, जिसके जरिए मध्यप्रदेश में औद्योगिक क्रांति लाने का प्रयास किया जाएगा। इस योजना से रोजगार और व्यवसाय के अवसर भी बड़े पैमाने पर सृजित होंगे। इस केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों से मध्यप्रदेश में पर्यटन और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि 12 मेडिकल कॉलेजों के टेंडर हो गए हैं, आठ मेडिकल कॉलेज पाइप लाइन में हैं। अगले 2 वर्ष में मध्यप्रदेश में करीब 40 मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमरकंटक से गुजरात की सीमा तक धार्मिक पर्यटन की भी असीम संभावनएं हैं।

मध्यप्रदेश को दो लाख करोड़ रूपए तो अकेले तीन नदी जोड़ो परियोजनाओं के जरिए केंद्र सरकार से मिलेंगे। मध्यप्रदेश में भी बडी़-बड़ी नदियां और बड़े तालाब हैं, मत्स्य पालन में इसका लाभ मिलेगा। नदी जोड़ो परियोजना भी आकार लेने जा रही हैं, इस योजना का भी मध्यप्रदेश को बढ़ा लाभ होगा।

## बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय बजट ऐतिहासिक और आम जनता को खुश करने वाला और विकसित भारत के अटल संकल्प की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। देश की अर्थव्यवस्था के नए आयाम को स्वरूप देगा। उन्होंने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। केंद्रीय बजट संपूर्ण भारत के समग्र विकास की परिकल्पना को साकार करने वाला है। केंद्र सरकार के बजट में देश के हर वर्ग व हर क्षेत्र के विकास व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रावधान किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए गरीबों को पक्के आवास देने का मामला हो या जल जीवन मिशन के जरिए देशभर में हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने का मामला हो, सभी योजनाओं को और गति से पूरा करने का प्रावधान किया गया है। देश के विकास के लिए रोजगार और उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ अधडेवलपमेंट पर भी जोर दिया गया है। पत्रकार-वार्ता के दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

राहुल गांधी ने कहा-

# बीरेन सिंह ने राज्य में विभाजन को बढ़ावा दिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के इस्तीफे को लेकर कहा कि करीब दो साल तक भाजपा के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने मणिपुर में विभाजन को बढ़ावा दिया. प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर में हिंसा, जानमाल की हानि और आइडिया ऑफ इंडिया के विनाश के बावजूद उन्हें पद पर बने रहने दिया।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बीरेन सिंह के इस्तीफे से पता चलता है कि जनता का बढ़ता दबाव, सुप्रीम कोर्ट की जांच और कांग्रेस द्वारा अविश्वास प्रस्ताव ने उन्हें जवाबदेह बना दिया है, लेकिन सबसे जरूरी प्राथमिकता राज्य में शांति बहाल करना और मणिपुर के लोगों के जख्मों पर मरहम लगाना है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को तुरंत मणिपुर जाना चाहिए, वहां के लोगों की बात सुननी चाहिए और आखिरकार यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे राज्य में सामान्य स्थिति कैसे बहाल करेंगे।

# एयरो इंडिया की शानदार शुरुआत

## सोमवार से 14 फरवरी तक चलेगा एयरोस्पेस कार्यक्रम

**बंगलूरू।** एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को येलहंका वायुसेना स्टेशन पर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस में उड़ान भरकर एयरो इंडिया-2025 की शुरुआत की। बता दें कि यह एक बड़ा एयरोस्पेस कार्यक्रम है, जो सोमवार से 14 फरवरी तक चलेगा। हवा में जब एयर चीफ मार्शल और सेना प्रमुख तेजस विमान में उड़ान भर रहे थे, तब सभी लोगों की नजरें आसमान की ओर लगी थीं। सफल उड़ान के बाद, जनरल द्विवेदी ने इसे अपने जीवन का सबसे बेहतरीन अनुभव बताया। सेना प्रमुख इतने खुश हुए कि उन्होंने एयर चीफ मार्शल को अपना गुरु मानते हुए कहा कि उन्हें अफसोस है कि उन्होंने भारतीय वायुसेना को क्यों नहीं चुना। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उड़ान के बाद पत्रकारों से बताया कि यह उनका जीवन का सबसे अच्छा पल था। उन्होंने बताया कि एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उनके साथी हैं और वे दोनों राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में एक साथ पढ़े थे। जनरल द्विवेदी ने कहा कि काश एयर चीफ मार्शल उनसे पहले मिलते, तो वह वायुसेना में शामिल हो जाते। उन्होंने यह भी कहा कि अगर वह वायुसेना में होते, तो लड़ाकू पायलट बनते। जनरल द्विवेदी ने कहा कि आज से एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उनके गुरु हैं, क्योंकि उन्होंने उन्हें कई तरह की भूमिकाएं और गतिविधियां आसमान में करने के लिए प्रेरित किया। जनरल द्विवेदी ने इस उड़ान का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि इसमें काफी चुनौतियां थीं। उन्होंने वायुसेना के पायलटों द्वारा उठाए जाने वाली चुनौतियों की सराहना की और कहा कि इसके लिए बेहतरीन तालमेल की जरूरत होती है।

### चीफ एयर मार्शल के साथ सेना प्रमुख ने तेजस से भरी उड़ान

**राजनाथ सिंह ने जताई खुशी**-कर्नाटका के बेंगलुरु में एयरोइंडिया 2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बेंगलुरु और पूरा कर्नाटका राज्य लंबे समय से परिवर्तनकारी नेताओं और नवाचार के केंद्र के रूप में जाना जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि आज भारत का एयरोस्पेस उद्योग तेजी से विकास कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र, विशेषकर एयरोस्पेस क्षेत्र, को नए उत्साह के साथ आगे बढ़ाया गया है। साथ ही सिंह ने कहा कि अब भारत प्रमुख रक्षा उपकरणों और प्लेटफार्मों को डिज़ाइन और विकसित करने में सक्षम है, साथ ही एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला भी स्थापित की गई है।

# महाकुंभ में डुबकी लगाएंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**अक्षयवट व बड़े हनुमान मंदिर में करेंगी दर्शन-पूजन**



**प्रयागराज।** प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। राष्ट्रपति आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। राष्ट्रपति सोमवार सुबह 11 बजे प्रयागराज के बमरौली हवाई अड्डे पर पहुंचेंगी। वहां से वे हेलीकॉप्टर के जरिए अरैल क्षेत्र के डीपीएस हेलीपैड पहुंचेंगी। इसके बाद वे कार से अरैल वीवीआईपी जेटी जाएंगी और वहां से निशादराज क्रूज के माध्यम से संगम तट तक जाएंगी।

दोपहर करीब 12 बजे वे संगम में पवित्र स्नान करेंगी। इसके बाद वे गंगा पूजन और आरती करेंगी। उनके आगमन के मद्देनजर महाकुंभ क्षेत्र में वाहनों के आवागमन और नावों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। सुरक्षा कारणों से राष्ट्रपति की उपस्थिति में संगम क्षेत्र और आसपास के प्रमुख घाटों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

हालांकि, बाकी घाटों पर आम श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी।

# महिला संगीत में नृत्य करते हुए युवती की मौत



**विदिशा, देशबन्धु।** स्थानीय मगधम रिसॉर्ट में महिला संगीत के दौरान नृत्य करते हुए एक युवती अचानक ही मंच पर गिर गई। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवती का नाम परिणीता जैन था और वह इंदौर की रहने वाली थी। विदिशा में वह अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आई थी। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह 'लहरा के .... बल खाके'.....गाने पर अपनी प्रस्तुति दे रही थी और डेढ़ मिनट बाद ही मुंह के बल गिर पड़ी। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत हृदयाघात से हुई होगी। हालांकि परिजनों का कहना है कि परिणीता बिल्कुल स्वस्थ थी, उसके किसी तरह की कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। रविवार दोपहर विदिशा में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया।उल्लेखनीय है कि बीते कुछ समय से चलते-फिरते दिल का दौरा पड़ने की वजह से एक के बाद एकमौत होने के मामले सामने आए हैं। इस युवती के गिरने पर पहले तो लोगों को कुछ समझ नहीं आया। लेकिन जब कुछ देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो तुरंत वहां पर मौजूद लोग उसे अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जब लड़की को मृत घोषित किया तो परिजनों के होश उड़ गए और पूरे परिवार में चीख पुकार मच गई।

**चचेरी बहन की शादी में आई थी**

# भोपाल के हज यात्रियों को नि:शुक्त आवास सुविधा प्रदान कर रही औक़ाफ़-ए-शाही

**भोपाल, देशबन्धु।** औक़ाफ़-ए-शाही भोपाल सीहोर और रायसेन जिले से जाने वाले हज यात्रियों को मक्का मुअज्जमा और मदीना मुनव्वरा में नि:शुल्क आवास सुविधा उपलब्ध करवा रही है। यह जानकारी औक़ाफ़-ए-शाही की सलाहकार और कार्यकारी समिति के सदस्य सिकंदर हफीज खान ने दी।

उन्होंने आज यहां बताया कि औक़ाफ़-ए-शाही की मुतवल्ली सुश्री सबा सुल्तान ने सऊदी अरब की अदालत में मदीना की रुबात में औकाफ भोपाल के लिए वक्फनामा अनुसार नाज़िर की नियुक्ति करने अथवा स्वयं को नाज़िर बहाल करने अनुरोध किया था। इस मुकदमे की कार्यवाही के दौरान, भोपाल सहित अन्य जगहों से 20 से ज्यादा लोगों ने व्यक्तियों ने वकील के माध्यम से आपत्ति दर्ज कराते हुए स्वयं को मदीना की औक़ाफ़ का उत्तराधिकारी तथा नाजिर नियुक्त करने के लिए दावा किया था। श्री खान ने कहा कि इससे अदालत में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई और सऊदी अरब की अदालत ने रुबातों का प्रबंधन और पर्यवेक्षण अस्थायी रूप से हयात-उल-औक़ाफ़ को सौंप दिया, श्री खान ने बताया कि जब तक मुतवल्ली के बारे में कानूनी दस्तावेज अदालत में पेश नहीं कर दिए जाते।

### हज यात्रियों की सुविधा के लिए सबा कर रहीं प्रयास

सिकंदर हफीज ने बताया कि औक़ाफ़-ए-शाही की मुतवल्ली सबा सुल्तान के नेतृत्व में औक़ाफ़-ए-शाही की वर्तमान समिति ने कार्यभार ग्रहण करने के मदीना मुनव्वरा में हाजियों के ठहरने की सुविधा को पुर्नस्थापित करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कई महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किए गए, इनका वेरिफिकेशन करवाया और समिति इन दस्तावेजों को कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से हयात-उल-औक़ाफ़ के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है, जिससे वाकिफ की वसीयत के मुताबिक भोपाल के हज यात्रियों के लिए

# प्रयागराज जा रहे मिनी ट्रक और एसयूवी की भिंडत, 3 की मौत

**सतना, देशबन्धु।** सतना से प्रयागराज जा रहे एक मिनी ट्रक और एसयूवी में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 10 मिनी ट्रक में सवार 10 अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। मझगवा थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे के मुताबिक जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर सतना-चित्रकूट राजकीय राजमार्ग पर मझगवां थाना क्षेत्र में यह हादसा शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात डेढ़ बजे के आसपास हुआ। इस हादसे में एसयूवी की टक्कर के बाद ट्रक पलट गया था। हादसे के कारण सड़क पर यातायात अवरुद्ध हो गया, जिसे बाद में पुलिस द्वारा खुलवाया गया। अधिकारी ने बताया कि पिकअप ट्रक (मिनी ट्रक) में सवार लोग प्रदेश के जबलपुर से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में शामिल होने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि वहीं स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में सवार लोग प्रयागराज से चित्रकूट होते हुए दमोह जा रहे थे। मृतकों की पहचान महेंद्र पटेल (52), मनीषा पटेल (31) और उनके बेटे जितेंद्र पटेल (11) के रूप में हुई है।

युवा उद्यमियों का होगा अंतर्राष्ट्रीय तकनीक और नवाचारों से परिचय

# जीआईएस देगा मध्यप्रदेश के स्टार्ट-अप्स को नई उड़ान



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न पर काम करते हुए मध्यप्रदेश तेजी के साथ एक मजबूत स्टार्ट-अप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए युवा उद्यमियों की आकाँक्षाओं के अनुकूल स्टार्ट-अप कल्चर को विकसित करने की दिशा में प्रभावी रणनीति अपना रही है। हमारा प्रयास मध्यप्रदेश को स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र बनाना है, जहां युवा उद्यमियों को अपने आईडियाज़ को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आगामी 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कई मायनों में खास होगी। समिट में कई देशों के उद्यमी एवं निवेशक शामिल होंगे। इससे हमारे युवा उद्यमियों को अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी और नवाचारों का ज्ञान मिलेगा और मध्यप्रदेश के स्टार्ट-अप्स को नई उड़ान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्टार्ट-अप्स न केवल प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान देंगे, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। हम प्रदेश में स्टार्ट-अप्स के विकास के लिए वित्तीय सहायता, सशक्त नीतिगत ढांचा और आधुनिक बुनियादी ढांचे की सुविधा प्रदान कर रहे हैं और इस दिशा में हमारी सरकार ठोस कदम उठा रही है।

नई स्टार्टअप नीति के अनुसार स्टार्ट-अप्स को कुल निवेश का 18 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता (अधिकतम 18 लाख रूपये तक) दी जाती है। यह सहायता स्टार्ट-अप के विकास के प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतम 4 चरणों तक सहायता मिल सकती है। इस नीति के अनुसार स्टार्ट-अप्स को वित्तीय प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचा सहयोग और क्षमता निर्माण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा, स्टार्ट-अप्स को सरकारी निविदाओं में अनुभव और टर्न ओवर की शर्तों में छूट दी गई है और उन्हें अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट से भी मुक्त रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार स्टार्ट-अप्स को अनिवार्य लाइसेंस एवं परमिट शुल्क से छूट प्रदान कर रही है और दो वर्षों तक सरकारी खरीद में प्राथमिकता दे रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पास भरपूर बिजली, पानी और प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं। नवाचार और उद्योगों के लिए उपयुक्त केंद्र भारत के हृदय प्रदेश के रूप में पहचाने जाने वाले मध्यप्रदेश में 300 से अधिक औद्योगिक पार्क मौजूद हैं। प्रदेश की 8 करोड़ से अधिक की जनसंख्या के साथ, यह प्रतिभाओं का एक विशाल केंद्र है, जहां 1,287 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, 1,373 सरकारी एवं निजी कॉलेजों और आईआईटी-आईआईएम जैसे शीर्ष शिक्षण संस्थानों से हर साल हजारों स्नातक पास आउट होते हैं। प्रदेश सरकार स्कूल और कॉलेजों के छात्रों में नवाचार और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित कर रही है। युवाओं को प्रारंभिक स्तर पर ही सही मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध होने पर वे अपने स्टार्ट-अप्स को सफलतापूर्वक स्थापित कर सकेंगे। प्रदेश सरकार की स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि आज प्रदेश में 4,900 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप्स कार्यरत हैं। आईटी, सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल और सोलर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशेष औद्योगिक पार्क विकसित किए गए हैं, जो स्टार्ट-अप्स के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्टार्ट-अप इंडिया के तहत पंजीकृत स्टार्ट-अप्स की संख्या को 100 प्रतिशत तक बढ़ाना और कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स को 200 प्रतिशत तक बढ़ावा देना है।

### स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित करने वित्तीय सहायता और विशेष प्रोत्साहन

- महिला, अजा और जजा के उद्यमियों को स्टार्टअप के पहले निवेश पर 18 प्रतिशत (18 लाख रूपये तक) की वित्तीय सहायता।
- अन्य स्टार्ट-अप्स को पहले निवेश पर 15 प्रतिशत (रु.15 लाख तक) की सहायता।
- स्टार्ट-अप्स द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के लिए 5 लाख रूपये प्रति इवेंट (अधिकतम 20 लाख रूपये प्रति वर्ष) तक सहायता।
- इनक्यूबेटर्स के विस्तार के लिए एक बार में 5 लाख रूपये का अनुदान।
- स्टार्ट-अप्स के किराए के 50 प्रतिशत हिस्से (अधिकतम 5 हजार रूपये प्रति माह) की तीन वर्षों तक प्रतिपूर्ति।
- पेटेंट कराने की लागत के लिए अधिकतम 5 लाख रूपये तक की सहायता।
- घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय इवेंट्स में भाग लेने पर 75 प्रतिशत तक खर्च की प्रतिपूर्ति (50 हजार रूपये तक घरेलू इवेंट्स और 1.5 लाख रूपये तक अंतर्राष्ट्रीय इवेंट्स)।
- स्टार्ट-अप्स के लिए लाइसेंस फीस में छूट और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट।

श्रद्धांजलि सभा : स्व. प्रजापति को दी श्रद्धांजलि

# स्व. रामदयाल जी ने श्रेष्ठ कर्मों और व्यवहार से बनाई पहचान : डॉ. यादव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व. रामदयाल प्रजापति जी ने एक श्रेष्ठ जन-प्रतिनिधि की पहचान बनाई। उनका जीवन श्रेष्ठ कर्मों और कुशल व्यवहार से जाना गया है। उनके निधन के बाद उनके प्रति विभिन्न जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा व्यक्त विचारों से भी यह सिद्ध होता है कि वे एक कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार की शाम हिन्दी भवन में स्व. रामदयाल प्रजापति को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित की गई सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1994-1995 से उनका श्री प्रजापति से संबंध रहा है। उन्होंने भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष और माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष के नाते अपने कार्य और आचरण से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखा। उनके व्यक्तित्व का यह अनूठा गुण था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. प्रजापति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि स्व. रामदयाल प्रजापति सदैव कार्यकर्ता के भाव से सौंपे गए दायित्व पूरे करते रहे। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि स्व. प्रजापति वरिष्ठ नेता होते हुए भी सहज व्यवहार से जाने जाते थे। उन्होंने आधुनिक युग के अनुकूल सूचना प्रौद्योगिकी माध्यमों का भी कुशलता से उपयोग किया। श्रद्धांजलि सभा को विधायक भगवानदास सबनानी और अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, शैलेंद्र प्रधान, उमाशंकर गुप्ता और पी.सी. शर्मा, पार्षद, भोपाल की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, स्व प्रजापति के परिजन और मित्रजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन पूर्व सांसद आलोक संजर ने किया। श्रद्धांजलि सभा में स्व. राम दयाल प्रजापति की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

जबलपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## आप की हार में कांग्रेस की जीत

दिल्ली विधानसभा चुनाव के शनिवार को निकले नतीजों में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी के हिस्से में जो हार आई है उसे कांग्रेस की जीत के रूप में देखा जा रहा है, बावजूद इसके कि उसे (कांग्रेस) पिछले दो चुनावों की तरह एक भी सीट नहीं मिल सकी। कांग्रेस द्वारा तालमेल कर चुनाव लड़ने की पेशकश में बढ़ाये हाथ को जिस प्रकार से आप ने झटक दिया था, उसका परिणाम तो यह पराजय मानी ही जा रही है, इसने आप का वैचारिक खोखलापन व मूल्यविहीन राजनीति को भी उजागर कर दिया है जिसके बरक्स कांग्रेस का कद और महत्व अपने आप बढ़ जाता है। यह चर्चा आम है कि इंडिया गठबन्धन का सदस्य होने के बावजूद अकेले लड़कर सत्ता को फिर से और वह भी अकेले पाने का लालच आप को महंगा पड़ गया जिसका पिछले तीन बार जीतने का शानदार रिकॉर्ड रहा था। इस अदूरदर्शितापूर्ण और स्वार्थ भरे तरीके से चुनाव लड़कर आप ने न केवल सत्ता गंवाई वरन अपनी प्रतिष्ठा बचाने का अवसर भी खो दिया। साफ दिखता है कि अब भारतीय जनता पार्टी व उसकी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस और कांग्रेस प्रणीत इंडिया गठबन्धन के बीच आप फंसकर रह जायेगी और उसके मुश्किल दिनों की शुरुआत जल्दी हो सकती है। इस बड़े सियासी घटनाक्रम को लेकर अलग-अलग कयास लगाये जा रहे हैं पर एक बात तो साफ है कि आप की हार से कांग्रेस का दबदबा तो बढ़ा ही है, इंडिया भी मजबूत हुआ है।

2011-12 के देशव्यापी इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन के सबसे बड़े हीरो बनकर उभरे अरविंद केजरीवाल ने अनेक आंतरिक विरोधों के बावजूद इस राजनीतिक दल का गठन किया था। यह पूरा आंदोलन कांग्रेस सरकार के खिलाफ था। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कथित भ्रष्टाचारों को आधार बनाकर यह अभियान चला था जिसके मुख्य सूत्रधार प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अण्णा हजारे थे। हालांकि बाद में विभिन्न तरह की जांच से ये सारे मामले निराधार साबित हुए। कांग्रेस के खिलाफ बने माहौल के बीच 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में पहली बार चुनाव में उतरी आप को 28 सीटें मिली थीं। जिस कांग्रेस का विरोध कर केजरीवाल को दिल्ली सबसे ज्यादा सीटें मिली थीं पर बहुमत से वह दूर थी, कांग्रेस ने उसे समर्थन देकर सरकार बनाने में मदद की। 49 दिन सरकार चलाने के बाद केजरीवाल ने लोकपाल विधेयक को पास न करा पाने के कारण इस्तीफा दे दिया था। 2015 में उसे 70 में 67 तथा 2020 में 62 सीटें मिली थीं। इन दो बम्पर जीतों से केजरीवाल स्वयं को अपराजित तो समझने ही लगे थे, उनकी विस्तार की महत्वाकांक्षाएं व्यापक होती गयीं। देश भर में यह समझ विकसित हो जाने के बाद भी, कि भाजपा की केन्द्र सरकार को हराने के लिये विपक्षी एकता ज़रूरी है ताकि भाजपा विरोधी वोट न बंटें, आप ने गठबन्धन से दूरी बनाये रखी।

इंडिया गठबन्धन में कई दल आये तो कुछ दलों ने आधा-अधूरा गठबन्धन किया। कई पार्टियों ने लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने की हामी तो भरी लेकिन विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ते रहे। शराब घोटाला कांड में जब केजरीवाल जेल भेजे गये तब कांग्रेस ने आप का साथ देकर गठबन्धन धर्म निभाया। उनके तथा झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन (झारखंड मुक्ति मोर्चा) को जेल भेजे जाने के खिलाफ बड़ी सभा की। सोनिया गांधी ने कल्पना सोरेन व सुनीता केजरीवाल को साथ बिठाया। लोकसभा व विधानसभा चुनावों में सोरेन ने तो साथ निभाया लेकिन केजरीवाल ने पहले हरियाणा और फिर दिल्ली विधानसभा चुनावों में आंखें दिखाईं। दिल्ली में पिछले दो चुनावों में मिली बड़ी जीतों को दोहराने के प्रति आप इतनी आश्वस्त थी कि वह भूल गयी कि इन पांच वर्षों में यमुना में बहुत सारा पानी बह चुका है। बेशक, लोकसभा के 2024 के चुनाव से भाजपा की सीटें 303 से घटकर 240 रह गयी हैं पर वह इंडिया के कारण था। साथ ही उसने इस तथ्य को भी नज़रंदाज़ कर दिया कि उसी चुनाव में दिल्ली की सातों सीटें भाजपा ने जीती थीं। यानी उसका मजबूत आधार बचा है, तभी उसने कांग्रेस व आप दोनों को हराया था। कांग्रेस तो पंजाब में भी मिलकर चुनाव लड़ना चाहती थी पर आप को वह भी नामंजूर हुआ।

आप की पराजय से संदेश गया कि मिलकर लड़ने पर फायदा है वरना हारने के लिये सभी को तैयार रहना होगा। यह अन्य घटकों के लिये संदेश है कि कांग्रेस का विरोध करने पर सीटें तो घटेंगी ही, जहां सरकार है वे जा भी सकती हैं। अपने-अपने दम पर चुनाव लड़ने वाली या आगामी चुनावों में ऐसी मंशा पालने वाली पार्टियों को सचेत होने का अवसर दिल्ली के चुनावी परिणामों ने दिया है। अनेक ऐसे नेता हैं जो बीच-बीच में इंडिया, विशेषकर कांग्रेस को आंखें दिखाते हैं। फिर वे चाहें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी हों या उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव। इस जमात में केजरीवाल सर्वाधिक अविश्वसनीय रहे हैं; और सबसे मुखर भी। वे इंडिया में नेतृत्व परिवर्तन भी चाहते हैं। टीएमसी ने प. बंगाल व केजरीवाल ने पंजाब में माइनस कांग्रेस जीत दर्ज़ कर मान लिया था कि सारे चुनाव ऐसे ही लड़े जा सकते है। बेशक दिल्ली में कांग्रेस को एक भी सीट न मिली हो लेकिन उसकी महत्ता तथा इंडिया में उसका स्थान कहां है, यह प्रतिपादित हो गया। माना जा रहा है कि मिलकर चुनाव लड़ा गया होता तो आप कम से कम 15 सीटें और पा सकती थी तथा सम्मिलित रूप से दोनों भाजपा से और 19-20 सीटें तक झटक सकते थे। लेकिन आप ने यह मौका गंवा दिया।

# केजरीवाल तो निपट गए मगर कांग्रेस के लिए मुख्य चुनौती मोदी!

सिर्फ आम आदमी पार्टी के बीच से हटने से कांग्रेस खुश नहीं हो सकती! कांग्रेस को दिल्ली में अपनी जगह वापस लेने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ेगी और यह भी समझना पड़ेगा कि उसने 11 साल कुछ खास नहीं किया। बीजेपी के सीधे सामने तो वह कई राज्यों में है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात कई राज्यों में। और मध्य प्रदेश में तो वह मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले से हार रही है। 21 साल से ज्यादा हो गए। बीच में एक चुनाव 2018 वह जरूर जीती। मगर एक साल से बस कुछ ही समय ज्यादा चल पाई। सरकार बीजेपी ने तोड़ी। मगर कमलनाथ का अहंकार भी कम जिम्मेदार नहीं है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ही भाजपा में जाने वाले एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिनके पास कोई कारण था। कमलनाथ लगातार जिस तरह उनकी अनसुनी कर रहे थे और अंत में जिस तरह यह कहकर उकसाया कि उतर जाओ सड़क पर वह किसी भी बड़े नेता के लिए सुनना मुश्किल था।

तो मध्य प्रदेश में जहां बीच में कोई नहीं है कांग्रेस कम बैक नहीं कर पाई। इसलिए सिर्फ यह सोच कर खुश होना कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के निपट जाने से कांग्रेस अपने आप मजबूत हो जाएगी वही सोच है जो 2014 से तमाम कांग्रेसी नेता लिए घूम रहे हैं कि केन्द्र से कभी तो मोदी हटेंगे फिर हम ही को आना है।

मध्य प्रदेश का केस इसे समझने के लिए सबसे सटीक है। वहां उमा भारती जैसी बड़ी नेता को हटाकर उस समय कम परिचित चेहरे शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री बना दिया था तो वह भी करीब 18 साल रह गए और उनके बाद आए मोहन यादव को और भी कम लोग जानते थे, मगर वे भी चल गए। ऐसे ही राजस्थान में भजनलाल शर्मा या महाराष्ट्र में जब 2014 में देवेन्द्र फड़नवीस को लाया गया था तो उनकी भी कोई खास पहचान नहीं थी। तो सामने कोई कमजोर भी हो तब भी आप को उसका मुकाबला करने, हटाने के लिए काम तो करना होगा। अब वह समय नहीं है कि जनता सिर्फ किसी से नाराज होने की वजह से दूसरे को चुन ले। मोदी कुछ नहीं दे रहे। नौकरी, रोजगार, महंगाई कम करना कुछ नहीं। केवल अपनी बातों के सहारे तीसरी बार केन्द्र में सत्ता में आ गए। क्यों? क्योंकि दूसरी तरफ उन्हें विपक्ष में जीत की ललक, भूख, तड़प दिखाई नहीं देती। जैसे घुड़दौड़ में दांव उसी घोड़े पर लगाया जाता है जो स्टार्टिंग लाइन पर थका सा खड़ा नहीं होता, दौड़ने के लिए बेताब होता है। समाजवादी पार्टी अभी मिल्कीपुर उप चुनाव हार गई। सबको मालूम था कि सरकार और प्रशासन इस चुनाव को हर हाल में जीतने के लिए कमर कस चुके हैं। मगर नतीजे आने के बाद तक अखिलेश यादव ने अपने तेवर ढीले नहीं छोड़े। लड़ते रहे। ऐसे ही ममता बनर्जी बंगाल में लगातार लड़ीं। बिहार में तेजस्वी लड़ रहे हैं। ऐसे मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड में कांग्रेस कहीं लड़ते हुए दिखती है? यही वह पाइंट है जहां से कांग्रेस को आगे सोचना होगा। कांग्रेस को इसलिए कि वह राष्ट्रव्यापी दल है। सबसे बड़ा विपक्षी दल। बाकी विपक्षी दल उससे लड़ लिए, साथ भी आए,



शकील अख्तर

> **यही वह पाइंट है जहां से कांग्रेस को आगे सोचना होगा। कांग्रेस को इसलिए कि वह राष्ट्रव्यापी दल है। सबसे बड़ा विपक्षी दल। बाकी विपक्षी दल उससे लड़ लिए, साथ भी आए, मोदी की तरफ भी झुके मगर कोई भी पूरे देश में अपनी वह स्थिति नहीं बना सका जो कांग्रेस की है। कमजोर से कमजोर होने के बावजूद वह हर गांव-मोहल्ले में है। इसलिए मोदी के खिलाफ अगर कोई लड़ सकता है तो वह कांग्रेस ही है।**

मोदी की तरफ भी झुके मगर कोई भी पूरे देश में अपनी वह स्थिति नहीं बना सका जो कांग्रेस की है। कमजोर से कमजोर होने के बावजूद वह हर गांव-मोहल्ले में है। इसलिए मोदी के खिलाफ अगर कोई लड़ सकता है तो वह कांग्रेस ही है। बाकी कोई भी विपक्षी दल इस स्थिति में नहीं है। और न ही वे सब मिलकर माइनस कांग्रेस यह कर सकते हैं।

दिल्ली में यह प्रयोग किया था। समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने की कांग्रेस के विरोध में आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का। मगर मोदी नहीं रुके।

अब शायद यह दोनों आम आदमी पार्टी का साथ देना छोड़ दें! मगर सिर्फ उससे मोदी कमजोर नहीं होंगे। उसके लिए जरूरी है कि अपने राज्यों के बाहर जहां कांग्रेस भाजपा से सीधे मुकाबले में है वहां कांग्रेस का समर्थन करना। लेकिन उसके लिए कांग्रेस को खुद को मजबूत करना जरूरी है। छोटे-छोटे कारणों से खुश होने से बचने की जरूरत है। 70 और 80 के दशक में भारत की क्रिकेट टीम केवल टेस्ट बचा कर खुश हो जाती थी। हम लोग उस समय ड्रा को जीत मानने लगे थे। बैट्समेन हाफ सेंचुरी से ड्यूटी पूरी मान लेता था और बालर तीन विकेट से टीम में जगह पक्की। उस सोच से कांग्रेस को निकलना होगा। लोकसभा में 240 पर मोदी को रोक दिया अब उससे आगे सोचना होगा। दिल्ली चुनाव का यही सबक है। आम आदमी पार्टी को बीच से हटा दिया ठीक है। मगर अब इतनी मेहनत करने की जरूरत है कि दिल्ली वालों को लगे कि यहां मुख्य विपक्षी दल आम आदमी पार्टी नहीं कांग्रेस है। नेतृत्व पैदा करना पड़ेगा। खबरों के हिसाब से सही है कि 12 या 15 सीटों पर आम आदमी पार्टी कांग्रेस की वजह से हारी। लेकिन पार्टी को देखना यह चाहिए कि सत्तर में केवल तीन उम्मीदवार अपनी जमानत बचा पाए। उम्मीदवार ही नहीं थे। जिस राज्य में लगातार 15 साल सरकार रही हो वहां नेता नहीं संगठन नहीं। कांग्रेस की समस्याएं बहुत उलझी हुई हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा और महाराष्ट्र की हार के बाद दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में पार्टी की सारी कमजोरियों पर बात की। फिर बेलगावी कर्नाटक की वर्किंग कमेटी में भी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उसके बाद लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए खुले दिल से स्वीकार किया कि रोजगार की समस्या पर उनकी यूपीए सरकार ने भी उतना काम नहीं किया जितना करना चाहिए था। फिर दिल्ली चुनाव के समय दलित सम्मेलन में कहा कि पार्टी दलितों और पिछड़ों के लिए उतना नहीं किया जितना उसे करना चाहिए था।

तो समस्याएं सब पहचान रहे हैं। मगर उन्हें दूर कौन करेगा कैसे करेगा यह सबसे महत्वपूर्ण है। बुरा बनना पड़ेगा। मठाधीशों को किनारे करना पड़ेगा। नए लोगों को सामने लाना होगा और उसमें यह कटाक्ष सुनना होंगे कि यह कौन हैं? कहां से ले आए?

सबसे बड़ी बात है संगठन का काम सर्वोच्च प्राथमिकता का समझ कर दिलचस्पी से करना होगा। सिलसिला शुरू हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने कुछ मीटिंगें की हैं। इनमें संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल भी शामिल थे। इसे जल्दी पूरा करना होगा।

कांग्रेस ने अपनी बेलगावी वर्किंग कमेटी में कहा है कि यह साल 2025 संगठन का साल होगा। करना चाहिए। एक बार में पूरे संगठन की घोषणा। लोगों को याद भी नहीं होगा कि आखिरी बार कब कांग्रेस का पूरा संगठन बना था। 2004 मेंसोनिया गांधी ने बनाया था। उसके बाद से छोटे-मोटे परिवर्तन होते रहे। कांग्रेस की भाषा में एडजस्टमेंट। लेकिन तमाम राज्यों में जिला ब्लाक लेवल पर कुछ भी नहीं है। कांग्रेसी भूल गए कि कभी जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कितना प्रभावशाली हुआ करते था। इन्दिरा गांधी के यहां सांसद, विधायक को अपाइंटमेंट मिले या न मिले जिला और ब्लाक अध्यक्षों के लिए कभी मना नहीं होता था। सोनिया गांधी ने एक बार दिल्ली में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों का सम्मेलन करवाया था। वे कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन भी करवाती थीं। अब कम सही मगर फिर भी मुख्यमंत्री तो हैं। इनको एक साथ बिठाकर बात करना चाहिए कि क्या कर रहे हो जो कुछ नया हो जिसे हम देश भर में बता सकें। भाजपा शासित राज्यों से अलग क्या किया?

कांग्रेस को मोदी से मुकाबला करने के लिए बहुत सारे मोर्चों पर काम करने की जरूरत है। केजरीवाल हार गए, मोदी 240 पर रुक गए से आगे सोचने की।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# निवेशकों को लुभाने के लिए ममता बेताब, चुनाव से पहले फिर ग्लोबल बिजनेस

■ **रवींद्र नाथ सिन्हा**

5 और 6 फरवरी को यहां आयोजित बंगाल ग्लोबल बिजनेस शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) के दो दिवसीय आठवें संस्करण ने मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की बेताबी को उजागर किया है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों और आम धारणा को खारिज करने की कोशिश की कि 2011 में शुरू हुए उनके शासन के दौरान औद्योगीकरण में कमी आयी है, जिनका आशय है कि भारी इंजीनियरिंग इकाइयों, एकीकृत इस्पात संयंत्रों, रसायनों और पेट्रो-रसायन परिसरों जैसे विनिर्माण उपक्रमों आदि में रोजगार पैदा करने वाले निवेशों की अनुपस्थिति। यह इस तथ्य के बावजूद कि राज्य सरकार ने 2015 से बीजीबीएस के सात संस्करण आयोजित किये हैं और दावा किया है कि राज्य को बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनकी कुल राशि 19 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

लेकिन, राज्य ने शायद ही कभी शुरू की गयी परियोजनाओं और कार्यान्वयन के अधीन और कमीशनिंग तिथियों/अनुसूची का विवरण साझा किया हो। सरकार इस बात से इनकार नहीं कर सकती कि बड़ी संख्या में शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में राज्य छोड़ रहे हैं। अकुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों का बड़े पैमाने पर बाहर जाना एक कठोर वास्तविकता है। पिछले दो-तीन वर्षों में, केंद्र के साथ टकराव और मानदंडों का पालन करने में विफलता और केंद्रीय निधियों के उपयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण राज्य को भारी कीमत चुकानी पड़ी है, क्योंकि नई दिल्ली ने ग्रामीण रोजगार सृजन और ग्रामीण आवास कार्यक्रम निधियों को जारी करने पर रोक लगा दी है। वैकल्पिक राज्य-वित्त पोषित योजनाओं के साथ परिणामी असंतोष को कम करने की ममता की कोशिश उस चीज़ का विकल्प नहीं है जो राज्य केंद्रीय निधियों के नियमित प्रवाह के साथ हासिल कर सकता है। इस पृष्ठभूमि में देखा जा सकता है कि मुख्यमंत्री ने बीजीबीएस के आठवें संस्करण को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। उद्योगपतियों को अपने राज्य में रोजगार सृजन करने वाले निवेश के लिए राजी करने के उनके प्रयासों को व्यापक प्रचार अभियान के माध्यम से दर्शाया गया है।

> **पश्चिम बंगाल में अप्रैल-मई 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं-जो लगभग 14 महीने दूर हैं। कुछ सप्ताह पहले तक यह माना जा रहा था कि बीजीबीएस का आठवां संस्करण उनके तीसरे कार्यकाल का आखिरी होगा। लेकिन, दूसरे और अंतिम दिन अधिकारियों को अगले बीजीबीएस की तैयारी अभी से शुरू करने की उनकी सलाह से यह संकेत मिलता है।**

पश्चिम बंगाल में अप्रैल-मई 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं-जो लगभग 14 महीने दूर हैं। कुछ सप्ताह पहले तक यह माना जा रहा था कि बीजीबीएस का आठवां संस्करण उनके तीसरे कार्यकाल का आखिरी होगा। लेकिन, दूसरे और अंतिम दिन अधिकारियों को अगले बीजीबीएस की तैयारी अभी से शुरू करने की उनकी सलाह से यह संकेत मिलता है कि वह अगला व्यावसायिक सम्मेलन - नौवां संस्करण - फरवरी 2026 में, यानी अगले विधानसभा चुनाव से पहले आयोजित करने की इच्छुक हैं। ऐसा लगता है कि वह 2026 में इस दावे के साथ मतदाताओं का सामना करना चाहेंगी कि उन्होंने निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने और राज्य के औद्योगीकरण के लिए ईमानदार प्रयास किये हैं, तथा विपक्ष का आरोप राजनीति से प्रेरित है।

बीजीबीएस-8 के दौरान ममता ने दो कार्य किये जो उनकी चिंताओं और गंभीरता को दर्शाते हैं। सबसे पहले, उन्होंने बीरभूम जिले में लंबे समय से चर्चित देवचा-पचमी कोयला परियोजना पर सुबह से भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर नये आंदोलन से निपटने के बाद 6 फरवरी को काम शुरू करवाया। यहां काम का मतलब प्राथमिक रूप से ओवर-बर्डन को हटाना है- इस मामले में, बेसाल्ट और ब्लैकस्टोन।

यह एक लंबी खींची हुई कवायद होने जा रही है क्योंकि ओवर-बर्डन की मात्रा बहुत अधिक है और इसलिए, चयनित खदान विकास ऑपरेटर द्वारा कोयले का वास्तविक उठाव 12-18 महीनों के बाद ही संभव हो सकता है। लेकिन, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उदार मुआवजा पैकेज और समयबद्ध पुनर्वास कार्यक्रम ने प्रशासन को देवचा-पचमी कोयला भंडार निकालने की योजना तैयार होने के एक दशक बाद, शायद, वास्तविक खनन-संबंधी गतिविधि शुरू करने में सक्षम बनाया है। आधुनिक खनन तकनीकों और सराहनीय मशीनीकरण के साथ इसकी रोजगार सृजन क्षमता को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है।

दूसरे, 5 फरवरी को, बीजीबीएस के पहले दिन ही, ममता ने अपने सामान्य मुखर रुख से हटकर मीडिया के सामने खुलासा किया कि उन्होंने टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से 'कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर' (वास्तव में, 4 फरवरी की रात को) फोन पर बातचीत की है। चंद्रशेखरन निवेश प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए जल्द ही शहर का दौरा करेंगे और उन्होंने 'कोलकाता से यूरोप के किसी गंतव्य के लिए सीधी उड़ान शुरू करने के मेरे अनुरोध' पर उचित ध्यान दिया है। उन्होंने बताया कि व्यस्तता के कारण वे सम्मेलन में उपस्थित नहीं हो सके।

यह ध्यान देने वाली बात है कि ममता ने रतन टाटा के निधन (9 अक्टूबर, 2024) के चार महीने बाद और तत्कालीन बॉम्बे हाउस के सुप्रीमो रतन टाटा द्वारा सिंगुर छोटी कार उद्यम से हाथ खींचने (3 अक्टूबर, 2008) के 16 साल बाद टाटा संस के प्रमुख से सीधे संपर्क स्थापित करने का फैसला किया, जबकि उस समय यह लगभग 85 प्रतिशत पूरा हो चुका था। इसका कारण 2006 के विधानसभा चुनावों में वाम मोर्चे की सत्ता में वापसी के तुरंत बाद सिंगूर में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ तत्कालीन विपक्षी नेता ममता बनर्जी का निरंतर आंदोलन था। यह उल्लेखनीय है कि सिंगूर में बड़े झटके के बावजूद बॉम्बे हाउस ने पश्चिम बंगाल में निवेश कभी नहीं रोका। वास्तव में, उन्होंने राज्य के होटलों में अपनी उपस्थिति को काफी मजबूत किया है।

टाटा समूह ने टाटा स्टील क्षेत्र में निवेश किया है और खड़गपुर में लौह धातु और इंजीनियरिंग सुविधाओं में नये निवेश किये हैं। उनके अधिकारियों ने बीजीबीएस सत्रों में भाग लिया है। लेकिन, मौजूदा टाटा संस प्रमुख के साथ सीधे संपर्क स्थापित करने की मुख्यमंत्री की नयी पहल राज्य के लिए शुभ संकेत है।

राज्य की अर्थव्यवस्था और देश के तेल और गैस परिदृश्य के लिए मुख्य महत्व की बात यह है कि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि ओएनजीसी को जल्द ही 24 परगना उत्तर जिले के अशोकनगर में अपनी परियोजना के लिए अपेक्षित पेट्रोलियम खनन पट्टा दिया जायेगा, जहां पीएसयू दिग्गज तेल और गैस की खोज करने में सफल रहा है और जिसके लिए राज्य ने कंपनी को एक रुपये में 1,500 एकड़ जमीन दी है। खनन पट्टा वाणिज्यिक उत्पादन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

प्राप्त प्रस्तावों में सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाली जेएसडब्ल्यू समूह की सुपर थर्मल (800 मेगावाट × 2) बिजली परियोजना, अंडाल हवाई अड्डे में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी में समूह की रुचि, मुकेश अंबानी समूह द्वारा खुदरा, दूरसंचार और डेटा सेंटर में नये निवेश, अंबुजा समूह द्वारा रियल एस्टेट, आतिथ्य और स्वास्थ्य सेवा में निवेश, आरपीजी संजीव गोयनका समूह द्वारा बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में निवेश और आईटीसी द्वारा आतिथ्य, आईटी और एआई में निवेश शामिल हैं।

अतीत से हटकर, मुख्यमंत्री ने बताया कि बीजीबीएस के पिछले सात संस्करणों में निवेशकों द्वारा बतायी गयी 19 लाख करोड़ रुपये की योजनाओं में से 13 लाख करोड़ रुपये की योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और छह लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की शेष योजनाएं पाइपलाइन में हैं। हाल ही में संपन्न आठवें बीजीबीएस में कुल 4.41 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

पिछले एक दशक में जिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, उनमें आईटी और आईटीईएस, रियल एस्टेट, सीमेंट और आतिथ्य शामिल हैं।

## आपके पत्र

### खरपतवारनाशी से शिशु स्वास्थ्य को खतरा

एक हालिया अध्ययन में खरपतवारनाशी ग्लायफोसेट के बढ़ते उपयोग का सम्बंध नवजात शिशुओं के जन्म के समय कम वज़न और गर्भावस्था के छोटा होने से देखा गया है। इस रसायन का खेती में खूब उपयोग होता है, खासकर अमेरिका में। यह अध्ययन ओरेगन विश्वविद्यालय के एडवर्ड रुबिन और एमेट रेनियर द्वारा प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइन्सेज़ में प्रकाशित किया गया है।

शोधकर्ताओं ने 1990 से 2013 के बीच जन्मे एक करोड़ से अधिक नवजात शिशुओं के डेटा का विश्लेषण किया और अलग-अलग जिलों में ग्लायफोसेट के इस्तेमाल की मात्रा का सम्बंध गर्भावस्था अवधि और जन्म के समय वज़न से किया। पाया गया कि जिन ज़िलों में सोयाबीन, मक्का और कपास की जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलें उगाई जाती हैं और भारी मात्रा में ग्लायफोसेट छिड़का जाता है, वहां 2005 तक नवजात शिशुओं का औसत वज़न 30 ग्राम कम और गर्भावस्था की अवधि 1.5 दिन कम हो गई थी। ये प्रभाव 1996 से पहले नहीं दिखाई दिए थे क्योंकि तब जीएम फसलों का खूब उपयोग शुरू नहीं हुआ था। ग्लायफोसेट-सह फसलें आने के बाद ग्लायफोसेट का अत्यधिक उपयोग शुरू हुआ था। महज अमेरिका में हर साल यह 1,27,000 टन से अधिक छिड़का जाता है। अमेरिकी पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी के अनुसार ग्लायफोसेट का सावधानियों के साथ उपयोग सुरक्षित है, लेकिन कुछ शोध में इसका सम्बंध प्रजनन हार्मोन असंतुलन और अल्प गर्भावधि से देखा गया है। शोधकर्ताओं के मुताबिक इसके आर्थिक प्रभाव भी गंभीर हैं। जन्म के समय कम वज़न और छोटी गर्भावधि का सम्बंध दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से है, जैसे संज्ञानात्मक विकास में देरी, कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह व हृदय रोग। और शोधकर्ताओं का अनुमान है गर्भावधि में मामूली कमी से नवजात की देखभाल, विशेष शिक्षा, कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण बीमारी पर खर्च, और प्रभावित व्यक्तियों की कमाई में कमी जैसी समस्याओं से हर साल 1.1 अरब डॉलर से अधिक की हानि होती है। इसके अलावा, अश्वेत परिवारों या अविवाहित माता-पिता के बच्चों पर इसका असर अधिक देखा गया है। यह अध्ययन कुछ वैश्विक मुद्दे भी उजागर करता है। ब्राज़ील में, जहां अमेरिका की तुलना में दुगना ग्लायफोसेट उपयोग किया जाता है, वहां शिशु मृत्यु दर और बचपन में कैंसर की दर अधिक पाई गई है। एक दिक्कत है कि यह अध्ययन ग्लायफोसेट के व्यक्तियों से संपर्क की बजाय संपूर्ण ज़िलों के डेटा पर किया गया है। गर्भावस्था के दौरान माताओं के ग्लायफोसेट से प्रत्यक्ष संपर्क को मापने जैसे अधिक सटीक अध्ययन ज़रूरी हैं ताकि इसके प्रभावों को बेहतर तरीके से समझा जा सके। बहरहाल, इसके परिणामों की गंभीरता को देखते हुए नियामक एजेंसियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। **(स्त्रोत फीचर्स)**



## ललित सुरजन की कलम से

### जातिसूचक रैलियों पर प्रतिबंध

*'यह देखना कठिन नहीं है कि जाति के प्रश्न पर देश दो धड़ों में बंटा हुआ है। आज चूंकि देश का संविधान जाति के आधार पर भेदभाव की इजाज़त नहीं देता, इसलिए उसे खत्म करने या उसके अप्रासंगिक हो जाने की बात जो लोग करते हैं, वे एक तरह से अपना मन बहलाव ही करते हैं। यह सच है कि आज के समय में बहुतेरे नवयुवा जातिबंधन के परे जाकर प्रेमविवाह करते हैं, लेकिन इनका प्रतिशत कितना है? दूसरी तरफ अखबारों में जो वैवाहिक विज्ञापन छपते हैं, उनमें अन्य अहर्ताओं के साथ जाति की अनिवार्यता अथवा जाति का उल्लेख जिस प्रमुखता के साथ किया जाता है, वह क्या दर्शाता है? आईआईटी और आईआईएम से पढ़कर निकलने वाले बच्चे भी अपनी रूढ़िवादी मानसिकता के चलते स्वयं को जातिवाद से मुक्त नहींकर पाते हैं। सच तो यह है कि जो लोग जाति प्रथा अप्रासंगिक हो जाने की बात करते हैं, वे तथाकथित निचली जातियों के राजनीतिक या आर्थिक सशक्तिकरण से घबराए हुए लोग हैं।' 'देश के बड़े-बड़े शिक्षा संस्थानों में जहां आरक्षण के कारण दलित, आदिवासी और पिछड़े समुदायों के बच्चों को प्रवेश मिल जाता है, वहां आए दिन उनके साथ उच्च वर्ण के विद्यार्थियों द्वारा जो दुर्व्यवहार और उत्पीड़न किया जाता है, वह एक कड़वी सच्चाई है। यही स्थिति सरकारी दफ्तरों में भी है। निजी क्षेत्र की बात करें तो वहां सरकार की मंशा और अनुरोधों के बावजूद इनके लिए कोई व्यवस्था अभी तक नहींबनने दी गई है।'*

**(देशबन्धु में 18 जुलाई 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/07/blog-post_18.html

## आज प्रकाश पर्व

### सातवें नानक हरिराय साहिबजी

सिक्खों के सातवें नानक हरिराय साहिब जी का जन्म कीरतपुर में माता निहाल कौर की कोख से हुआ था। बाबा गुरुदिता छठवें नानक हरगोविंद जी के सुपुत्र के गृहग्राम रोपड़ जिला में हुआ था। इनका विवाह अनूप शहर निवासी दयाराम की सुपुत्री बीबी कृष्णा कौर के साथ हुआ था। इनकी दो संतानें राम राय और हरिकृष्ण थी। छठवें नानक हरगोविंद साहिबजी ने अपनी सांसारिक यात्रा समाप्त करने से पहले 1644 में गुरुता की गद्दी का उत्तरदायित्व अपने पोते हरिराय को सौंपकर सातवें नानक बना दिया था। सन् 1646 में भीषण अकाल पड़ा जो तीन वर्ष रहा। लोग दाने-दाने मोहताज होने लगे तब गुरुदेव ने घर में प्राप्त दसबंध की राशि अकाल पीड़ितों की मदद में खर्च कर दी ताकि उन्हें इस भीषण संकट में कुछ राहत मिल सके। उस वक्त बादशाह शाहजहां का शासन था। उसके आदेशानुसार हिन्दुओं के मंदिर तोड़-फोड़ कर मस्जिदें बनाई जा रही थीं। तब गुरुदेव ने इसका काफी विरोध किया क्योंकि सिख धर्म का यही सिद्धांत है न किसी को अकारण डराओ और न ही किसी से अकारण डरो। उन्होंने अपने पास 2200 घुड़सवारों की सेना बना रखी थी ताकि जरूरत पड़ने धर्म रक्षार्थ काम में आ सके। अपने धर्म प्रचार हेतु काफी यात्राएं भी की। रास्ते में मराझ गांव में आपके पास चौधरी भाई काला ने आपकी बहुत सेवा की। एक दिन वह अपने दो भतोजों को लेकर जिनके पिता का स्वर्गवास हो चुका था। तब गुरुदेव ने कहा कि ये यतीम नहीं रहेंगे इनकी संतानें सतलज से यमुना तक राज करेंगी। दूसरे दिन वह अपने बेटों को लेकर आया तब गुरुदेव न उन्हें देखकर कहा कि इन्हें भी किसी बात की कमी नहीं रहेगी। इनकी संतानें भी पटियाला नाभा, जींद रियासतों पर राज करेंगी। सिक्ख धर्म के प्रचार के साथ-साथ आपने कीरतपुर में एक दवाखाना भी खोला था जिसमें दुर्लभ दवाएं भी उपलब्ध थीं। एक बार शाहजहां के बीमार बेटे दारा के लिए हकीमों द्वारा तजबीज की गई दवा भी उसी दवाखाने में से दी गई थी। आपने कीरतपुर में बहुत से बाग भी लगवाये। एक बार आप अपने दादा गोविंद जी के साथ बगीचे में टहल रहे थे तब आप के कुड़ते के साथ अटक कर एक फूल की पंखुड़ी टूटकर गिर गई तब आपको बहुत दुख हुआ आपके दादाजी ने कहा कुड़ता संभाल कर रखना चाहिए। आपने शिक्षा उमर भर के लिए याद रखी। शाहजहां के बाद औरंगजेब गद्दी पर बैठे तब इनकी बढ़ती प्रतिष्ठा को देखकर भय पैदा हो गया। तब उसने गुरुदेव को दिल्ली बुलवाया। गुरुदेव खुद नहीं गये और अपने बेटे राम राय को यह समझा कर भेजा कि बादशाह द्वारा पूछे गये हर सवाल का जवाब गुरु घर के उसूलों अनुसार ही देना। दिल्ली में राम राय ने बादशाह द्वारा पूछे गए सवालों की जवाब गुरुमत के अनुसार दिया फिर एक सवाल पर गुरुग्रंथ साहिब में मिट्टी मुसलमान की पेड़े पई कुमिहार क्यों लिखा गया है? तब राम राय ने बादशाह को खुश करने के लिए कह दिया कि गलती से लिखा गया है ये मिट्टी बेईमान की होना चाहिए था। बादशाह इस बात से खुश होकर देहरादून की रियासतें ईनाम में दे दीं। उधर इस बात की खबर गुरु हरि राय जी को हुई तब उन्होंने तुरंत खबर भेजी कि तुमने गुरुग्रंथ साहिब की वाणी में तोड़ मरोड़ की है आज के बाद कभी भी मेरे नजदीक नहीं आएंगे। गुरु हरि राय जी अपना सारा जीवन धर्म प्रचार करने में व्यतीत किया। इस तरह आपके समय को शांतिकाल भी कहा जा सकता है। आपने अपना अंतिम समय निकट जानकर गुरु गद्दी छोटे बेटे हरि कृष्ण राय को सौंप दी। उसके बाद 1961 में परलोक सिधार गए। आज उनके प्रकाश दिवस पर यह प्रण करें कि अपनी नेक कमाई से दसबंध निकालकर दीनदुखियों की सेवा में, जरूरतमंदों की मदद में खर्च करेंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

# एक्सरे कराने भटक रहे मरीज

## जिला अस्पताल में समय से पहले बंद हो जाता है एक्सरे विभाग

### आए दिन एक्सरे फिल्म न होने का रोना

**जबलपुर, देशबन्धु।** सेठ गोविंददास जिला अस्पताल विक्टोरिया में एक्सरे कराने आने वाले मरीज एक्सरे विभाग के चक्कर लगा-लगाकर थक जाते हैं किन्तु उनका एक्सरे नहीं होता। समय से करीब 1 घंटे पूर्व बंद होना इसकी बड़ी वजह बताई जाती है। आए दिन एक्सरे फिल्म न होने का रोना भी रहता है।

बताया जाता है कि विक्टोरिया अस्पताल की ओपीडी शुरू होने का समय सुबह 8.30 बजे है और बंद होने का समय दोपहर डेढ़ बजे है। लेकिन एक्सरे विभाग में कार्य मध्यान्ह 12. 30 बजे के करीब बंद कर दिया जाता है, इस कारण एक्सरे के लिए आए मरीज चक्कर लगाकर अंततः थक हारकर वापिस चले जाते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ओपीडी में जांच कराने आए अस्थि मरीजों अथवा अन्य मरीजों को संबंधित चिकित्सक द्वारा एक्सरे के लिए भेजा जाता है। मध्यान्ह साढ़े बारह




बजे तक तो एक्सरे किया जाता है। किन्तु इसके बाद विभाग के टेक्नीशियन द्वारा दरवाजा बंद करवा दिया जाता है। लोग बंद दरवाजा देखकर दूर से ही लौट जाते हैं।

**दूर दराज से भी आते हैं मरीज**- विदित हो कि जिला अस्पताल विक्टोरिया महाकौशल का सबसे बड़ा जिला अस्पताल माना जाता है। इसलिए यहां पर मरीज अन्य जिलों से भी आते हैं। ऐसी स्थिति में अन्य जिलों से आने वाले मरीजों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### शाम की ओपीडी में भी नहीं खुलता एक्सरे विभाग

यहां उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक ओपीडी लगती है। हालांकि शाम को मरीज कम ही आते हैं, फिर भी यदा-कदा कोई मरीज एक्सरे कराने आता है तो उसे एक्सरे विभाग के दरवाजे बंद ही मिलते हैं।

ज्ञात हो कि एक्सरे विभाग में एक्सरे फिल्म न होने का रोना आए दिन रहता है, कभी विभाग खुला भी रहता है तो कर्मचारी एक्सरे फिल्म का रोना रोकर एक्सरे करने से मना कर देते हैं।

### इनका कहना है

एक्सरे कराने आने वाले मरीजों की तकलीफ में समझ सकता हूं, शीघ्र ही विभाग की व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा।

**- डॉ. नवीन कोठारी**
सिविल सर्जन जिला अस्पताल.

## प्रधानमंत्री की विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा का मॉडल स्कूल में होगा सीधा प्रसारण

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार 10 फरवरी को सुबह 11 बजे विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल में भी किया जायेगा।



इसके लिये मॉडल स्कूल के सभागार में विशाल स्क्रीन लगाई गई है। विद्यार्थियों के साथ शिक्षक भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## चौरसिया समाज द्वारा मां नर्मदा को चढ़ाई गई 251 मीटर की चुनरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मां नर्मदा के तट गौरीघाट में चौरसिया समाज जबलपुर के न्यू सखी सहेली ग्रुप की सभी महिलाओं ने सर्वप्रथम पूजन अर्चन कर एक छोर से दूसरे छोर तक 251 मीटर की मनभावन चुनरी मैय्या को चढ़ाकर सकल चौरसिया समाज के परिवारों पर पूज्य माई सुख समृद्धि,उत्तम स्वास्थ्य, उत्तम सोच की कृपा बरसाकर धन्य करें,कामना की। इस अवसर पर परसादी का वितरण हुआ। इस पुनीत कार्य में सभी सहयोगी मातृशक्ति जिनमें श्रीमती मोहिनी प्रकाश,माधुरी शिवचरण,प्रतिभा जगदीश,रजनी गोपाल,सुमन हरीश, वंदनाअखिल, कुसुम श्याम, सरिता भगवान,देवेश्वरी तपन मोदी,लता दीदी,अलका जमना, दीपाली विजय, सुप्रिया अनुराग, नेहा नीतेश, मालाजी, चंद्रवतीजी व प्रज्ञा चौरसिया आदि की उपस्थिति रही।



## पशुपालन व डेयरी विकास से प्रदेश में बढ़ेगी समृद्धि :मंत्री पटेल

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल कटंगी रोड स्थित रॉयल पैलेस में कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों के साथ सरकार की कल्या णकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्हों ने कहा कि पशुपालन व डेयरी विकास के लिए प्रदेश सरकार लगातार बेहतर कार्य कर ही है।

पशुपालन व डेयरी से प्रदेश निश्चित ही समृद्धि की ओर अग्रसर होगा। इस दौरान जेएनकेव्हीपव्ही के पूर्व छात्रों ने मंत्री श्री पटेल का सम्मान भी किया। सम्मे लन में शामिल होने के बाद मंत्री श्री पटेल दमोह के लिए रवाना हुए।

## कलेक्टर ने महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा का लिया जायजा



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्ट र दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने आज सिहोरा के समीप प्रयागराज कुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ और उनकी सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये। ज्ञात हो कि प्रयागराज कुंभ में सभी की अद्भुत श्रद्धा व आस्था है। लेकिन यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम स्टेशन को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। सिहोरा-कटनी-रीवा के रास्ते अभी हाइवे पर काफी वाहन आ जाने से जाम की स्थिति बनी हुई है, इस जाम की स्थिति से निजात के लिए कलेक्टर व एसपी ने आवश्यक मार्गदर्शन दिया। पुलिस भी लगातार यात्रियों की सुरक्षा व सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यवक निर्देश दे रही है।

# संगठन के कार्यों का निष्पादन करना सामूहिक जिम्मेदारी : राकेश सिंह



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन के जो कार्य बताए गए हैं उन्हे पूरी जिम्मेदारी से करना ही अपना कार्यकर्ता भाव प्रकट करना होता है। पार्टी के कार्यक्रमों को पूरा करने का दायित्व सभी का है क्योंकि संगठन के कार्यों का निष्पादन करना सामूहिक जिम्मेदारी होती है। यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भाजपा जबलपुर महानगर की जिला बैठक में रानीताल स्थित संभागीय कार्यालय में कही।

भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, तैलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमे पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

सांसद आशीष दुबे ने बैठक को संबोधित करते हुए दिल्ली की एतिहासिक विजय की शुभकामनाएं देते हुए कहा भाजपा का मूल कार्यकर्ता है और संगठन पर्व में बूथ, मंडल और जिले के निर्वाचन के बाद अब जिस काम के लिए हमे आदेशित किया जाएगा हम अपनी अपनी भूमिका का निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

महापौर जगतबदाहुर सिंह अन्नू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने आगामी कायक्रमों को लेकर जो जबाबदारी दी है उसे हम सभी मिलकर नव निर्वाचित अध्यक्ष के साथ मिलकर पूरा करने का प्रयास करेंगे।

भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बैठक में आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 11 फरवरी को पं दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आजीवन सहयोग निधि समर्पण कार्यक्रम, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजन और केंद्रीय बजट पर प्रबुध्जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में पूर्व महापौर सदानंद गोड़बोले, श्रीमती स्वाति गोडबोले वरिष्ठ नेता राजकुमार मेहता, राममूर्ति मिश्रा, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्रीमती अश्वनी परांजपे, जिला महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, संदीप जैन, सुषमा जैन, अशोक सिंघई, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, कैलाश साहू, जय सचदेवा, अंजू भार्गव, तृष्णा चटर्जी, हर्षित सिंघई रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, कुंडल राव, संतोषी ठाकुर, डिंपी विश्वकर्मा, कमलेश राजन, मालती चौधरी, कमलेश अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रशांत केसरवानी, रविंद्र पचौरी, संजय नहातकर, सिद्धार्थ शुक्ला, संजय यादव, योगेंद्र सिंह, शिवा चौधरी, रूपा राव, श्रीकांत साहू, रवि शर्मा, उपस्थित थे।

# प्रयागराज महाकुंभ के लिए सिहोरा से आगे तक हजारों वाहन लगा महाजाम




### पुलिस कर रही वापस लौटने अपील

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में शामिल होने जा रहे श्रद्धालुओं की भीड़ से अचानक रविवार को हालात महाजाम के हो गए।

जबलपुर से भी बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु कल और परसों के बीच में प्रयागराज रवाना हुए हैं। रीवा के आगे चाकघाट तक लगातार जाम ही जाम की स्थितियां बताई जा रही हैं।

हजारों वाहन सड़कों पर खड़े हैं, जिसके कारण हाईवे पर मेला लगा है, ढाबा-होटल तक में खाना-पीना सब मुश्किल है, बढ़ती भीड़ के कारण महिलाओं बच्चों की चिंता है, हालत ये है कि वीआईपी तक की गाड़ियां फंसी जाम में फंसी है। वापस जाने के लिए भी वाहन पीछे करना मुश्किल हो रहा है वीडियो फुटेज आदि से पता चल रहा है कि जबलपुर के सिहोरा से आगे स्लीमनाबाद, कटनी, मैहर से रीवा उसके आगे चाकघाट से इलाहाबाद तक जाम लगा हुआ है। कटनी के झुकेही के बाद से तो ऐसा जाम लगा है जो धीरे आगे बढ़ रहा है।

जबलपुर जोन के आईजी अनिल कुशवाहा के अनुसार प्रयागराज में बढ़ते वाहनों के दबाव के चलते जबलपुर संभाग में जगह-जगह पुलिस द्वारा वाहनों रोका गया है आगे की स्थिति खुलने पर बाकायदा उनको यहां से रवाना किया जाएगा तब तक पुलिस प्रशासन उनकी व्यवस्था कर रहा है।

इस स्थिति को सम्हालने उत्तरप्रदेश सहित मध्यप्रदेश शासन अलर्ट हैं। लोगों द्वारा अपने-अपने वाहनों से इलाहाबाद पहुंचने रवाना होने वाले श्रद्धालु जबलपुर सिहोरा से ही जाम में फंसते जा रहे हैं। इसके चलते आसपास रहने वाले लोगों, ग्रामीणों और रास्ते में पड़ने वाले शहर, कस्बे, गली, मोहल्लों के वाशिंदों तक को अपने घर वापस जाना मुश्किल हो गया है।

प्रशासन ने भी कुंभ जा रहे लोगो को लेकर सूचना जारी की है और कहा कि जो लोग कटनी रीवा के रास्ते प्रयागराज संगम स्नान हेतु आ रहे हैं अभी हाइवे पर काफी वाहन आ जाने से जाम की स्थिति बनी हुई है। ट्रैफिक रोक दिया है।

हालत ये है कि जो श्रद्धालु शनिवार को प्रयागराज के लिए जबलपुर से निकले थे वे रविवार शाम चाकघाट तक पहुंचे हैं। अभी भी 24 घंटे से ज्यादा समय लगेगा। इस भयंकर जाम का जायजा लेने कलेक्टर एसपी पहुंचे।

## फरीदाबाद में उर्वरक गुण नियंत्रण प्रशिक्षण में शामिल हुये कृषि अधिकारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला एवं प्रशिक्षण केंद्र फरीदाबाद, हरियाणा में आयोजित पाँच दिवसीय गुण नियंत्रण प्रशिक्षण में शामिल होने के बाद जिले के चार कृषि अधिकारी रविवार को जबलपुर पहुंचे। तीन फरवरी से सात फरवरी तक आयोजित इस प्रशिक्षण में अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन श्रीमती इंदिरा त्रिपाठी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा श्रीमती मनीषा पटेल, सहायक संचालक श्रीमती कीर्ति वर्मा एवं सहायक संचालक रवि आम्रवंशी शामिल हुये थे।

उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास डॉ एस के निगम ने यह जानकारी देते हुये बताया कि प्रशिक्षण में कृषि अधिकारियों को कृषि फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 में हुए संशोधन और उर्वरकों के गुण नियंत्रण के संबंध में सूक्ष्मता से जानकारी दी गई है, जिसका जिले के किसानों को भरपूर लाभ मिलेगा।

डॉ निगम के मुताबिक जिले में 24 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ, 28 हजार हेक्टेयर क्षेत्र रबी एवं लगभग 1 लाख 10 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में जायद फसलों की बोनी की जाती है । उन्होंने बताया कि जिले में प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 25 हजार मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता होती है।

# ब्राम्हण समाज करेगा विधानसभा का घेराव

## टिमरी हत्याकांड के विरोध में 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कार धानी विप्र बंधु उत्तर प्रदेश से सर्वेश पांडे दमोह सागर टीकमगढ़ मनोज देबलिया संपूर्ण ब्राह्मण मंच से धनंजय बाजपेई डॉक्टर अरुण मिश्रा यदुवंश मिश्रा ने पाटन क्षेत्र में चार ब्राह्मणों की हत्या की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि क्रोधित ब्राम्हण समाज आगामी दिनों में मध्यप्रदेश विधान सभा का घेराव करेगा।

आगे कहा गया है कि ब्राह्मण समाज जो सनातन संस्कृति का रक्षक है वही अपने आपको सबसे अधिक असुरक्षित महसूस कर रहा है। उधर पीड़ित परिवार न्याय मांग रहा है दूसरी ओर अपराधियों के हौसले बुलन्द हैं।

अवैध निर्माण आज भी यथावत वैसे ही है कोई कार्रवाई नहीं हुई कॉल डिटेल से यह बात सामने आई कि भारतीय जनता पार्टी का नेता अपराधियों का संरक्षण कर रहा है। क्या भारतीय जनता पार्टी जुआ सट्टा खिलाने वालों को संरक्षण प्रदान करती है। ब्राह्मण समाज ने कहा है कि अगर सरकार नहीं जागी तो मध्य प्रदेश विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

ब्राह्मण समाज ने 11 सूत्रीय मांग पत्र शासन के नाम सौंपकर पीड़ित परिवार को अधिक से अधिक मुआवजा देने की मांग की है। जबलपुर से संपूर्ण ब्राह्मण मंच, सनाढ्य ब्राह्मण परिषद संस्कार



ब्राह्मण ,सदर ब्राह्मण, समाज कन्यकुब्ज, ब्राह्मण परिषद परशुराम ब्राह्मण रजिस्टर संघ आदि शामिल हुए। इस अवसर पर सर्वश्री अंकित तिवारी सर्वेश तिवारी उत्तम पांडे अवधेश बलिया नवीन शर्मा केशव पांडे उत्तम तिवारी पुरुषोत्तम शुक्ला आदि ने विचार व्यक्त किये।

## गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल एवं हार्ट रिसर्च एसोसिएशन के तत्वावधान में वर्कशॉप का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल एवं हार्ट रिसर्च एसोसिएशन के तत्वावधान मे ईको जबलपुर 2025 वर्कशॉप का आयोजन होटल सत्य अशोका, जबलपुर में सफलतापूर्वक किया गया। इस उपलक्ष्य पर ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ पुष्पराज पटेल और ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ आंजनेय मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। इस सम्मलेन में मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, डायबिटीज और मध्यप्रदेश से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लेकर इको के संबंध में नई तकनीक के बारे में जाना। चेन्नई के वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक डॉ. आर अलगेशन और बेंगलूर के डॉ सतीश गोविन्द ने अपने व्यख्यान इकोकार्डिओग्राफी की बारीकी और नवीनतम पद्दति पर अपने विचार रखे। इस कार्यशला में इकोकार्डियोग्राम परीक्षण और अल्ट्रासाउंड की चलती तस्वीरों की मदद से हृदय की संरचना और कार्य के बारे में जानकारी प्रदान करी गई है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश में उपस्थित चिकित्सकों जैसे भोपाल खंडवा बैतूल छिंदवाड़ा बालाघाट सिवनी दमोह से डॉ. सुशील केली , डॉ डी एस बहरानी, डॉ वी के भरद्वाज, डॉ विजय चावला, डॉ प्रशांत पुणेकर, डॉ नलिनी सिंघई, डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. अमित किनारे, डॉ. विशाल कस्तवार, डॉ अखिलेश तिवारी, डॉ अजय तिवारी आदि चिकित्सको ने कॉन्फ्रेंस में बढ़ चढकर भाग लिया आयोजन को सफल बनाने में डॉ पुष्पराज पटेल जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## राजर्षि परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाली अंडर 22 राजर्षि परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी के इंटर डिविजनल मैच आज से नीमखेड़ा मैदान पर प्रारंभ हो रहे हैं। प्रतियोगिता का पहला मैच सागर संभाग और जबलपुर संभाग के बीच प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ होगा। चार दिवसीय इस मैच के लिए जबलपुर संभाग की टीम मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पूर्व में ही घोषित कर चुका है। जबलपुर के टीम मैनेजर और कोच का दायित्व पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी चंद्रकांत साकोरे को सौंपा गया है। इस मैच के अंपायर सचिन पाराशर एवं विशाल शर्मा तथा स्कोरर का दायित्व प्रखर जैन निभाएंगे।

## रेल मंडल में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में तीन क्रिकेट मैच खेले गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में रविवार को 3 क्रिकेट मैच खेले गए।

इसमें पहले मैच में ऑपरेटिंग ने टीआरडी को 7 विकेट से हराया ऑपरेटिंग की ओर से शहजाद ने 35 रन बनाए और अपनी टीम को जीत दिलाई वही दूसरा मैच सिग्नल एवं दूरसंचार और मेडिकल के बीच में खेला गया मेडिकल ने पहले बैटिंग करते हुए 54 रन बनाए और सिग्नल एवं दूरसंचार ने 4 ओवर में ही पूरा कर लिया सिग्नल एवं दूरसंचार की ओर से वसीम ने 26 रन बनाए और अपनी टीम को जीत दिलाई वही आज का तीसरा अंतिम मैच अकाउंट और टीआरएस एनकेजे के बीच खेला गया जिसमें टीआरएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ 103 रन बनाए और इस मैच में एक अर्ध शतक राहुल यादव



के नाम पर आया 20 बॉल में 60 रन सात छक्के और चार चौके योगदान रहा और इस मैच में सहायक वित्त प्रबंधक मोहम्मद शाहिद हुसैन ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका परिचय लिया।

मैच के अंपायर रहे विक्रम जनसारी, कैलाश यादव, हसन अली, असलम अली, गुलाम गौस अंतर विभागीय प्रतियोगिता में खेलकूद अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत साहू, सहायक वित्त प्रबंधक प्रशांत अहिरवार, सहायक कार्मिक अधिकारी सचिपति नंदन, मंडल खेलकूद सचिव सुबोध मुकुन्द गोसावी, रोशन यादव, रामदयाल सनोडिया, गणेश श्रीवास्तव, एवं अन्य उपस्थित थे।

## साड़ी वॉकथान 2.0 में हजारों महिलाओं ने दिया संदेश, निकाली रैली



**जबलपुर, देशबन्धु।** भंवरताल गार्डन में रविवार की सुबह-सुबह शहर भर से अलग-अलग संस्थाओं से करीब पांच हजार से अधिक महिलाओं ने साड़ी वॉक्थान 2.0 का हिस्सा लेकर जन संदेश दिया। एक ग्रुप पर्यावरण का संदेश दे रहा था तो कोई ग्रंप साड़ी अलग-अलग संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं विभिन्न रंगों की साड़ी पहने कई संदेशों के साथ स्लोगन लिए उपस्थित थीं। काजल ने बताया कि महिलाएं अपने परिवार, बच्चों के साथ पूरे समय समर्पित रहती हैं। ऐसे में वह थोड़ा समय निकाल सके इसके लिए एक कार्यक्रम विभिन्न ग्रुपों के संयुक्त अभियान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बहुत सी संस्थाओं ने भाग लिया। इस दौरान सुबह महिलाओं की एक रैली भी निकाली गई। रैली भंवरताल से होते हुए पुराने बस स्टेण्ड पहुंची, वहां से तीन पत्ती, मालवीय चौक, करम चंद चौक होते हुए नीदराब्रिज होते हुए वापस भंवरताल पहुंची। रैली में ऊर्जा संस्थान, पतंजलि, कोठारी ब्रदर्स, समदडिया ग्रुंप, मां गायत्री, कदम ट्री, शासनोदय, मुनि सुब्रतनाथ महिला परिषद हनुमानताल, बंगाली क्लब, वुमेन क्लब सहित अन्य बहुत सारी संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं शामिल हुईं।



## आयुर्वैदिक काढ़ा का निशुल्क वितरण आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** सर्दी जुकाम बुखार खांसी के लिए निशुल्क आयुर्वेदिक काढा का वितरण 10 फरवरी से 20 फरवरी तक बड़े फुहारा खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में प्रात: 9 बजे से रात के 9 बजे तक निशुल्क वितरण किया जाएगा एक चम्मच काढ़ा तुलसी की पत्ती मिलकर उबालकर छानकर पीने से फायदेमंद होता है। उपस्थिति की अपील स्पर्श अग्रवाल संस्कार अग्रवाल ने की है।

## डॉ. सुमित्र ने शिक्षा, कला, साहित्य, पत्रकारिता में अप्रतिम योगदान दिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** डॉ. सुमित्र ने शिक्षा, कला, साहित्य, पत्रकारिता में अप्रतिम योगदान दिया। उनके व्यक्तित्व-कृतित्व के संस्मरण पीढ़ियों को मार्गदर्शित करेंगे। संतोष नेमा द्वारा डॉ सुमित्र के संस्मरण प्रकाशन का यह कार्य स्तुत्य है। उन्होंने संस्मरण संकलन के साथ अधरों पर मुस्कान दोहाकृति के माध्यम से जीवन-दर्शन और अध्यात्म के विविध पक्षों पर सकारात्मक सृजन किया है। उनका सृजन समाज के लिए प्रेरक प्रभावी सृजन है।



तदाशय के उद्गार मंथनश्री एवं पाथेय संस्था के तत्वावधान में आयोजित संतोष नेमा संतोष की दो कृतियां सुमित्र संस्मरण एवं अधरों पर मुसकान का विमोचन करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए।

समारोह के मुख्य अतिथि मदन तिवारी वरिष्ठ समाजसेवी थे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की। विशिष्ठ अतिथि विजय बागरी, अमरेन्द्र नारायण, प्रतुल श्रीवास्तव थे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ.सुमित्र के सृजन में जीवन का सौंदर्य भाव समाहित है,उनके व्यक्तित्व की आभा ने पीढ़ियों को दिशा दी। आचार्य भगवत दुबे ने संतोष नेमा के दोहों के प्रेरक प्रभावी पक्ष पर प्रकाश डाला।

**इनका हुआ सम्मान** - समारोह में अशोक मनोध्या, पं. संतोष शास्त्री, डॉ. विजय तिवारी किसलय, डॉ. सलमा जमाल, मदन श्रीवास्तव, अर्चना द्विवेदी, डॉ. गोपाल दुबे, रूपम वाजपेयी, कविता नेमा को सम्मानित किया। कु.आराध्या प्रियम को उनकी उपलब्धियों के लिए अभिनंदित किया गया। अतिथियों के साथ राजेश पाठक प्रवीण,राजेन्द्र मिश्रा,सुभाष शलभ,संदीप जैन,प्रभा विश्वकर्मा, प्रीति नामदेव,गणेश प्यासा,संगम त्रिपाठी, डॉ हर्ष तिवारी,ने सम्मानित किया।पाथेय से रश्मि पाठक ने श्री नेमा जी की प्रथम कृति क्रय की। अपनी डांस फेमिली से दीप्ति उपाध्याय, शैलजा एवं अपर्णा ने गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया।आभार आशुतोष तिवारी ने व्यक्त किया। समारोह में इरफान झांसी, महेश स्थापक, दिवाकर शर्मा, डॉ. सुरेंद्र लाल साहू,छाया सिंह, छाया, त्रिवेदी, मीना भट्ट,वंदना सोनी, विनीता पैगवार,डॉ अनिल कोरी,अतुल तिवारी, लवसिंह मिश्रा, डॉ.अरविंद झिगरन,सुभाष जायसवाल, विजय जायसवाल, पुरुषोत्तम भट्ट,संदीप नेमा, राकेश सुषमा, स्वाति,सरिता,मनोहर सोनी, उमेश,चंद्रभान नेमा,महेश राय,आदि ने श्री नेमा को सम्मानित किया।

## माघ पूर्णिमा में पवित्र नदियों में स्नान का महत्व

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिंदू धर्म में माघ महीने की पूर्णिमा तिथि का बड़ा महत्व है। इसे माघी पूर्णिमा कहते हैं। मान्यता है कि इस दिन स्नान, दान-पुण्य और व्रत से सभी पाप नष्ट होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

सनातन धर्म में माघ महीने की पूर्णिमा तिथि को बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन भगवान विष्णु , मां लक्ष्मी और चंद्रदेव की पूजा-अर्चना की जाती है। द्रिक पंचांग के अनुसार, इस साल 12 फरवरी 2025 को माघ पूर्णिमा है। इस दिन को माघी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस विशेष दिन गंगा नदी में स्नान और दान-पुण्य के कार्य शुभ फलदायी माने जाते हैं।



मान्यता है कि ऐसा करने से साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है और सभी पापों से मुक्ति मिलती है। शास्त्रों के अनुसार, माघ पूर्णिमा के दिन गंगा,यमुना समेत अन्य पवित्र नदी में स्नान करने से सभी कष्टों से छुटकारा मिलता है और कई गुना ज्यादा पुण्य फलों की प्राप्ति होती है।

द्रिक पंचांग के अनुसार, माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 11 फरवरी 2025 को शाम 06 बजकर 55 मिनट पर होगी और अगले दिन शाम को 7 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, 12 फरवरी 2025 को माघ पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस साल माघ पूर्णिमा के दिन सौभाग्य और शोभन योग का शुभ संयोग बन रहा है। जिससे इस दिन स्नान-दान के कार्यों का महत्व कहीं अधिक बढ़ जाता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माघ पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान करने से साधक के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। माघ पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान करना अत्यंत शुभ माना गया है। इसलिए इस दिन सुबह जल्दी उठकर ब्रह्म मुहूर्त में पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए।

मान्यता है कि इससे आध्यात्मिक उन्नति, पुण्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है। माघ पूर्णिमा के दिन अन्न-धन,तिल, गुड़ और घी का दान करना भी बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन पितरों की आत्माशांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान भी किया जाता है। साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन खिलाना चाहिए।

## नर्मदा तटों पर लगेगा माघ मेला

**जबलपुर, देशबन्धु।** इलाहाबाद के तीर्थ राज प्रयाग के गंगा तट की तरह भेड़ाघाट के नर्मदा तट पर भी माघ मेला लगेगा। दूर-दराज के श्रद्धालु नर्मदा तट पर भी माघ कल्पवास कर सकेंगे। नर्मदा पंचकोसी परिक्रमा समिति से जुड़े लोगों ने यह व्यवस्था की है। माघ पूर्णिमा को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से पूर्णिमा को सुबह 8.30 बजे परिक्रमा शुरू होगी। हम आपको यहां माघ मास का महत्व और इस दौरान किए गए शुभ कर्मों का फल क्या है-



सनातन संस्कृति में हर माह और ऋतु से संबंधित कुछ धार्मिक कार्यों का महत्व बताया गया है। माघ मास में शीत का प्रभाव कम होने लगता है। इसलिए यह माह दान-स्नान के लिए उत्तम माना गया है। पौष की पूर्णिमा से लेकर माघ की पूर्णिमा तक किसी तीर्थ या पवित्र सरोवर-नदी आदि के जल से स्नान करने से पाप-दुर्भाग्य दूर होते हैं।

शास्त्रों में माघ मास का अनेक दृष्टिकोण से महत्व बताया गया है। इस समय नियमपूर्वक स्नान करने से तन-मन के विकार दूर होते हैं। स्नान के बारे में कहा गया है कि सूर्योदय से पूर्व का समय ही इसके लिए उत्तम है। सूर्योदय के बाद जल में पाई जाने वाली सकारात्मक शक्ति धीरे-धीरे कम होने लगती है और दोपहर तक वह काफी कम हो जाती है। सूर्योदय के बाद स्नान करने से जल के औषधीय गुण प्राप्त नहीं होते। इसलिए माघ स्नान सूर्योदय से पहले करना चाहिए।

जो भी मनुष्य इस पवित्र ग्रंथ का दान करता है उसके दुख-दोष दूर होते हैं और उसे ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है। साथ ही अन्य आध्यात्मिक ग्रंथ भी दान में दिए जा सकते हैं। अगर माघ की अमावस्या के दिन प्रयाग में दान-स्नान किए जाएं तो यह भी अत्यंत शुभ फलदायी होता है। जो तिल का दान करता है उसे नरक की प्राप्ति नहीं होती तथा उसके पितृदेव भी उस पर सदैव प्रसन्न रहते हैं। माघ में शुभ संकल्प करने से जीवन की बाधाओं का निवारण होता है। इस मास में उपवास करने वाला भगवत्कृपा प्राप्त करता है।

कोई भी विशेष स्नान उपवास तथा दान के बिना पूर्ण नहीं होता। पूर्णिमा और अमावस्या का स्नान खास फलदायी माना जाता है। स्नान के बाद किसी विद्वान, सदाचारी ब्राह्मण अथवा जरूरतमंद व पात्र व्यक्ति को अन्न, वस्त्र, धन आदि का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। माघ मास की पूर्णिमा के दिन दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के पश्चात वस्त्र, कंबल, सूती कपड़े जूते, छाता, अन्न आदि वस्तुओं का सामर्थ्य के अनुसार दान देना चाहिए। माघ मास के मघा नक्षत्र से युक्त होने के कारण इसका नामकरण माघ हुआ है।

## नितिन जैन डिस्ट्रिक्ट मीडिया चैयरमेन नियुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रांतपाल रोटे अमित जयसवाल (25-26) द्वारा असिस्टेंट गवर्नर रोटे अंकुर माहेश्वरी की अनुशंसा पर रोटरी क्लब संस्कारधानी के पूर्व अध्यक्ष रोटे. नितिन जैन डिस्ट्रिक्ट मीडिया चैयरमेन नियुक्त किया गया है।





आपका कार्य क्षेत्र मप्र, छत्तीसगढ़, उड़ीसा रहेगा।

साथ ही मीडिया को- चेयरमैन के पद पर रोटे मनोज रॉय, रोटे संगीता चंद, रोटे पंकज माहेश्वरी, नरिंदर सिंह छाबड़ा,सुनील कायल,संजय दुबे को नियुक्त किया गया है। आप सभी नवीन पदाधिकारी रोटरी वर्ष 25-26 में संपूर्ण रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रचार प्रसार के कार्य का निर्वहन करेगे ।



**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना लार्डगंज द्वारा गरीब नवाज कमेटी को सूचना मिली कि मृतिका किरण पटेल निवासी चेरीताल गढ़ा की बहन राधा मृतिका का अंतिम संस्कार करने में असमर्थ है। जिसके बाद गरीब नवाज कमेटी द्वारा मृतिका का अंतिम संस्कार मृतिका की बहन राधा के हाथों तिलवारा मुक्ति धाम में कराया गया।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 10 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। माघ शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र-पुनर्वसु ।**

**मेष**
आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे।

**वृषभ**
व्यापार में वृद्धि होने के साथ सौदे लाभदायक साबित होंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। बुजुर्गों तथा मित्र मंडल से लाभ और सुखद क्षणों का अनुभव मिलेगा।

**मिथुन**
शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी - व्यवसाय में आपके परिश्रम का लाभ मिलता हुआ प्रतीत होगा। अधिकारी के प्रोत्साहन से आपका उत्साह बढ़ेगा। स क-

**कर्क**
आज आपके लिए काफी आरामदायक दिन है। हर काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति होने के योग हैं।

**सिंह**
आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरुरत है। बीमारी के कारण मेडिसिन पर खर्च करना पड़ सकता है। क्रोध और वाणी को वश में रखें।

**कन्या**
सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रों में ख्याति या सम्मान प्राप्त होगा। नए कपड़े और आभूषण खरीदने में आपकी रुचि हो सकती है। वाहन सुख प्राप्त होगा। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे बनेंगे।

**तुला**
आज का आप का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरने वाला है। दोस्तों का साथ जीवन को महकाता रहेगा। नए वस्त्रों की खरीदी होगी।

**वृश्चिक**
आज यात्रा प्रवास का आयोजन न करें। स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। संतान के संबंध में समस्याएं खड़ी होंगी। स्वाभिमान भंग न हो इसका ध्यान रखें।

**धनु**
आज किसी घरेलू मामले को लेकर मानसिक तनाव होने की आशंका है। मन में उठनेवाली दुविधाओं से आप मानसिक उचाट अनुभव करेंगे।

**मकर**
आज आप रणनीति में शत्रुओं को परास्त करेंगे। नए काम के आरंभ के लिए तैयार रहें। सफलता मिलेगी। आपके सभी काम सफल रहेंगे। व्यापार- धंधे में लाभ होगा।

**कुंभ**
मन में दुविधाएं होने से आप कोई ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**मीन**
आज का दिन आनंद और उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। घर में किसी मांगलिक प्रसंग का आयोजन होगा। नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ दिन है।

सगे- म.

## महाकोशल चेम्बर के चुनाव 09 मार्च को होंगे

### सदस्यता सूची प्रकाशित

जबलपुर, देशबन्धु। महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की कार्यकारणी समिति की बैठक में चेम्बर पदाधिकारियों के चुनाव पर निर्णय लेते हुए तय किया गया की चुनाव 09 मार्च 2025को कराया जाएगा।

चुनाव घोषणा के साथ ही सदस्यता सूची का प्रकाशन किया गया। चेम्बर के संविधान की धारा 22 के तहत सदस्यता सूची प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों का समय आपत्तियों के लिए होगा। प्रकाशित सदस्यता सूची चेम्बर कार्यालय में उपलब्ध है। कार्यालयीन समय में इक्छुक सदस्य निरिक्षण कर सकते है एवं आवश्यकतानुसार आपत्ति दर्ज करा सकते है प्राप्त आपत्ति पर संविधानुसार कार्यवाही की जाएगी। सभी सदस्यों से निवेदन है कि चेम्बर चुनाव कार्यवाही में उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। आज की कार्यकारणी समिति की बैठक में महाकोशल चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, हेमराज अग्रवाल, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, अनूप अग्रवाल, राकेश गिरदौनिया, समीर कुमार पाल, संतोष पटेल, सुधीर सोनकर, दिलीप तलरेजा,नंदलाल कुन्दवानी, प्रदीप बिस्वारी, संतोष यादव, संजय टेकचन्दानी, विनोद पहरिया, केवल सावलानी,शत्रुघ्न सिंह, मगन भाई पटेल, संतोष अग्रवाल, वीरेन्द्र केसरवानी, भोला प्रसाद साहू, प्रदीप मध्यानी,परेश सिंघवी आदि सदस्यगण उपस्थिति रहें।



## शब ए बारात की तैयारियां जोरों पर

**जबलपुर, देशबन्धु।** शब-ए-बारात की तैयारियों को लेकर कब्रिस्तान की सफाई के लिए चार पार्षदों के नेतृत्व में सफाई विभाग का अमला मैदानी स्तर पर उतर गया हैं। 13 फरवरी को मुस्लिम समाज का महत्वपूर्ण पर्व शब-ए-बारात है, इस मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों का कब्रिस्तान जाना जरूरी होता है। स्वच्छता अभियान को भी ध्यान में रखते हुए इस पवित्र स्थान (मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान) की सफाई के लिए मुस्लिम क्षेत्र के ठक्कर ग्राम वार्ड पूर्व एमआईसी सदस्य पार्षद गुलाम हुसैन, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी, अब्दुल कलाम आजाद वार्ड पार्षद सरदार अख्तर अंसारी, अशफाक उल्ला खान वार्ड पार्षद वकील अहमद अंसारी ने अपने-अपने वार्ड के सफाई कर्मचारी, सुपरवाइजर, टिप्पर, जेसीबी मशीन आदि संसाधनों के साथ पूरी टीम लेकर शनिवार को सफाई अभियान के लिए मैदानी स्तर पर उतरे। जहां 12 टिप्पर कचरा और कई ट्राली मलमा उठाकर कब्रिस्तान के एक हिस्से को साफ किया गया। यह अभियान लगातार 13 फरवरी तक चलाया जाएगा सभी पार्षदों साथियों ने कब्रिस्तान आने वाले सभी ज़ायरीन से कब्रिस्तान को स्वच्छ रखने और सफाई व्यवस्था में सहयोग करने एवं कचरे को कचरा गाड़ी में डालने की अपील की है जिससे कि पूरा क्षेत्र साफ सुथरा रहे।

## डुमना नेचर पार्क में बच्चों का होगा भरपूर मनोरंजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** पर्यटकों को जबलपुर में रोकने के लिए प्रशासन महाकोशल के सबसे बड़े शहरी जंगल डुमना नेचर पार्क को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में जुटा हुआ है। अब नगर निगम द्वारा यहां बच्चों के मनोरंजन के लिए टाय ट्रेन में परिवर्तन कर डीजल की जगह इलेक्ट्रिक टाय ट्रेन चलाने की तैयारी भी तैयारी की जा रही है।



**शीघ्र चलने लगेगी इलेक्ट्रिक टाय ट्रेन**

नगर निगम के उद्यान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में भी डुमना नेचर पार्क में टाय ट्रेन है जो डीजल से चलती है। अभी ट्रेन आधा किमी का फेरा लगाती है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए डीजल की जगह अब इलेक्ट्रिक टाय ट्रेन चलाई जाएगी।

**क्षेत्र व पटरियां बिछाने किया नापजोख-**

आर्किटेक्ट व इंजीनियरों द्वारा इलेक्ट्रिक टाय ट्रेन शुरू करने के लिए सर्वे किया और क्षेत्र व पटरियां बिछाने नापजोख भी की।

अधिकारियों का कहना है कि आगामी पांच माह में इलेक्ट्रिक टाय ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। नगर निगम इसे सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत संचालित करेगा। अभी डीजल टाय ट्रेन आधा किमी का फेरा लगाती है जबकि इलेक्ट्रिक टाय ट्रेन ढाई किमी का फेरा लगाएगी।

पर्यटकों को जबलपुर में भी रोका जा सके इसके लिए प्राकृतिक सौंदर्य से ओप्रोत डुमना नेचर पार्क को विकसित करने और उसके प्रचार प्रसार की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ताकि पर्यटक जबलपुर में रूककर डुमना नेचर पार्क का भ्रमण कर वन्य प्राणियों का दीदार कर सके।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**

**श्री ओम प्रकाश वर्मा-** गोरखपुर आजाद चौक निवासी श्री ओम प्रकाश वर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार अग्रवाल-** कोतवाली मेन रोड सराफा निवासी श्री विनोद कुमार अग्रवाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला देवी चौहान-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री दौलत सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला देवी चौहान (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई अवस्थी-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री नारायण राम अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई अवस्थी (90) का निधन हो गया।

अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जी. मनोहर नायर-** यादव कॉलोनी निवासी श्री जी. मनोहर नायर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र सतनामी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री रामलाल सतनामी के पुत्र श्री जीतेंद्र सतनामी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र कपूर-** ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री राजेंद्र कपूर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार समैया-** हनुमानताल खेरमाई वार्ड निवाीस श्री संतोष कुमार समैया (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कृष्ण लाल मक्कड़-** त्रिमूर्ति नगर गली नं. 5 निवासी श्री कृष्ण लाल मक्कड़ (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पवन कुमार कुचबंधिया-** टेस्टिंग रोड ओम कला मंदिर चांदमारी निवासी श्री हरलाल कुचबंधिया के पुत्र श्री पवन कुमार कुचबंधिया (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम बाई विश्वकर्मा-** बेलबाग निवासी श्री कन्हैया लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई विश्वकर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगजोत सिंह खुराना-** नयागांव सोसायटी रामपुर निवासी दिल्ली वाले श्री जगजोत सिंह खुराना (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गप्पू चौकसे-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री गप्पू चौकसे (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# झपट्टा मार गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

## पांच घटनाओं का हुआ खुलासा, चार मोबाइल व 20 हजार रुपये जब्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस ने झपट्टा मारकर मोबाइल व बैग छीनने वाले तीन सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने विभिन्न थानान्तर्गत पांच वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से छीने गए चार मोबाइल,20 हजार रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।



गौरतलब है कि गढा थानान्तर्गत 6 जनवरी को मन्नत चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी गणेश मंदिर आदर्श कन्या स्कूल के पास रिलायंस फैशन फैक्ट्री से काम करके पैदल लौट रही थी। रात 11 बजे प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मोटर सायकल में अज्ञात 3 लड़के पीछे से आये और उसके हाथ में रियलमी मोबाइल लेकर फरार हो गये। मदनमहल थानान्तर्गत श्रीमती रचना तिवारी उम्र 52 वर्ष निवासी हर्षित नगर यादव कालोनी अपने बेटा यश तिवारी के साथ स्कूटी से रेल्वे स्टेशन से घर लौट रही थी। रात लगभग 10 बजे अशोका होटल के पास मोटर सायकल सवार 2 लड़के उनका हेण्ड बैग झपटकर ले गये थे। हेण्डबैग मे रेडमी कम्पनी का मोबाइल तथा नगदी लगभग 10 हजार रूपये सहित अन्य दस्तावेज रखे थे।

लार्डगंज थानान्तर्गत आकांक्षा विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष निवासी दीक्षितपुरा 10 जनवरी की रात अपनी ननद की बेटी की एक्सिस में पीछे बैठकर रानीताल चौक होते हुये घर लौट रही थी। आगे आगा चौक के पहले पहुंचे तभी पीछे से ब्लू रंग की मोटर सायकल में 2 अज्ञात लड़के आये मोटर सायकल में पीछे बैठे लडके ने अचानक उसका बैग जो हम दोनों के बीच में रखा था झपट्टा मारकर छीन और दोनों आगा चौक से सब्जी मंडी पड़ाव तरफ भाग गये। पर्स में आधारकार्ड, पेनकार्ड, पासबुक, एक वीवो कम्पनी का मोबाइल तथा नगद 85 हजार रूपये रखे थे।

गोरखपुर थानान्तर्गत 1 फरवरी की रात्रि मे श्रीमती सुनीता अग्रवाल उम्र 54 वर्ष निवासी मिलौनीगंज अपनी बेटी की शादी की खरीददारी करने गोरखपुर बजार आई थी। लौटते समय कौशल्या वाटिका के पास पीछे से वाये तरफ से एक मोटर सायकल में 2 लडके आये और उसका बैग छीनकर भाग गये। दोनों लड़कों की उम्र लगभग 20-25 वर्ष होगी जिन्हें देखकर पहचान लेगी। बैग में 75 हजार रूपये एवं बिल रखे हुये थे। इसी प्रकार तिलवारा थानान्तर्गत मोहम्मद शकील उम्र 59 वर्ष निवासी न्यू बरगी हिल्स 29 जनवरी की रात लगभग 11-15 बजे अपने घर से पैदल नौकरी पर जा रहा था। सर्किल आफिस के पास 2 लड़के दौड़कर आये और उसके जेब मे रखे 2 मोबाइल निकालकर भाग गये। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गयी थी। पुलिस टीम ने संदेही निखिल पटेल एवं अनुज सेन तथा शिवराज सिंह को अभिक्षा मे लेकर पूछताछ की तो उन्होंने सभी पांच घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# पिस्टल-कट्टा सहित दो गिरफ्तार

## पाटन व पनागर में पकड़ाये

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन व पनागर पुलिस ने क्राइम ब्रांच के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए दो युवकों को पिस्टल व कट्टे से साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की।



क्राइम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि थाना पनागर अंतर्गत शुभम पटेल उम्र लगभग 25-30 वर्ष तलैया टोला ग्राम टिकारी मे पिस्टल कारतूस लेकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक है। घेराबंदी कर युवक को पकड़ने के बाद तलाशी लेने पर देशी कट्टा 315 बोर लोड बरामद हुआ। आरोपी के विरूद्ध थाना पनागर में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पाटन पुलिस को सूचना मिली कि कलारी के बाजू से चाय नाश्ते की दुकान का मालिक मनीष पटेल अपने पेंट के जेब में एक पिस्टल लेकर अपने मामा के खेत तरफ जा रहा है। पुलिस ने युवक को अभिरक्षा में लेने के बाद तलाशी ली तो उसके पास पिस्टल व कारतूस जब्त हुए।

# गाली देने से मना करने पर मारी ब्लेड

**जबलपुर,देशबन्धु।** गाली देने से मना करने पर युवक ने ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

हनुमानताल थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हीरालाल साकेत उम्र 21 वर्ष निवासी बाबाटोला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है ।आज दोपहर लगभग 2-30 बजे घर के बाहर बैठा था तभी मोहल्ले का मयूर और अविनाष उर्फ भय्यू आये और भय्यू उससे पुरानी बुराई के लेकर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो मयूर उसके साथ झुमाझपटी करने लगा तथा ब्लेड से उसकी दाढ़ी के नीचे मारकर चोट पहुचा दिया तथा दोनों जान से मारने क धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# टिमरी हत्याकांड,राजनीतिक गठजोड़ और अपराधियों के संरक्षण पर उठे सवाल

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर के समीप ग्राम टिमरी पाटन में हुए जघन्य हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले में मुख्य आरोपियों को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, परन्तु अभी भी कुछ पहलुओं को लेकर उत्तर मध्य के पूर्व विधायक विनय सक्सेना द्वारा कुछ सवाल उठाए गए वही प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उत्तर मध्य के पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि टिमरी हत्याकांड में अभी भी कुछ लोगों की भूमिका संदिग्ध है जिसमें युवा मोर्चा का एक नेता अभी तक फरार है जिसे पुलिस अभी तक नहीं पकड़ पाई है जिसके द्वारा बाकायदा लेनदेन की जानकारी आरोपियों के साथ सामने आई है इन्हीं सब पहलुओं को लेकर विनय सक्सेना ने एक प्रेस वार्ता की और पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपील की जिसकी जिसकी मृत्यु हुई है उनके परिजनों को न्याय मिल सके और जो भी राजनीतिक नाम इस हत्याकांड में शामिल है उनका पर्दाफास हो सके।

# रानी दुर्गावती चिकित्सालय ( लेडी एल्गिन ) में शैक्षिक रक्तदान शिविर आयोजित



**जबलपुर,देशबन्धु।** रक्तदान महादान है, और इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रानी दुर्गावती चिकित्सालय (लेडी एल्गिन) में शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। शिविर में मौजूद ब्लड बैंक अधिकारियों ने बताया कि रक्तदान से एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। लेकिन कुछ मरीजों को चार से पांच यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति समय पर नहीं हो पाती। ऐसे मामलों में विदाउट एक्सचेंज (बिना किसी से बदले में रक्त लिए) रक्त प्रदान करना पड़ता है, जिससे रक्तदान शिविरों की महत्ता और बढ़ जाती है। शिविर में मौजूद कन हॉस्पिटल ब्लड बैंक और नायडू मेमोरियल ब्लड बैंक के विशेषज्ञों ने बताया कि लोगों को हर तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। शरीर में रक्त की पूर्ति मात्र दो महीने में पूरी हो जाती है, जिससे स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। नियमित रक्तदान करने से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है।

# कालेज का एचओडी बताकर स्कालरशिप रजिस्ट्रेशन के नाम पर धोखाधड़ी

## पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** कॉलेज का एचओडी बताकर स्कॉलरषिप रजिस्ट्रेषन के नाम पर युवती के साथ धोखघडी की गयी। पुलिस ने षिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंजली नामदेव उम्र 19 वर्ष निवासी संस्कार कालोनी न्यू रामनगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह माता गुजरी में बीएड की पढ़ाई कर रही है। वह 30 जनवरी की दोपहर लगभग 2 बजे उसके मोबाइल पर अज्ञात नम्बर से कॉल आया। फोन करने वाले ने बताया कि मैं आपके कॉलेज का एचओडी बोल रहा हॅ आपको जो स्कालरशिप मिलती है,जाति प्रमाण पत्र होने के कारण अब नहीं मिलेगी। उसने स्कालरशिप रजिस्ट्रेशन अपने यूपीआई पर 8570 रुपये स्थानांतरण कर लिये। कॉलेज का एचओडी समझकर यह प्रक्रिया पूरी की। उसके रूपये किसी मुस्कान चौधरी नाम के खाते में चले गये। मोबाइल धारक के द्वारा छल पूर्वक कालेज का एचओडी बनकर उससे 8570 रूपये आनलाईन स्थानांतरण करवाकर धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर धारा 218, 319(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की अकाल मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना सिहोरा में सुबह सुरेन्द्र कुमार यादव उम्र 40 वर्ष निवासी धनगवां सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका छोटा भाई प्रतिदिन सुबह के समय घर से सायकल से बकरियों को पत्ती लेने जंगल तरफ जता रहता था आज सुबह लगभग 6 बजे बकरियों को पत्ती लेने मेन रोड हाईवे से जा रहा था जैसे ही अमन ढाबा के पास पहुँचा तभी पीछे से आ रहा अज्ञात वाहन का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसके भाई गुड्डू उर्फ महुआ यादव उम्र 36 वर्ष की साईकल में पीछे से टक्कर मार कर एक्सीडेंट कर दिया जिससे उसका भाई साईकल सहित गिर गया जिसके सिर जबड़ा तथा दोनों पैर में गम्भीर चोट आने से मौके पर मृत्यु हो गयी है। रिपोर्ट पर धारा 281, 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# रिपोर्ट वापस नहीं लेने पर फोड़ दिया सिर

## सर्वोच्च नगर की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट वापस लेने से इंकार कर पर आरोपी युवकों ने बेसबॉल के डंडे व मुक्कों से धुनाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीनों आरोपी युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। लार्डगंज पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेश केवट उम्र 24 वर्ष निवासी सर्वोदय नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कचरे का काम करता है। वह गत रात्रि लगभग 00-50 बजे वह अपने साथी हरि कोरी के साथ अपनी स्कूटी जुपिटर से अपने घर सर्वोदय नगर जा रहा था। डीजे ब्रदर्श के सामने जैसे ही पहुंचा तो श्रीनिवास केवट, विष्णु केवट, और शनि कोरी ने एक राय होकर उसका रास्ता रोककर बोले कि तुमने जो रिपोर्ट की है वापस ले लो। उसने रिपोर्ट वापस लेने के लिये मना किया तो तीनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे गालियां देने से मना किया तो श्रीनिवास ने बेसबाल के डंडे से सिर एवं पैर में चोट पहुँचा दी विष्णु केवट एवं शनि कोरी ने उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की । सिर मे ज्यादा चोट होने से चक्कर आ जाने से गिर गया ।उसके साथी हरि कोरी बीच बचाव करने आया तो तीनों हरि कोरी के साथ भी मारपीट करने लगे तो हरि कोरी वहां से भाग गया, तभी डायल 100 को आते देख तीनो उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# विवाह कार्यक्रम में सगी बहनों के जेवरात चोरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** विवाह समारोह में शामिल होने आई दो बहनों के बैग से अज्ञात चोर ने जेवरात पार कर दियो। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।



गोसलपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती चंद्रकान्ता तिवारी उम्र 55 वर्ष निवासी सिवनी रोड चट्टी लखनादोन जिला सिवनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो फरवरी की रात लगभग 8 बजे अपने देवर लीलाधर तिवारी की लड़की की शादी में शामिल होने जेठ कल्लू तिवारी, बहन गिरजा के साथ गोसलपुर आयी थी। रात में लगभग 11-30 बजे से 12 बजे तक प्रोग्राम चलता रहा बाद मे सभी लोग सो गये थे। वह अगले दिन सुबह लगभग 8 बजे उठकर अपने बैग से कपड़े निकालने गयी तो बहन गिरजा तिवारी के बैग में रखे दोनों बहनों के सोने के चार कंगन, तीन मंगलसूत्र, एक बेंदी, चांदी की तीन जोड़ी पायल, 2 करधन, संतान सातें की 5 चूड़ी, एक जोड़ी चांदी की 3 तार वाली चूड़ी नही मिले आसपास तलाश करती रही तथा शादी में आये लोगों से पूछताछ करती रही। उसके तथा उसकी बहन के सोने चांदी के जेवर कोई अज्ञात चोर ने पार कर दिये। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

## सिहोरा की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा थानान्तर्गत अमन ढाबा के समीप अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी।



युवक को गंभीर चोटें आने के कारण युवक घटनास्थल में मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है। सिहोरा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड्डू उर्फ महुआ यादव उम्र 36 वर्ष निवासी धनगवाँ रोजाना की तरफ सुबह के समय घर से साइकिल से बकरियों को पत्ती लेने जंगल तरफ जा रहा था। हाईवे स्थित अमन ढाबा के पास अज्ञात वाहन का चालक ने तेज गति लापरवाही व पूर्वक वाहन चलाते हुए साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण युवक साइकिल सहित सडक में गिर गया।

इस घटना में युवक को सिर जबड़ा तथा दोनों पैर में गम्भीर चोट आई थी। युवक की घटनास्झल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

# 5000 से अधिक महिलाओं ने साड़ी वॉक कर दिया भारतीय संस्कृति और फिटनेस का संदेश



**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर के भंवरताल गार्डन में ऊर्जा परिवार द्वारा आयोजित भव्य 'साड़ी वॉक' का आयोजन रविवार रात बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में 5000 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक परिधान साड़ी पहनकर 2 किलोमीटर लंबा वॉक किया और महिला सशक्तिकरण, कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने ऊर्जा परिवार की सराहना करते हुए कहा, यह आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति को सहेजने का प्रयास है, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और फिटनेस को बढ़ाने का भी संदेश देता है।

रातभर खुले रहे ब्यूटी पार्लर, व्यापार को मिला बढ़ावा इस आयोजन की खास बात यह रही कि जबलपुर के ब्यूटी पार्लर पूरी रात खुले रहे, जिससे न केवल महिलाओं की तैयारियों में मदद मिली, बल्कि स्थानीय व्यवसायों को भी बढ़ावा मिला। इस पहल को शहर के व्यापारियों ने भी सराहा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता को लेकर भी जागरूकता फैलाई गई। महापौर ने इस अवसर पर कहा, जबलपुर को स्वच्छता रैंकिंग में और ऊपर लाने के लिए यह जनभागीदारी जरूरी है। इस आयोजन से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया है। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार और उपहार दिए गए। आयोजन के दौरान महिलाओं ने एकता, शक्ति और संस्कृति को दर्शाते हुए पूरे उत्साह के साथ वॉक किया।

# युवा व्यवसायी पर हमला करने वाला पांचवां आरोपी पकड़ा गया

## सिहोरा से गिरफ्तार हुआ करण बिहारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस ने माधवनगर के युवा व्यवसायी राकेश मोटवानी पर जानलेवा हमला करने वाले एक और आरोपी को पकड़ा है। इस पर 10 हजार का इनाम घोषित था। रविवार को कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा ने बताया आरोपी करण बिहारी को सिहोरा से पकड़ा ग़या है।



जानकारी के अनुसार, घटना 30 जनवरी की रात की है। माधवनगर थाना क्षेत्र के मेनबाजार निवासी राकेश उर्फ रॉकी मोटवानी (28) पर विनय वीरवानी, राहुल बिहारी, करण बिहारी, केतु उर्फ नीरज रजक और उनके अन्य साथियों ने हमला किया था। इस हमले में राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। अब तक 5 आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने अब तक इस मामले में अरमान द्विवेदी, केतू उर्फ नीरज रजक, शहबाज खान, राहुल बिहारी और करण बिहारी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में अभी भी तीन आरोपी फरार हैं। पुलिस टीम फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

# असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस ने कसा शिकंजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की। पुलिस कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार। पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 88 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 5 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 14गैरम्यादी, 33 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 25 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 413 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 36 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 3 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 3 चाकू जप्त किये गये एवं 9 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 3 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया जुआडियो एवं सटोरियो के कब्जे से 2850 रूपये जप्त किये गये।

# बाइकों की सीधी भिड़ंत, 6 घायल, 3 जबलपुर रेफर

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले रूपदोन ग्राम के समीप शाम लगभग 5 बजे के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां दो बाइको की आपस में भिड़ंत हो गई, इस हादसे में 6 लोग घायल हो गए। जिनमें से तीन लोगों को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार एक बाइक में 3 लोग सवार होकर घंसौर तरफ जा रहे थे वहीं घंसौर की तरफ से एक बाइक में तीन लोग सवार होकर आ गोरखपुर तरफ रहे थे। जब वह रूपदोन ग्राम के समीप पहुंचे तो दोनों बाइको की आपस में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने 108 वाहनऔर घंसौर पुलिस को दी। जिसके बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया है।

वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी का कहना है की जानकारी मिली थी कि दो बाइको की आपस में भिड़ंत में 6 लोग घायल हुए हैं। फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगों से अपील कर रही है कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं बावजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसे का शिकार हो रहे हैं। घायलों के नाम संजय बेगा पिता परमानंद बेगा,पवन यादव पिता गुलाब यादव, नरेन्द्र यादव पिता सरजू यादव, सतीस यादव पिता भक्ती यादव, राजेन्द्र बैगा पिता सुंदर बैगा, ब्रजेश यादव पिता दयाराम यादव है।

# वृद्ध की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना मझौली में राघवेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष निवासी खिरवा ने सूचना दी कि वह खेती किसानी का काम करता है आज वह अपने घर पर था दोपहर लगभग 3-40 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया और फोन करने वाले ने बताया कि आपके दादा बेड़ी सिंह उर्फ सुखदेव सिंह राजपूत जो मझौली में रहते हैं थे वे एक्सीडेण्ट हो जाने से खत्म हो गये है एक्सीडेण्ट राधारानी ढाबा के पास सिहोरा रोड़ में हुआ है तो वह शासकीय अस्पताल मझौली पहुंचा उसके दादा श्री बेड़ी सिंह उर्फ सुखदेव सिंह राजपूत उम्र 60 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 13 मझौली की एक्सीडेट से मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया।

# महाकुंभ जा रहे वाहनों का जाम, खाने की थाली के दाम बढ़े



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** पुलिस प्रशासन द्वारा अनाउंसमेंट के माध्यम से वाहन चालकों यात्रियों से यह कहा जा रहा है कि प्लीज प्रयागराज जाने वाले मार्ग पर बाद जाम लगा है प्लीज वापस लौट जाइए अनाउंसमेंट की इस स्थिति को देखते हुए वाहनों के पहिए हाईवे सड़क मार्ग पर थम से गए हैं।

**हाइवे पर होटल रेस्टोरेंट वाले खाने की पूर्ति नहीं कर पा रहे**-जबलपुर सिहोरा सड़क मार्ग पर हाईवे के परियट, पनागर, कारीवाह, कुसनेर, गांधीग्राम, गोसलपुर ,जुझारी, मोहतरा ,घाट सिमरिया आदि स्थानों पर स्थित ढाबा और होटल में वाहनों का सैलाब रुक जाने के कारण लोगों के खाने पीने की आपूर्ति की समस्या बढ़ गई है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार होटल और रेस्टोरेंट आदि में खाना बनाने वाले कर्मचारियों की संख्या दो से तीन गुनी कर दी गई है इसके बाद भी लगभग 30 से 40 परसेंट लोगों का खाना की आपूर्ति संभव नहीं हो पा रही है।

**खुद खाना बना रहे यात्री**- देखा जा रहा है कि यात्रियों द्वारा खाली खेतों, प्लाटों व सड़क के किनारे पटरी में स्वयं खाना बनाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए किराना दुकान से आटा, दाल, चावल लेकर किसी प्रकार खाने का इंतजाम करने में लगे हुए हैं और रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

**अचानक बढ़ गए थाली के रेट**-हाईवे की होटल वा रेस्टोरेंट में देखा जा रहा है कि खाने की मांग को देखते हुए प्रति थाली 300 से ?400 दी जा रही है वही पानी की बोतल 20 से 30 रुपए प्रति नग के हिसाब से विक्रय की जा रही है इसी कड़ी में भारी भीड़ को देखते हुए बहुत से वाहन चालक हाईवे किनारे के गांव की होटल और खाली पड़े स्थान में रुके हुए हैं। वहीं जबलपुर सिहोरा हाईवे सड़क मार्ग पर जबलपुर फोरलेन सड़क पर हर ढावे,होटल, रेस्टोरेंट पर कारों, ट्रेवलर वाहनों, बसों, ट्रकों आदि को बड़ी संख्या में रुकना पड़ रहा है।

**पेट्रोल पंपों पर भी कारों की भीड**-रविवार को हाइवे के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल, डीजल भराने के लिए वाहनों की लम्बी लाईन लगी हुई है। संगम में पवित्र डुबकी के लिए प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। महाकुंभ को शुरू हुए 26 दिन हो चुके हैं और अब तक करोड़ों श्रद्धालु पवित्र संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ में रविवार की छुट्?टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। संगम पहुंचने हाइवे में 10 से 15 किमी लंबा जाम लगा है। जगह-जगह गाड़ियां फंसी हुई हैं। भारी भीड़ को देखते हुए संगम स्टेशन को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।

# सतना में फर्जी सब इंस्पेटर गिरफ्तार

## रेप केस में आरोपी की मां से डेढ़ लाख लेने पहुंचा, दो लाख पहले ले चुका था






**सतना, देशबन्धु।** सतना में पुलिस ने एक ऐसे शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है, जो खुद को सीआईडी का एसआई बताकर लोगों को ठग रहा था। आरोपी पप्पू मिश्रा ने एक रेप केस में फंसे युवक के परिवार से मदद के नाम पर 2 लाख रुपए ठग लिए थे और डेढ़ लाख रुपए और लेने रविवार को पहुंचा था। मामला नागौद के तुरकहा गांव का है, जहां 20 जनवरी को एक 15 वर्षीय नाबालिग ने अतुल गौतम नाम के युवक पर बलात्कार, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी का फायदा उठाते हुए पप्पू मिश्रा ने 2 जनवरी को अतुल के घर पहुंचकर खुद को सीआईडी का एसआई बताया और तीन जिलों का अधिकारी होने का दावा किया।

**बदमाश ने आरोपी का दिया झांसा:** नागौद टीआई अशोक पांडेय के अनुसार, आरोपी ने अतुल की मां को झांसा दिया कि वह उनके बेटे को छुड़वा देगा, लेकिन इसके लिए उसे अधिकारियों को देने के लिए 2 लाख रुपए चाहिए। बेटे को छुड़ाने की लालच में मां ने पैसे दे दिये आरोपी ने उन्हें यह बात किसी से न बताने की धमकी भी दी। जब वह डेढ़ लाख रुपए और लेने आया, तब पिता क इसकी जानकारी मिली और उन्होंने पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस की वर्दी और इंदौर क्राइम ब्रांच का फर्जी आईकार्ड बरामद किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

**दोबारा पैसे लेने पहुंचा था आरोपी**-इधर, आरोपी अतुल को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इधर 9 फरवरी की सुबह 5.23 बजे जब अतुल की मां के मोबाइल में अज्ञात मोबाइल नंबर 7697638945 से फोन आया। इस वक्त अतुल के पिता केदार प्रसाद गौतम खेत में पशुओं को भगाने गए थे और अतुल का भाई अमन गौतम नागौद में था। फोन करने वाले ने कहा कि बच्चे को छुड़ाने के लिए पैसे का इंतजाम कर ली हो। तब अतुल की मां ने कहा कि अभी नगद कम हैं मेरे पास चेक है। मेरे बच्चे को छुड़ाकर चेक में नाम भरकर पैसे निकाल लेना। यह कह कर फोन करने वाले युवक को बुला लिया। इसके बाद अतुल की मां ने इसकी जानकारी अमन गौतम को फोन पर दे दी।

## सार-समाचार




### सुहागी महाराजपुर का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**पनागर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी सुहागी करमेता एव महाराजपुर मंडल में प्रथम कार्यकर्ता सम्मलेन विधायक सुशील इंदु तिवारी एव भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हर्ष तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति सम्पन्न हुआ जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ उपस्थित अतिथियों को मंडल अध्यक्ष लखन देवानी एवं विजय ठाकुर द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी अपने उद्बोधन में पार्टी को बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमो के संदर्भ में अपना मागदर्शन प्रधान किया इस अवसर पर डॉ सुभाष तिवारी आनंद साहू सुधीर चौबे आनंद जैन मिन्चु संतोष साहू प्रदीप पटेल अंकुर जैन अर्चना सिसोदिया रश्मि साहू योगेन्द्र ऊके सहित समस्त सुहागी करमेता एव महाराजपुर के संमस्त भाजपा मंडल के पदाधिकारी,बूथ अध्यक्ष,जनप्रतिनिधि ,पार्षद गण ,शक्ति केंद्र प्रभारी,सभी मोर्चा अध्यक्ष ,जिला पदाधिकारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,भारतीय जनता पार्टी समर्पित वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता बंधु,महिला मातृ शक्ति, कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष लखन देवानी ने किया।

### दिल्ली में भाजपा की जीत पर निकाला, जलूस बांटी मिठाई



**पनागर, देशबन्धु।** नगर मंडल भाजपा पनागर के भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शेलेन्द्र साहू द्वारा दिल्ली में भाजपा की जीत पर नगर के हृदय स्थल कमानिया गेट पर मिस्ठान वितरण कर जिलूस निकाल कर नगर वासियो को बधाई प्रेषित की जिसमे नगर मंडल अध्यक्ष शेलेन्द्र साहू आनंद जैन सर्वेश मिश्रा अंकुर जैन गोवर्धन खेटपाल रामनिवास गौतम सुरेश पटेल मुकेश वंशकार रोशन तिवारी प्रवीण मिश्रा दुर्गेश बर्मन आदि लोगो ने अपनी उपस्तिथि दी।

### मवेशियों से भरा ट्रक जब्त 22 नग भैंसें बरामद

**उमरिया, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू के निर्देशन मे उमरिया पुलिस द्वारा निरंतर अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर पशुओं को क्रूरता पूर्वक भरकर अवैध रूप से परिवहन कर रहे आरोपी के विरूद्ध पशुक्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।



थाना कोतवाली पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक जिसमें अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक पशुओं को भरकर ताला तरफ ले जाया जा रहा है । मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा घघडार तिराहे के पास घेराबंदी कर कर ट्रक को रोकने की कोशिश की गई परंतु आरोपी चालक ट्रक को तेज रफ्तार से भगा ले गया । पुलिस द्वारा ट्रक को पीछा किया गया । आरोपी चालक द्वारा ट्रक को आगे जंगल में कच्चे रास्ते के किनारे खड़ा कर मौके से फरार हो गया । ट्रक में भरे 22 नग भैसो को सुरक्षार्थ स्थान पर पहुंचाकर ट्रक को थाना कोतवाली में जप्त कर खड़ा किया गया है।

# रामसागर तालाब का घट रहा जलस्तर, गर्मी में होगी पानी की किल्लत

## समय पर नहीं चेते तो जूझना पड़ेगा बूंद-बूंद पानी से, प्रतिनिधि मंडल मिलेगा कलेक्टर से

**गोसलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा तहसील के अंतर्गत गोसलपुर कस्बे में पिछले दो सालों से जल संकट की बडी बानगी देखने को मिल रही है आपको बता दें की इस क्षेत्र के गोसलपुर धमधा किवलारी धमकी सिलुवा में अनेक अयस्क खनिज की खदानें संचालित है जिनसे बेतहाशा रूप से भूमिगत जल का दोहन हो रहा है जिसके चलते लगातार घरेलू बोर नल जल योजना के बोर के साथ स्थानीय गोसलपुर मे स्थित रामसागर तालाब का जलस्तर लगातार घटने लगा है गर्मियों के कुछ हफ्ते शेष रह गए हैं परंतु अभी से बोरों में गंदा पानी आना शुरू हो गया है वहीं रामसागर तालाब का जलस्तर प्रतिदिन पांच फुट कम हो रहा है जो लोगों को चिंता में डाल दिया है आपको बता दें की पिछले साल गोसलपुर के विकराल जल संकट से इस कस्बे का हर आदमी प्रभावित हुआ था नल जल योजना के सभी बोर सूख गए थे गोसलपुर जिला प्रशासन की नजरो मे रेड जोन कहलाने लगा था आधा दर्जन टैंकरों के माध्यम से घर-घर ग्राम पंचायत के माध्यम से पीने का पानी पहुंचाया गया था परंतु इतने बड़े जल संकट से जूझने के बाद भी स्थानीय तहसील प्रशासन जन प्रतिनिधि ग्राम पंचायत व पीएचई विभाग द्वारा इस साल



जल संकट से निपटने के लिए कोई भी स्थाई समाधान नहीं खोजे गए और न ही कोई कार्ययोजना तैयार की गई जिससे लोगों को गहरी चिंता सता रही है की आने वाले महीने में पुन: वही विकराल स्थिति की पुनरावृत्ति होगी गौरतलब है की पीएचई विभाग द्वारा बड़े-बड़े दावे किए गए थे की यहां पर वाटर फिल्टर प्लांट लगाया जावेगा शंकर कॉलोनी में संपवेल व अन्य माध्यमों से जल संकट से निपटने अनेक योजनाएं बनाई जायेगी परंतु अभी तक धरातल पर उनकी योजनाएं देखने को नहीं मिल रही हैं स्मरण रहे की नगर के रामसागर तालाब से पूरे गोसलपुर का वाटर लेवल मेंनटेन होता है पिछले मर्तबा रामसागर तालाब के सूखने से गांव के लगभग सैकड़ो बोर सूख गए थे बाद में शिकायत के बाद नगर के बाजू से स्थित खदान से तालाब में पानी छोड़ा गया जब कहीं जाकर तालाब में पानी का लेवल बड़ा था जिससे ग्रामवासी अपनी जल से जुडी जरूरत को पूरा करते थे वहीं जीव जंतु चिड़िया मवेशी अपने प्यासे कंठ की प्यास बुझाते थे परंतु बिगत लंबे समय से खदान से छोड़े जाने वाला पानी पुन: बंद कर दिया गया है जिसके चलते रामसागर तालाब काफी खाली हो गया है जो लोगों को चिंता में डाल दिया है लोगों ने शीघ्र ही जिला प्रशासन व तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी ने जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित से मोबाइल के माध्यम से खदानों से व्यर्थ में बहाये जाने वाले पानी को रोककर रामसागर तालाब में गत वर्ष की भांति पानी छुड़वाने का आग्रह किया है ग्राम के बहादुर सिंह परिहार महेन्द्र सिंह मोहन साहू रवि सिंह ठाकुर प्रदीप दुबे अधिवक्ता राकेश पाठक दीपक तिवारी राजेन्द्र सिंह परिहार दीपक खटीक सुरेन्द्र श्रीवास ने बताया की जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर दीपक सक्सेना से मिलकर जल संकट की समस्या से अवगत करायेगा ताकि गोसलपुर के वांशिदो को बड़े जल संकट से न जूझना पड़ेगा।

# देवर ने भाभी को बेरहमी से उतारा मौत के घाट



**सिहोरा, देशबन्धु।** झगड़े की वजह से देवर ने अपनी ही भाभी को बेरहमी से मारकर हत्या कर दी। घटना रविवार देर शाम छः बजे की है वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी वहीं मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिहोरा अस्पताल भेजा जिसका पोस्टमार्टम सोमवार सुबह किया जाएगा।

सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम गुनहरु में सावनी पति महेंद्र कोल 30 वर्षीय को घर पर ही महिला के देवर राजेन्द्र कोल ने बेरहमी से मार कर हत्या कर दी। उप निरीक्षक उमलेश तिवारी ने बताया कि रविवार की शाम को छः बजे किसी बात को लेकर देवर और भाभी के बीच विवाद हो गया जिसके बाद आरोपी देवर राजेन्द्र कोल ने साइकल के कांटेदार गेयर से भाभी सावनी कोल 30 वर्षीय पति महेंद्र कोल के ऊपर हमला कर दिया जिसमें सावनी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सूक्ष्मता से जांच कर सबूत एकत्र किए। वहीं मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सिहोरा भेज दिया। हत्या की वजह स्पष्ट नही हो सकी जिसका खुलासा पूछताछ के बाद ही पता चलेगा। वही शव को देखकर ही अनुमान लगाया जा सकता है कि कितनी बेरहमी से और कई बार प्रहार करके महिला के सिर और चेहरे पर मारकर वीभत्स हत्या कर दी।

# महाकुंभ श्रद्धालुओं की दो कारों में टक्कर, पांच घायल

## महाकुंभ से स्नान कर जबलपुर लौट रहे थे कार सवार, एक ही परिवार के लोग थे सवार



**रीवा, देशबन्धु।** महाकुंभ के श्रद्धालुओं से भरी दो कारों की बेला के समीप सीधी भिड़ंत हो गई है। हादसे में एक कार में सवार 5 लोग घायल हुए है, जो एक ही परिवार के बताए जा रहे है। हादसा रीवा जबलपुर मार्ग स्थित बेला के समीप हुआ है, जहां घायल हुए श्रद्धालुओं को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में जबलपुर निवासी घायल सौरभ मालवीय ने बताया कि वह प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे तभी बेला के समीप रिंग साइड से आई भोपाल नंबर की कार ने उनकी कार को सामने से टक्कर मार दी। पीड़ित के मुताबिक उनकी कार में 5 लोग सवार थे जिनमें सभी को चोटें आई है जबकि उनके मामा गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों को फिलहाल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जा फिलहाल घायलों का उपचार जारी है।

# तेजरफ्तार कार पेड़ से टकराई बच्ची की मौत, तीन घायल



**दमोह, देशबन्धु।** प्रयागराज से पुणे लौट रहा अग्रवाल परिवार कार हादसे का शिकार हो गया। रविवार दोपहर कार चालक को नींद का झोका आ गया और कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। छतरपुर जिले के बक्सवाहा के पास यह हादसा हुआ। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। हादसे में मृत बच्ची की पहचान अनुष्का अग्रवाल के रूप में हुई है। कार में सवार अन्य तीन लोग अभिषेक अग्रवाल (45), सोनिया अग्रवाल (44) और राघव (14) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। घायलों को पहले बक्सवाहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

**जबलपुर जा रहा था परिवार**

दमोह के नया बाजार एक के पूर्व पार्षद विवेक अग्रवाल ने बताया कि यह परिवार मूल रूप से जबलपुर का है, जो कुछ समय पहले पुणे शिफ्ट हो गया था। प्रयागराज में जाम की स्थिति के कारण परिवार छतरपुर होकर जबलपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान चालक अभिषेक को नींद की झपकी आ गई, जिससे हादसा हो गया। अनुष्का के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पिकअप हादसे में युवक ने तोड़ा दम

**दमोह, देशबन्धु।** वहीं दूसरे हादसे में रविवार सुबह नोहटा थाना के पड़री गांव के समीप चौक कार्यक्रम से लौट रहे आदिवासी परिवार का पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में करीब 25 से अधिक लोग घायल हुए थे। उसमें शुभम आदिवासी नामक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपर्द किया गया। बाकी लोगों का इलाज चल रहा है।

# मदद का झांसा देकर खाते से उड़ाए रुपए

## रोज हो रहे लोग ठगी का शिकार, एटीएम के कैमरे बने शोपीस, जागरुकता का अभाव

**गोसलपुर, देशबन्धु।** जहां एक ओर इस समय साइबर क्राइम की श्रृंखला में अनेक प्रकार के अपराध को ठगबाज ओटीपी एटीएम केबाईसी टाबर लगाने आधार ओटीपी नौकरी दिलाने लाटरी फसना व अन्य भिन्न-भिन्न माध्यमों से लोगों को अपना सायबर ठगी का शिकार आसानी से बना रहे हैं वहीं इन सब मामलों को लेकर पुलिस व प्रशासन भले ही जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक कर रहा है परंतु वह नाकाफी है ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत लोग आज भी इन ठग बाजो के मकडजाल मे फसकर ठगी का शिकार हो जाते हैं।

ताजा मामला पुलिस थाना गोसलपुर के अंतर्गत किनगी गांव के निवासी कमलेश पटेल पिता स्वर्गीय रघुवीर पटेल ने बताया की वह विगत दिनों गोसलपुर बस स्टैंड मे लगे एटीएम सेंटर से रुपये निकालने आए रूपये निकालने मे उन्हें कुछ दिक्कत हुई तो पीछे खड़े दो तीन चार ठगबाज युवक बिना मदद मांगे स्वयं मदद देने के लिए आतुर दिखे और मदद देकर एटीएम बदल लिया इसके बाद ठगबाजो ने धड़ाधड़ कमलेश पटेल के खाते से लगभग 22500 की निकासी कर ली इस मामले की शिकायत पीड़ित कमलेश पटेल ने पुलिस थाना गोसलपुर में की है परंतु उन्हें पुलिस से सकारात्मक सहयोग नही मिला गौरतलब है की जहां एक ओर बड़ी संख्या में लोग इन ठगबाजो से साइबर फ्रॉड के चंगुल में फंस रहे हैं वही पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान नहीं चला रही लोगो का कहना है की सायबर अपराधों की सख्या को देखते हुए जन जागरूकता अभियान की बिशेष आवश्यकता है वही एटीएम संचालन कंपनियों ने रिजर्व बैंक की गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाते हुए एटीएम के बूथ सेंटर में जो कैमरा लगे हैं वह शोभा की सुपारी बनकर रह गए हैं जब आए दिन किसी भोले वाले इंसान के साथ यह ठगबज ठगी करते हैं तो इन अपराधियों की तह तक पहुंचाने के लिए सीसीटीवी फुटेज एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है परंतु जब जमीनी हकीकत पता चलती है तो यह बात सामने आती हैं की एटीएम सेंटर में या तो कैमरा नहीं लगा या लगा भी है तो वह तकनीकी कारणो से बंद पड़ा है ऐसे में लोग भयभीत व डर के साए मे नजर आ रहे हैं लोगों ने इस दिशा में पुलिस अधीक्षक जबलपुर से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

## पोलियो वैक्सीन नपुंसक बनाने की साजिश, पाकिस्तान में अफवाहों की वजह से वैक्सीनेशन टीम पर हमला

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर के तमाम प्रयासों के बावजूद भी पाकिस्तान पोलियो जैसी बीमारी पर नियंत्रण पाने में विफल रहा है। लेकिन इसके साथ ही आम जनता के बीच में फैली गलत धारणाओं ने भी वैक्सीनेशन के काम को और धीमा कर दिया है। हाल ही में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में वैक्सीनेशन टीम के ऊपर हमला करके पुलिस के जवान की गोली मार का हत्या कर दी। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे पाकिस्तान में वैक्सीनेशन टीमों को अपने साथ पुलिस के हथियारबंद जवानों को रखना पड़ता है, जिससे कोई अप्रिय घटना न घटे। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के 21 जिलों में पोलियो वायरस के लक्षण मिले हैं। पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम को चलाने के लिए पाकिस्तानी अधिकारियों के अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, सीडीसी, गेट्स फाउंडेशन, रोटरी इंटरनेशनल, गावी और यूएसएआईडी के विशेषज्ञ एक साथ आए। पाकिस्तानी सरकार के सहयोग से पूरे पाकिस्तान में एक सप्ताह का कार्यक्रम चलाया गया। लेकिन इस कार्यक्रम के लिए अफवाहें और गलत सूचना की वजह से सुरक्षा की चुनौती सामने आ रही है।

### ट्रंप ने सीक्रेट सर्विस से मांगा जवाब

# कोई बहाना नहीं, साफ बताओ मुझे मारने की कोशिश क्यों

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीक्रेट सर्विस को एक खास आदेश जारी किया है। इस आदेश में उन्होंने अपने ऊपर हमला करने वालों की जानकारी मांगी है। ट्रंप ने कहा है कि उन्हें उन दो लोगों के बारे में पूरी जानकारी चाहिए, जिन्होंने पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें मारने का प्रयास किया था। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक ट्रंप ने बताया कि मैं दोनों हत्यारों के बारे में पता लगाना चाहता हूं। एक आदमी के पास छह सेलफोन क्यों थे और दूसरे आदमी के पास विदेशी ऐप्स क्यों थे? ट्रंप का कहना है कि वह जानने के हकदार हैं।



**बाइडेन पर यह बोले-** डोनाल्ड ट्रंप ने कहाकि जो बाइडेन के चलते मैं अब और पीछे नहीं हटूंगा। मैं जानने का हकदार हूं। और उन्होंने इसे काफी समय तक छुपाए रखा। बता दें कि ट्रंप पर पहली हत्या का प्रयास 13 जुलाई, 2024 को पेंसिल्वेनिया में उनके अभियान भाषण के दौरान हुआ। ट्रंप को कान में गोली मारी गई थी। इस हमले में एक दर्शक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने बताया था कि उन्होंने एक संदिग्ध 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स को मार डाला है, जिसने मंच की ओर कई गोलियां चलाई थीं। वह उस मंच से लगभग 100 मीटर दूर एक औद्योगिक भवन की छत पर छुपा हुआ था।

**दो बार हुआ था हमला-** ट्रंप की हत्या का दूसरा प्रयास 15 सितंबर, 2024 को फ्लोरिडा में उनके गोल्फ क्लब के पास हुआ। कानूनी एजेंसियों के मुताबिक, सीक्रेट सर्विस अधिकारियों ने हमलावर पर गोलियां चलाईं, जो झाड़ियों में छिपा हुआ था। उस व्यक्ति ने कार में बैठकर भागने की कोशिश की, लेकिन उसे हिरासत में ले लिया गया। जिस स्थान पर उसे देखा गया था, वहां दूरबीन लगी एक एके-47 असॉल्ट राइफल, दो बैकपैक और एक गोप्रो एक्शन कैमरा मिला था। अक्टूबर 2024 में, ट्रंप पर जुलाई में हत्या के प्रयास की जांच करने वाले एक स्वतंत्र आयोग ने यूएस सीक्रेट सर्विस के काम में कई विफलताएं पाईं। इसके चलते हमलों को रोका नहीं जा सका।

# इमरान खान का आर्मी चीफ को लेटर, सेना के लिए सीख

### जेल में दुर्व्यवहार का आरोप

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने सेना की गैरकानूनी कार्रवाइयों और राजनीति में इसकी भागीदारी की आलोचना की। इमरान खान ने सेना से अपनी संवैधानिक सीमाओं में लौटने का आग्रह किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान ने एक्स पर साझा किए गए पत्र में जेल में दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। इस पत्र के मुताबिक उन्हें 20 दिन तक मौत की सजा वाली कोठरी में एकांत कारावास में रखा गया। इस जगह पर सूरज की रोशनी या बिजली की सुविधा भी नहीं थी।



इमरान खान एक साल से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। यह पत्र उनके तीन फरवरी के पहले पत्र के बाद आया है। इसमें उन्होंने सेना से राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन के प्रति अपने दृष्टिकोण की समीक्षा करने का आग्रह किया था। पहले पत्र के बाद सुरक्षा सूत्रों ने कहाकि यह पत्र सेना को प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने इस बारे में मीडिया में आई खबरों को खारिज किया था।

**गिरफ्तार किए गए नेता-** गौरतलब है कि पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने देश में पिछले साल हुए आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ आठ फरवरी को 'काला दिवस' के रूप में मनाने के लिए शनिवार को रैलियां आयोजित कीं। इसके बाद पार्टी के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। इमरान खान की पार्टी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी स्वाबी में अपनी मुख्य रैली का आयोजन किया था। प्रांत में पार्टी सत्ता में है। इसने अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से देश भर में प्रदर्शन करने के लिए कहा था। पार्टी ने इससे पहले लाहौर स्थित एतिहासिक मीनार-ए-पाकिस्तान में रैली करने की योजना बनाई थी, लेकिन पंजाब प्रांत के प्राधिकारियों की ओर से अनुमति न मिलने के कारण उसे यह योजना स्थगित करनी पड़ी।

## आज का इतिहास

1818 – अंग्रेजों की सेना और मराठा सेना के बीच रामपुर में तीसरा और अंतिम युद्ध लड़ा गया।

1921 – महात्मा गांधी ने काशी विद्यापीठ का उद्घाटन किया।

1921 – ड्यूक ऑफ कनॉट ने इंडिया गेट की आधारशिला रखी।

1952 – आजादी के बाद पहले लोकसभा चुनाव में पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने बहुमत का आंकड़ा पार कर देश में लोकतंत्र की स्थापना का शंखनाद किया।

1990 – बृहस्पति की ओर जाते हुए अंतरिक्ष यान गैलीलियो शुक्र ग्रह के सामने से गुजरा।

1996 – शतरंज को दिमाग का खेल माना जाता है और आईबीएम ने शतरंज खेलने वाला कंप्यूटर 'डीप ब्लू' बनाया। इंसानी दिमाग को चुनौती देने के लिए शतरंज के विश्व चैंपियन गैरी कास्पारोव और डीप ब्लू के बीच मुकाबला आयोजित किया गया, जिसे कास्पारोव ने 4-2 से जीत लिया।

## कांगो : संघर्ष के दौरान मारे गए विभिन्न देशों के 18 सैनिक

**कंपाला, (आईएएनएस)।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में हुए संघर्ष के दौरान विभिन्न अफ्रीकी देशों के 18 सैनिक मारे गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए युगांडा भेजा गया है। युगांडा के विदेश राज्य मंत्री हेनरी ओकेलो ओरीम ने टेलीफोन के माध्यम से समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया, मृतक सैनिक, लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय मिशन का हिस्सा थे। सैनिकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए कंपाला स्थित मुलागो नेशनल रेफरल अस्पताल के शवगृह भेजा गया है। हेनरी ओकेलो ओरीम ने कहा कि मारे गए 13 दक्षिण अफ्रीकी, तीन मलावी और दो तंजानियाई सैनिकों के शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा और उसके बाद उनके शवों को संबंधित देशों को वापस भेजा जाएगा। ओरीम ने कहा, युगांडा लाए गए विभिन्न देशों के मारे गए सैनिकों के शवों को एंटेबे स्थित संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय सेवा केंद्र की सहायता से उनके देशों को भेजा जाएगा। इस दौरान उनके शवों को वापस भेजने की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। मारे गए सैनिकों की निकासी के दौरान गोमा क्षेत्रीय हवाई अड्डे को हुए नुकसान का उनके शवों को ले जाने की प्रक्रिया पर प्रभाव पड़ा है, जिससे अधिकारियों को युगांडा तक सड़क मार्ग से परिवहन की व्यवस्था करनी पड़ी, जहां शवों को एंटेबे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से घर वापस भेजा जाएगा, जो कि राजधानी कंपाला से लगभग 40 किमी दूर है।

## यमन : सुरक्षा बलों ने हूती विद्रोहियों के हमलों को किया नाकाम, दो की मौत

**अदन, (आईएएनएस)।** यमन के सरकारी बलों ने देश के तेल समृद्ध प्रांत मारिब को निशाना बनाकर किए गए हूती समूह के कई हमलों को विफल कर दिया। इसमें दो हूती विद्रोही मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी सिन्हुआ को दी। स्थानीय सैन्य अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया, पिछले 48 घंटों के दौरान हूती विद्रोहियों ने तेल समृद्ध मारिब प्रांत पर हमले तेज कर दिए थे, जिसके जवाब में सरकारी बलों ने मारिब के कई युद्ध क्षेत्रों में अभियान चलाया। एक अधिकारी ने कहा कि सरकारी बलों ने उत्तरी मारिब में राघवान मोर्चे पर हूती आक्रमणों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। इससे हूती विद्रोहियों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हूतियों को तगड़ा नुकसान हुआ है। सरकारी अधिकारी ने हूती विद्रोहियों पर भारी तोपखाने, कत्यूषा रॉकेट, ड्रोन और स्नाइपर्स सहित कई हथियार प्रणालियों का उपयोग करके आक्रामक कार्रवाई जारी रखने का आरोप लगाया। हूती समूह ने मारिब में इन कथित सैन्य घटनाक्रमों पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं की है। यमन के सबसे बड़े तेल क्षेत्रों का घर मारिब प्रांत हाल के वर्षों में तेज लड़ाई का केंद्र बिंदु रहा है। इसमें हूती बलों ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण बाहरी क्षेत्रों पर नियंत्रण कर लिया है।

# बांग्लादेश में 'ऑपरेशन डेविल हंट' लॉन्च, घरों में तोड़फोड़ और लूटपाट करने वाले रडार पर

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ऑपरेशन डेविल हंट शुरू किया है। राजधानी ढाका के बाहरी इलाके में अवामी लीग के नेता के घर पर प्रदर्शनकारियों के तोड़फोड़ करने और कार्यकर्ताओं पर हमला करने वाले दोषियों का पता लगाने के लिए यह कदम उठाया गया।

इससे पहले 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया गया था। भेदभाव-विरोधी छात्र आंदोलन के नेताओं का दावा है कि उनके कार्यकर्ता लूटपाट रोकने के लिए पूर्व मंत्री के घर गए थे, लेकिन बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने ऑपरेशन डेविल हंट का आदेश दिया। उन्होंने सेना को भी बुलाया, क्योंकि गाजीपुर में उस जगह छात्र संगठन का विरोध प्रदर्शन चल रहा था जहां शुक्रवार को उनके कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभियान गाजीपुर से शुरू हुआ है और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे पूरे देश में चलाया जाएगा। इसमें कहा गया कि सेना और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से सुरक्षा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी रविवार को दी जाएगी।

**तोड़फोड़ और आगजनी पर रोक लगाने का वादा×** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश भर में हो रही तोड़फोड़ और आगजनी पर रोक लगाने का वादा किया है। विभिन्न हिस्सों में



बुधवार रात से भीड़ हसीना के समर्थकों के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर तोड़फोड़ कर रही है। पूर्व सांसदों, कैबिनेट सदस्यों और हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं के कई प्रतिष्ठानों में आग लगा दी गई है। अंतरिम सरकार ने कहा कि शेख हसीना की ओर से बांग्लादेश में अस्थिरता पैदा करने के लिए की गई भड़काऊ टिप्पणियों के कारण हमले हुए। हसीना के भारत से अपने समर्थकों को संबोधित करने से एक घंटे पहले प्रदर्शनकारियों ने आवास पर धावा बोलना शुरू कर दिया था।

# अमेरिका से उनकी दोस्ती हमारे लिए खतरा, क्यों बोल गए तानाशाह किम जोंग उन

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि दक्षिण कोरिया और जापान से अमेरिका की सुरक्षा साझेदारी बढ़ने से उत्तर कोरिया के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। किम ने साथ ही अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का संकल्प जताया है।

सरकारी मीडिया में रविवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई। किम पहले भी ऐसी चेतावनियां दे चुके हैं। उनके ताजा बयान से यह संकेत मिलता है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उनसे मुलाकात करने और कूटनीति को पुनर्जीवित करने की पेशकश को निकट भविष्य में स्वीकार नहीं करेंगे।

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार शनिवार को कोरियाई पीपुल्स आर्मी की 77वीं स्थापना दिवस के अवसर पर दिए गए भाषण में किम ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की तरह क्षेत्रीय सैन्य संगठन बनाने की अमेरिकी साजिश के तहत स्थापित अमेरिका-जापान-दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी कोरियाई प्रायद्वीप में सैन्य असंतुलन पैदा कर रही है। उन्होंने कहाकि यह साझेदारी हमारे देश के सुरक्षा हालात के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर रही है। उन्होंने परमाणु शक्तियों समेत सभी प्रतिरोध प्रणालियों को तेजी से मजबूत बनाने के लिए नयी योजनाओं उल्लेख करते हुए, एक बार फिर परमाणु कार्यक्रम पर आगे बढ़ने की नीति स्पष्ट की। शुक्रवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप ने कहा था कि हम उत्तर कोरिया और किम जोंग उन के साथ संबंध बनाए रखेंगे। जैसा कि आप जानते हैं, मेरा उनसे बहुत अच्छा रिश्ता रहा।

मुझे लगता है कि मैंने युद्ध रोक दिया है। गौरतलब है कि 23 जनवरी को 'फॉक्स न्यूज' पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने किम को एक बुद्धिमान व्यक्ति बताते हुए कहा था कि वह धार्मिक कट्टरपंथी नहीं हैं।

## सुडोकू 6821

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 8 | | | | 1 | | | 6 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| | | 3 | 1 | | | 7 | | |
| | 9 | | 8 | | 7 | | 3 | |
| | | 1 | | | 6 | 4 | | |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| 1 | | | 2 | | | | 8 | |
| | | | 5 | | 9 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6821

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. कूटनीतिज्ञ
४. जंगल की पैदावार
६. घर
७. दौड़ने वाला, धोबी, दूत
८. वेश्या
१०. जोड़ने वाला, संधि, मेल
११. गुत्थी, फंसाव, सोच, चिंता, कठिनाई
१३. लड्डू
१४. घूस, रिश्वत
१५. नुकसान के बदले दी जाने वाली रकम, क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१७. दृष्टि, निगाह (उर्दू)
१९. दूर तक फैली हुई ऊंची और चौरस जमीन
२१. कमल
२२. अनुभवी, कुशल, विद्वान
२४. सूर्यपुत्री

**ऊपर से नीचे:-**

१. शासन, केंद्र
२. मनुष्य की खोपड़ी
३. ब्रह्मा, पद्मासन
४. जंगलों में रहना
५. बांस की तिलियों और कागज से बना खिलौना जिसे धागों से बांध कर हवा में उड़ाया जाता है
९. नाटक करने या लिखने वाला
११. कर्ज, ऋण
१२. पहाड़ आदि से गिरने वाला जलधारा, निर्झर
१३. बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना
१४. विलंब न सह सकने वाली इच्छा, प्रिय से मिलने की इच्छा
१५. सहयात्री (उर्दू)
१६. पशु,प्राणी (उर्दू)
१८. असह्य (उर्दू)
१९. पढ़ा हुआ
२०. चलन. तौर-तरीका
२३. निपुण, कुशल

### वर्ग पहेली-6820

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ व्य | था | २ क | था | ■ | ■ | ३ सि | कं | ४ द | रा |
| व | ■ | मा | ■ | ५ मु | खि | या | ■ | र्श | ■ |
| ६ सा | कि | न | ■ | ला | ■ | ७ स | म | क | ८ क्ष |
| य | ■ | दा | ■ | ९ य | मि | त | ■ | ■ | मा |
| ■ | १० बे | र | ११ ह | म | ■ | ■ | १२ कु | रू | प |
| ■ | हा | ■ | वा | ■ | १३ अ | स | ली | ■ | न |
| १४ बु | ल | १५ बु | ला | ■ | प | ■ | १६ न | १७ त | ■ |
| द्धि | ■ | न | ■ | १८ आ | द | १९ त | ■ | न | ■ |
| २० म | स्त | क | ■ | ल | ■ | २१ न | वा | ग | २२ त |
| त्ता | ■ | २३ र | ह | स्य | म | य | ■ | ■ | र्ज |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चुनाव** *भाजपा का साइलेंट रिवोल्यूशन बना 'महिला फैक्टर'*

# 'केजरीवाल के वादे' के आगे 'मोदी की गारंटी' पर महिलाओं ने किया यकीन

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। यहां भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज की है। 70 विधानसभा सीटों वाले केंद्रशासित प्रदेश में भाजपा के हिस्से में 48 सीटें आई है। जबकि, 22 सीटों पर आम आदमी पार्टी को जीत मिली है और कांग्रेस एक बार फिर अपना खाता खोलने में नाकाम रही है।**

दिल्ली चुनाव में पहली बार पुरुषों से ज्यादा महिला मतदाताओं ने वोट डाले। इस बार महिला मतदाताओं ने 60.92 प्रतिशत, जबकि पुरुषों ने 60.21 प्रतिशत मतदान किया। इस चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं की कुल संख्या 94,51,997 थी, जिसमें से 50,42,988 पुरुष, 44,08,606 महिलाएं और 403 अन्य श्रेणी के मतदाता थे।

ऐसे में भाजपा की इस प्रचंड जीत में 'महिला फैक्टर' सबसे ज्यादा हावी रहा। महिला मतदाताओं ने इस बार आम आदमी पार्टी से ज्यादा भरोसा भाजपा के चुनावी वादों पर दिखाया। 2020 के चुनाव में, इसी दिल्ली में आम आदमी पार्टी की तरफ से महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा योजना का उसकी जीत में महत्वपूर्ण योगदान रहा था। इस बार भी महिला मतदाताओं के लिए वादों का पिटारा 'आप' की तरफ से खोला गया, जिसमें महिलाओं की फ्री बस सेवा जारी रखना और 'महिला सम्मान योजना' के तहत महिलाओं को



2,100 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया गया। ऐसा ही वादा कांग्रेस की तरफ से भी महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए किया गया, जिसमें 'प्यारी दीदी योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपए देने का और 'महंगाई मुक्ति योजना' के तहत 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा शामिल था। जबकि, भाजपा ने आम आदमी पार्टी सरकार की तरफ से दी जा रही फ्री बिजली, फ्री पानी, महिलाओं के लिए फ्री बस जैसी योजनाओं को जारी रखने का आश्वासन देने के साथ,'महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपए देने का वादा किया। गरीब महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर, होली, दीपावली में मुफ्त सिलेंडर के साथ गर्भवती महिला को 21,000 रुपए देने का भी वादा किया गया। भाजपा की तरफ से 60 से 70 वर्ष के बुजुर्गों की पेंशन 2,000 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 2,500 रुपए करने का वादा किया गया। 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा व वंचित महिलाओं की पेंशन राशि 2,500 से बढ़ाकर तीन हजार रुपए करने का वादा, प्रत्येक झुग्गी बस्ती में अटल कैंटीन खोलकर पांच रुपए में भोजन उपलब्ध कराने की भी घोषणा की गई।

# खेल जगत

## आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने शानदार करियर के लिए करुणारत्ने को बधाई दी

**दुबई,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी ) के चेयरमैन जय शाह ने दिमुथ करुणारत्ने को शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बधाई दी और आने वाले वर्षों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। 36 वर्षीय, जो सीमित ओवरों के खेल के युग में टेस्ट विशेषज्ञ के रूप में जाने जाते थे, ने गाले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के दूसरे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया, वही मैदान जहां उन्होंने 2012 में अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने द्वीप राष्ट्र के लिए 100 टेस्ट मैच खेले। जय शाह ने एक बयान में कहा, दिमुथ का करियर बहुत शानदार रहा है, जिसके दौरान उन्होंने खेल के सबसे पारंपरिक प्रारूप में बल्लेबाज के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया और 100 टेस्ट खेलने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बने।



# भारत ने 4 विकेट से जीता कटक वनडे, सीरीज में 2-0 की बढ़त

## 32वां शतक के साथ फॉर्म में लौटे रोहित शर्मा









**कटक।** टी20 सीरीज की तरह भारतीय टीम ने वनडे सीरीज में भी इंग्लैंड को पछाड़ दिया है। कटक में खेले गए दूसरे वनडे में टीम इंडिया ने रोहित शर्मा के शतक की बदौलत 305 रन का भारी लक्ष्य हासिल कर लिया और इसी के साथ तीन वनडे मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त हासिल कर ली। टीम इंडिया के लिए गेंदबाजी करते हुए रविंद्र जडेजा ने एक बार फिर से 35 रन देकर 3 विकेट लिए और इंग्लैंड को 304 रन पर रोक लिया। जवाब में शुभमन और रोहित ने टीम इंडिया को अच्छी शुरूआत दी। शुभमन ने 60 रन बनाए तो रोहित ने 119 रन। इसके बाद श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने उम्दा पारियां खेलकर टीम इंडिया को चार विकेट से जीत दिला दी।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने डकेट, रूट और कप्तान जोस बटलर (34 रन) के योगदान से अच्छी नींव रखी। इंग्लैंड का स्कोर 35 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन था जिससे लग रहा था कि टीम 330 से अधिक रन बनाने में सफल रहेगी। लेकिन जडेजा की अनुशासित गेंदबाजी ने उनकी रन गति पर लगाम कसी। लियाम लिविंगस्टोन ने 32 गेंद में दो चौके और दो छक्के से 41 रन और आदिल राशिद ने पांच गेंद में 14 रन नहीं बनाए होते तो स्कोर यहां तक नहीं पहुंचता। इंग्लैंड के तीन खिलाड़ी अंतिम दो ओवर में रन आउट हो गए जिससे टीम एक गेंद पहले सिमट गई।

लक्ष्य प्राप्ति के लिए उतरी भारतीय टीम ने रोहित शर्मा और शुभमन गिल के अर्धशतक की बदौलत 2 विकेट के नुकसान पर 200 रन बना लिए हैं। गिल 60 रन बनाकर जेमी ओवरटन की गेंद पर बोल्ड हुए। इसके बाद विराट कोहली 5 ही रन बना पाए। रोहित शर्मा ने 76 गेंदों पर शतक लगाया और स्कोर 200 पार लगाया। रोहित ने 90 गेंदों पर 119 रन बनाए। जबकि श्रेयस अय्यर ने 47 गेंदों पर 44 रन। इस दौरान केएल राहुल और हार्दिक पांड्या 10-10 रन बनाकर आऊट हो गए। इस दौरान अक्षर पटेल टीम इंडिया के काम आए उन्होंने उम्दा पारी खेली और टीम इंडिया को जीत दिला दी।

## इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए टॉम बैंटन को कवर के तौर पर बुलाया

कटक। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज टॉम बैंटन को कवर के तौर पर बुलाया है। यह मैच बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। 26 वर्षीय बैंटन अब सोमवार को भारत पहुंचेंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से आधिकारिक अपडेट में कहा गया है कि बैंटन को बल्लेबाजी ऑलराउंडर जैकब बेथेल के कवर के तौर पर बुलाया गया है। बेथेल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण कटक के बाराबती स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे वनडे से बाहर हो गए हैं। ईसीबी ने यह भी कहा कि बेथेल, जिन्होंने नागपुर में पहले वनडे में हार का सामना किया था और अर्धशतक बनाया था, को बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है और सोमवार को अहमदाबाद पहुंचने पर उनकी स्थिति का और आकलन किया जाएगा। बेथेल की चोट के कारण आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी भागीदारी भी खतरे में पड़ गई है। इंग्लैंड के लिए छह वनडे मैचों में बैंटन ने 134 रन बनाए, जबकि 27 टी20 मैचों में उन्होंने 327 रन बनाए। बैंटन ने इंग्लैंड के लिए आखिरी बार अगस्त 2020 में वनडे मैच खेला था।

# लगातार हार से बचने के लिए भिड़ेंगे ओडिशा एफसी और पंजाब एफसी



**भुवनेश्वर,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा एफसी सोमवार को कलिंगा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में पंजाब एफसी की मेजबानी करेगी। जगरनॉट्स और पंजाब एफसी पिछले मैचों में मिली अपनी-अपनी हार से उबरने की कोशिश करेंगे। जगरनॉट्स अपने पिछले मैच में एफसी गोवा से 1-2 और पंजाब एफसी आइलैंडर्स के हाथों 0-3 से हारे थे। पंजाब एफसी जगरनॉट्स पर लीग डबल पूरा करना चाहेंगी, क्योंकि उसने 20 सितंबर, 2024 को रिवर्स फिक्स्चर में 2-1 से जीत हासिल की थी। ये दोनों टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की प्रबल दावेदार हैं। ओडिशा एफसी 19 मैचों में छह जीत, सात ड्रा और छह हार से 25 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। पंजाब एफसी 18 मैचों में सात जीत, दो ड्रा और नौ हार से 23 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है।

### जगरनॉट्स का प्रदर्शन

डिफेंसिव मुश्किलें: ओडिशा एफसी ने अपने पिछले दो घरेलू मैचों में कई गोल खाए हैं। कुल मिलाकर, जगरनॉट्स ने इस सीजन में सिर्फ तीन क्लीन शीट रखी हैं, जो दूसरा सबसे कम है।

मौके बनाना: ओडिशा एफसी (19 मैचों में 37 गोल) ने लीग में दूसरे सबसे ज्यादा गोल किए हैं। उसके लिए मौरिसियो ने नौ गोल दागे हैं, जैरी माविहमिंगथांगा और मुर्तदा फॉल ने क्रमश: पांच और चार गोल किए हैं।

पंजाब एफसी के सामने आक्रमण करने की चुनौतियां

बॉक्स के अंदर टच: इस सीजन में, पंजाब एफसी के गेंद पर कुल टच का सिर्फ 3.1त्न विपक्षी बॉक्स के अंदर आया है (9587 में से 296)। वो (26 गोल) पांचवीं सबसे कम स्कोर करने वाली टीम है।

खराब फॉर्म: पंजाब एफसी ने अपने पिछले नौ मैचों में से केवल एक जीता है और इस दौरान 19 गोल खाए हैं। पंजाब का सीजन दो हिस्सों में बांटा जा सकता है, जिसमें उसने शुरुआती नौ मुकाबलों में से छह जीते और अगले नौ मैचों में एक केवल एक जीता है।

### आमने-सामने

दोनों टीमों के बीच तीन आईएसएल मैचों में ओडिशा एफसी ने दो बार जीत हासिल की है, जबकि पंजाब एफसी एक बार विजयी हुई है।

### कोच कॉर्नर

जगरनॉट्स के स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा ने आगामी मैच के लिए ओडिशा एफसी के दृष्टिकोण के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों की मानसिक और शारीरिक रिकवरी सुनिश्चित करना सबसे महत्वपूर्ण होता है। हम अगले मैच को लेकर उत्साहित हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने गाले में नौ विकेट से जीत के साथ श्रीलंका को 2-0 से क्लीन स्वीप किया



**गाले,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने गाले में दूसरे टेस्ट में नौ विकेट से आसान जीत हासिल की, जिससे श्रीलंका पर 2-0 से सीरीज जीत दर्ज की गई। चौथे दिन रविवार को श्रीलंका की बल्लेबाजी लाइनअप को जल्दी आउट करने के बाद, ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 75 रन चाहिए थे। ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन ने 18 ओवर से भी कम समय में लक्ष्य हासिल कर लिया। नाथन लियोन और मैथ्यू कुहनेमैन ने श्रीलंका की दूसरी पारी में चार-चार विकेट लिए, जिससे पहली पारी में उनकी पिछली सफलताओं में इजाफा हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन श्रीलंका की बल्लेबाजी को खत्म करने में छह ओवर से भी कम समय लिया। लियोन ने पहला झटका दिया, एक गेंद को स्पिन और बाउंस कराया, जिससे मेजबान टीम की आखिरी उम्मीद कुसल मेंडिस को शॉर्ट-फाइन लेग पर पुल शॉट खेलना पड़ा।

> ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन ने 18 ओवर से भी कम समय में लक्ष्य हासिल कर लिया

लाहिरू कुमारा ने कुछ समय के लिए वापसी की और कुहनेमैन को चार रन के लिए मारा । इसके बाद लियोन ने दो ओवर फेंके, जिसमें दो असफल रिव्यू और दूसरी स्लिप में एक कैच शामिल था, जिसे गेंद के क्षेत्ररक्षक के हाथों में जाने के बाद पलट दिया गया। ब्यू वेबस्टर ने अपने स्पैल की पहली गेंद पर कुमारा को आउट करके पारी का अंत किया।

जवाब में, निशान पीरिस ने नई गेंद से स्पिन और उछाल पैदा किया और हेड को जल्दी आउट कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ चकरा गया। हालांकि, हेड ने एक्स्ट्रा कवर पर कट के ज़रिए चार रन बनाए। दूसरी तरफ़, रमेश मेंडिस ने ख्वाजा को गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाज़ से दूर करके परेशान किया। लेकिन मेंडिस ने अपने अगले ओवर में तीन फुल गेंदें फेंकी, जिन्हें ख्वाजा ने हर बार चार रन के लिए भेजा। श्रीलंका की उम्मीदें तब धूमिल हो गईं, जब प्रभात जयसूर्या ने हेड को आउट कर दिया, कैच कुसल मेंडिस के हाथों में चला गया। श्रीलंका को सिर्फ़ यही सफलता मिली।

# यूपी वारियर्स की कप्तान नियुक्त किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं : दीप्ति शर्मा

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2025 सत्र के लिए यूपी वारियर्स की कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद, भारत की शीर्ष ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा कि उन्हें इस फ्रेंचाइजी के नेतृत्व की भूमिका दिए जाने पर प्रसन्नता और सम्मान महसूस हो रहा है।

डब्ल्यूपीएल के पहले दो संस्करणों में यूपी वारियर्स की कप्तानी ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने की थी, जहां उन्होंने 2023 में पहले सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाई थी। पिछले साल ग्रुप-स्टेज से बाहर होने के बाद, यूपी वारियर्स इस साल दीप्ति के नेतृत्व में एक बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी, खासकर एलिसा के बार-बार पैर की चोट के कारण बाहर होने के बाद। रविवार को फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में दीप्ति ने कहा, 'मैं यूपी वारियर्स की कप्तान नियुक्त किए जाने पर प्रसन्न और सम्मानित महसूस कर रही हूं, जो मेरे गृह राज्य की टीम है। यूपी वॉरियर्स के पास एक शानदार टीम है और हमें विश्वास है कि हम इस सीजन में भी वॉरियर्स ब्रांड के क्रिकेट के साथ अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करेंगे। हम अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने लखनऊ में खेलने का इंतजार नहीं कर सकते हैं और अगली पीढ़ी की महिला एथलीटों को प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं।' 2023 डब्ल्यूपीएल सीज़न में, उन्होंने बल्ले से 90 रन बनाते हुए नौ विकेट लिए। डब्ल्यूपीएल 2024 में, उन्होंने 295 रन बनाए, जिससे वह प्रतियोगिता में पांचवीं सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई, जबकि उन्होंने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हैट्रिक सहित 10 विकेट लिए। इसने दीप्ति को डब्ल्यूपीएल इतिहास में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज भी बना दिया और इस सीज़न के लिए सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार भी प्राप्त किया।

> 'मैं यूपी वारियर्स की कप्तान नियुक्त किए जाने पर प्रसन्न और सम्मानित महसूस कर रही हूं, जो मेरे गृह राज्य की टीम है। यूपी वॉरियर्स के पास एक शानदार टीम है और हमें विश्वास है कि हम इस सीजन में भी वॉरियर्स ब्रांड के क्रिकेट के साथ अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करेंगे: दीप्ति शर्मा





टीम की मालिक जिनिशा शर्मा ने कहा, 'दीप्ति भारतीय क्रिकेट में सबसे बहुमुखी और प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक हैं और हम इस सीज़न में उन्हें यूपी वॉरियर्स का नेतृत्व करते हुए देखकर बहुत रोमांचित हैं। उनका तेज क्रिकेट दिमाग,

## मुझे यकीन है कि हम ट्रॉफी पर अपना कब्जा करेंगे: डीसी की जेमिमा रोड्रिग्स

**पुणे,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के करीब आने के साथ, दिल्ली कैपिटल्स की तैयारियां जोरों पर हैं क्योंकि वे लगातार दो सीजन में उपविजेता रहने के बाद इस साल एक कदम और आगे जाना चाहते हैं। फिलहाल प्री-सीजन कैंप के लिए टीम के साथ पुणे में मौजूद, स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने नए सीजन के लिए अपनी तैयारियों के बारे में जानकारी साझा करते हुए आत्मविश्वास से भरपूर नज़र आईं।





डब्ल्यूपीएल

'हम एक टीम के रूप में पिछले दो सीजन में बहुत अच्छे और लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। बेशक, यह एक फाइनल है, जिसे मैं पार कर लूंगी और ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमा लेंगी, लेकिन हम सही चीजें कर रहे हैं। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप परिणाम को नियंत्रित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, 'हम डीसी इकाई के रूप में अपनी पूरी मेहनत कर रहे हैं और जीत के लिए खेलते रहेंगे।'

रॉड्रिग्स ने आगे कहा, 'मेरी तैयारी बहुत सरल है। मैच में मुझे जो भी सामना करना पड़ेगा, मैं उन परिस्थितियों को अभ्यास में लाने की कोशिश करूंगी, चाहे वह आक्रामक तरीके से खेलना हो या एक छोर से पारी को संभालना हो। इसमें बहुत अधिक पावर-हिटिंग भी है क्योंकि यह टी20 है।

## रबाडा के दमदार प्रदर्शन ने एमआई केप टाउन को पहला एसए20 खिताब दिलाया





**जोहान्सबर्ग,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। एमआई केपटाउन के दिग्गज तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार शाम अपनी टीम को एसए20 का खिताब दिला दिया। यह मुकाबला वांडरर्स में खेला गया था। रबाडा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लेकर सिर्फ 25 रन दिए और सनराइजर्स ईस्टर्न केप को 105 रन पर ऑलआउट कर दिया, जो एमआई केपटाउन के 181/8 के स्कोर का पीछा कर रहे थे। यह एसए20 फाइनल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। रबाडा ने मैदान ने प्वाइंट पर डाइव लगाकर सनराइजर्स के कप्तान एडेन मार्करम का बेहतरीन कैच भी पकड़ा, जिससे मैच पूरी तरह एमआई केपटाउन के पक्ष में चला गया। उनका साथ दिया टीम के स्पिन गेंदबाजों जॉर्ज लिंडे (2-20) और राशिद खान (1-19) ने, जिन्होंने कसी हुई गेंदबाजी कर विपक्षी टीम को संभलने का मौका नहीं दिया। एमआई केपटाउन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज दिखाया। रेयान रिकेलटन ने सिर्फ 15 गेंदों में 33 रन (1 चौका, 4 छक्के) ठोककर पहले पांच ओवर में टीम का स्कोर 51 तक पहुंचा दिया। हालांकि, इसके बाद वे क्रेग ओवरटन की धीमी गेंद पर आउट हो गए।

> रबाडा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लेकर सिर्फ 25 रन दिए

उनके बाद रीसा हेंड्रिक्स बिना खाता खोले पवेलियन लौटे और एमआई केपटाउन ने पावरप्ले खत्म होने तक 52/2 का स्कोर बनाया। यह पूरे टूर्नामेंट में सनराइजर्स के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर था। रिकेलटन ने 1012 रन के साथ एसए20 इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने का रिकॉर्ड भी बना लिया, इससे पहले यह रिकॉर्ड डरबन सुपर जायंट्स के हेनरिक क्लासेन के नाम था। सनराइजर्स ने लगातार विकेट चटकाकर वापसी की, जिसमें रासी वैन डेर डुसेन (23 रन, 25 गेंद) भी शामिल थे। हालांकि, मिडिल ऑर्डर में डेवाल्ड ब्रेविस (38 रन, 18 गेंद) और कॉनर एस्टरहुइजन (39 रन, 26 गेंद) ने 30 गेंदों में 50 रन जोड़कर टीम को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

### सार संक्षेप

## चोटिल एनरिख नॉर्खिये चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, कॉर्बिन बॉश को मिली जगह

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफरीका के तेज़ गेंदबाज़ी ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश को चोटिल तेज़ गेंदबाज़ एनरिख नॉर्खिए की जगह चैंपियंस ट्रॉफ़ी टीम में जगह दी गई है। उन्हें पाकिस्तान के ख़िलाफ़ हालिया चल रही त्रिकोणीय सीरीज़ की टीम में भी शामिल किया गया है, जिसमें तीसरी टीम न्यूज़ीलैंड है। 30 साल के बॉश ने दिसंबर 2024 में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ वनडे डेब्यू किया था। इससे बाद उन्होंने बॉक्सिंग डे टेस्ट में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ टेस्ट डेब्यू किया और नाबाद 84 रन बनाने के साथ-साथ पांच विकेट भी लिए। उन्होंने हाल ही में एसए 20 के दौरान शानदार गेंदबाज़ी करते हुए आठ मैचों में 17.36 की औसत से 11 विकेट लिए और अपनी टीम एमआई केपटाउन को ख़िताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। युवा तेज़ गेंदबाज़ क्वेना मफ़ाका को भी दक्षिण अफरीकी टीम में ट्रैवलिंग रिज़र्व के रूप में जोड़ा गया है। ये दोनों खिलाड़ी, सलामी बल्लेबाज़ टोनी डिज़ॉर्जी के साथ रविवार को कराची के लिए रवाना हो गए। ग़ौरतलब है कि दक्षिण अफरीकी टीम अपने तेज़ गेंदबाज़ों की चोट की समस्या से जूझ रही है। नॉर्खिए के अलावा जेराल्ड कोएत्ज़ी, ब्यूरेन हेंड्रिक्स और लिज़ाड विलियम्स भी चोटिल हैं। वहीं पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर यासिर अराफ़ात को दक्षिण अफरीकी दल ने सलाहकार के रूप में त्रिकोणीय सीरीज़ और चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए टीम से जोड़ा है।

## सिंधु हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधु 11-16 फरवरी तक चीन के क़िंगदाओ में खेली जाने वाली बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप (बीएएमटीसी) के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं होंगी। सिंधु ने खुलासा किया कि उन्हें हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है, जिसे ठीक होने में उम्मीद से ज़्यादा समय लगेगा।

# धवन के साथ ओपनिंग करना शानदार अनुभव था : सिमंस

**रायपुर,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज और टी20 विश्व कप विजेता लेंडल सिमंस ने लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स के लिए शिखर धवन के साथ पारी की शुरुआत करने को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त की। शनिवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान किंग्स पर दिल्ली रॉयल्स की 41 रन की जीत में सिमंस ने अहम भूमिका निभाई। सीजन में पहली बार खेलते हुए सिमंस ने 39 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 87 रन की पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। उन्होंने और धवन ने महज 31 गेंदों पर 60 रन की ओपनिंग साझेदारी की, जिससे दिल्ली रॉयल्स ने 90 गेंदों पर 195/3 का स्कोर खड़ा किया। अपनी पारी और धवन के साथ ओपनिंग करने के अवसर पर सिमंस ने कहा, 'शिखर धवन के साथ ओपनिंग करना शानदार अनुभव था। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और हमने क्रीज पर एक-दूसरे का अच्छा साथ दिया। यह लीजेंड 90 लीग प्रतिस्पर्धी क्रिकेट को फिर से जीने का एक शानदार मंच है और दिल्ली रॉयल्स के लिए जीत हासिल करना और भी बेहतर है।' एंजेलो परेरा की 24 गेंदों पर नाबाद 54 रनों की पारी की बदौलत रॉयल्स ने एक बड़ा लक्ष्य रखा। बाद में, बिपुल शर्मा के तीन विकेट (3-18) ने सुनिश्चित किया कि राजस्थान किंग्स 154/4 पर सीमित रहे, जिससे दिल्ली रॉयल्स को टूर्नामेंट में पहली जीत मिली। भारत में 2016 टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सिमंस ने परिचित परिस्थितियों में लौटने पर खुशी जताई। 'भारत में वापस आकर हमेशा अच्छा महसूस होता है। मुझे यहां खेलना पसंद है क्योंकि परिस्थितियां और पिचें मेरे खेल के अनुकूल हैं।' 90 गेंदों के अनोखे प्रारूप के बारे में बात करते हुए सिमंस ने माना कि यह एक नई चुनौती थी, लेकिन उन्होंने जल्दी ही खुद को ढाल लिया।

'प्रारूप थोड़ा अलग है, और यह मेरा पहला मौका है जब मैं 90 गेंदों का टूर्नामेंट खेल रहा हूँ। शुरू में, मुझे यकीन नहीं था कि मैं अपनी पारी की गति कैसे तय करूं , लेकिन मैंने जल्दी ही खुद को ढाल लिया।

लीजेंड 90 लीग





> ■ राजस्थान किंग्स पर दिल्ली रॉयल्स की 41 रन की जीत में सिमंस ने अहम भूमिका निभाई

## सुडोकू 6821 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |

# कृषि जगत



# कैसे और किस महीने में करें पपीता की बुवाई?

अगर आप भी बागवानी फसलों की खेती करना चाहते हैं तो पपीता की खेती कर सकते हैं। इसकी सबसे खास बात होती है, इसकी खेती साल भर कर सकते हैं।

पपीता की खेती के लिए 10 - 40 डिग्री सेल्सियस तापमान सबसे सही होता है। जल निकास युक्त दोमट मीट्टी पपीते की खेती के लीये उत्तम रहती है। भूमि की गहराई 45 सेमी से कम नही होनी चाहिए।

**पपीता की कौन सी किस्म की करें खेती**

व्यवसायिक रूप से फल उत्पादन के लिए ताइवान , रेड लेडी -786, हानिड्यू (मधु बिंदु) , कुर्ग हनीड्यू, वाशिंगटन, कोयंबटूर -1 , पंजाब स्वीट , पूसा डिलीशियस ,पूसा जाइंट , पूसा ड्वार्फ, पूसा नन्हा, सूर्या, पंत पपीता आदि। हरे और कच्चे पपीते के फलों से सफेद रस या दूध निकालकर सुखाए गए पदार्थ को पपेन कहते हैं। इसका उपयोग मुख्य रूप से मांस को मुलायम करने, प्रोटीन के पचाने, पेय पदार्थों को साफ करने, च्विंगम बनाने, पेपर कारखाने में, दवाओं के निर्माण में, सौन्दर्य प्रसाधन के सामान बनाने आदि के लिए किया जाता है।

पपीता एक ऐसी फसल है, जिसे गमलों में भी लगा सकते हैं, लेकिन इसके लिए खास किस्मों को ही लगाना चाहिए। गमलों में लगाने के लिए पूसा नन्हा, पूसा ड्वार्फ आदि का चुनाव करना चाहिए।

**कौन सी किस्म की क्या है खासियत**

**रेड लेडी** -यह अत्यधिक लोकप्रिय किस्म है फल का वजन 1.5-2 कि. ग्रा. यह अत्यधिक स्वदिष्ट होती है। इसमें 13 त्न सर्करा पायी जाती यह रिंग स्पॉट वायरस के प्रति सहनशील है।

**पूसा मैजेस्टी**- यह किस्म पपेन देने वाली यह सूत्रकृमि के प्रति सहनशील है।

**पूसा डेलिशियस**- यह पपीता की एक गाइनोडायोशियस किस्म है। इसके पौधे मध्यम ऊंचाई और अच्छी उपज देने वाले होते हैं। यह एक अच्छे स्वाद, सुगन्ध और गहरे नारंगी रंग का फल देने वाली किस्म है, जिसकी औसत उपज 58 से 61 किलोग्राम प्रति पौधा तक होती है। इसमें कुल घुलनशील ठोस 10 से 12 ब्रिक्स होता है। इस किस्म के फल का औसत वजन 1.0 से 2.0 किलोग्राम होता है। पौधों में फल जमीन की सतह से 70 से 80 सेंटीमीटर की ऊँचाई से लगना प्रारम्भ कर देते हैं। पौधे लगाने के 260 से 290 दिनों बाद इस किस्म में फल लगना प्रारम्भ हो जाते है।

**पूसा जायन्ट**- इस पपीता किस्म का पौधा मजबूत, अच्छी बढ़वार वाला और तेज हवा सहने की क्षमता रखता है। यह भी एक डायोशियस किस्म है। फल बड़े आकार के 2.5 से 3.0 किलोग्राम



औसत वजन के होते हैं, जो कैनिंग उद्योग के लिए उपयुक्त हैं। प्रति पौधा औसत उपज 30 से 35 किलोग्राम तक होती है। यह किस्म पेठा और सब्जी बनाने के लिये भी काफी सही होता है।

**पूसा नन्हा**- यह पपीता की एक अत्यन्त बौनी किस्म है, जिसमें 15 से 20 सेंटीमीटर ज़मीन की सतह से ऊपर फल लगना प्रारम्भ हो जाते हैं। बागवानी व गमलों में छत पर भी यह पौधा लगाया जा सकता है।

यह डायोशियस प्रकार की किस्म है, जो 3 वर्षों तक फल दे सकती है। इसमें कुल घुलनशील ठोस 10 से 12 ब्रिक्स होता है। इस किस्म से प्रति पौधा 25 किलोग्राम फल प्राप्त होता है।

**अर्का सूर्या**- यह पपीता की गाइनोडायोशियस किस्म है। जिसका औसत वजन 500 से 700 ग्राम तक होता है। इसमें कुल घुलनशील ठोस 10 से 12 ब्रिक्स तक होता है। यह सोलो और पिंक फ्लेश स्वीट द्वारा विकसित संकर किस्म है। इस किस्म की प्रति पौधा औसत पैदावार 55 से 56 किलोग्राम तक होती है और फल की भंडारण क्षमता भी अच्छी हैं।

**पपीता की बुवाई**- पपीते का व्यवसाय उत्पादन बीजों द्वारा किया जाता है। इसके सफल उत्पादन के लिए यह जरूरी है कि बीज अच्छी क्वालिटी का हो। बीज का चुनाव करते समय कुछ बातों पर ध्यान देना चाहिए।

1. बीज बोने का समय जुलाई से सितम्बर और फरवरी-मार्च होता है।

2. बीज अच्छी किस्म के अच्छे व स्वस्थ फलों से लेने चाहिए। चूंकि यह नई किस्म संकर प्रजाति की है, लिहाजा हर बार इसका नया बीज ही बोना चाहिए।

3. बीजों को क्यारियों, लकड़ी के बक्सों, मिट्टी के गमलों व पॉलीथीन की थैलियों में बोया जा सकता है।

4. क्यारियां जमीन की सतह से 15 सेंटीमीटर ऊंची व 1 मीटर चौड़ी होनी चाहिए।

5. क्यारियों में गोबर की खाद, कंपोस्ट या वर्मी कंपोस्ट काफी मात्रा में मिलाना चाहिए। पौधे को पद विगलन रोग से बचाने के लिए क्यारियों को फार्मलीन के 1:40 के घोल से उपचारित कर लेना चाहिए और बीजों को 0.1 फीसदी कॉपर आक्सीक्लोराइड के घोल से उपचारित करके बोना चाहिए।

6. जब पौधे 8-10 सेंटीमीटर लंबे हो जाएं, तो उन्हें क्यारी से पौलीथीन में स्थानांतरित कर देते हैं।

7. जब पौधे 15 सेंटीमीटर ऊंचे हो जाएं, तब 0.3 फीसदी फफूंदीनाशक घोल का छिड़काव कर देना चाहिए।

बीज व बीजोपचार

एक हैक्टर क्षेत्रफल के लिए 500 -600 ग्राम बीज की आवश्यकता होती है। बोने से पूर्व बीज को 3 ग्राम केप्टान प्रति किलो ग्राम. बीज के हिसाब से उपचारित कर लेना चाहिए।

पौध रोपण - 45 - 45 -45 सेमी . आकर के गड्ढ़े 1.5 - 1.5 या 2 -2 मीटर की दुरी दूरी पर तैयार करें। प्रति गड्ढे 10 किग्रा सड़ी हुई गोबर की खाद, 500 ग्राम जिप्सम, 50 ग्राम क्यूनालफास 1.5 त्न चूर्ण भर देना चाहिए।

**प्लास्टिक थैलियों में बीज की रोपाई**

इसके लिए 200 गेज और 20 × 15 सेमी आकर की थैलियों की जरूरत होती है। जिनको किसी कील से नीचे और साइड में छेद कर देते हैं और 1 1:1:1 पत्ती की खाद, रेट, गोबर और मिट्टी का मिश्रण बनाकर थैलियों में भर देते हैं।

प्रत्येक थैली में दो या तीन बीज बो देते हैं। उचित ऊंचाई होने पर पौधों को खेत में प्रतिरोपण कर देते हैं ।

प्रतिरोपण करते समय थाली के नीचे का भाग फाड़ देना चाहिए।

**सिंचाई** - पौधा लगाने के तुरन्त बाद सिंचाई करें ध्यान रहे पौधे के तने के पास पानी न भरने पाए। गर्मियों में 5-7 दिन के अंतराल पर और सर्दियों में 10 दिन के अंतराल पर सिंचाई करें।

**तुड़ाई और उत्पादन**- पौधे लगाने के 10 से 13 माह बाद फल तोड़ने लायक हो जाते हैं। फलों का रंग गहरा हरे रंग से बदलकर हल्का पीला होने लगता है और फलों पर नाखून लगने से दूध की जगह पानी और तरल निकलता हो तो समझना चाहिए कि फल पक गया है । एक पौधे से औसतन 150 - 200 ग्राम पपेन प्राप्त हो जाती है प्रति पौधा 40 -70 किलो पति पौधा उपज प्राप्त हो जाती है



# पालक की खेती करने का नया तरीका

भारत में हरी पत्तेदार सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। खासकर सितंबर से लेकर नवंबर तक पालक, मेथी, धनिया जैसी पत्तेदार सब्जियों की खेती के लिए मौसम काफी अनुकूल रहता है। किसान चाहें तो इस समय सर्दियों की सबसे लोकप्रिय सब्जी पालक की खेती करके काफी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

**पालक की खेती के लिए जलवायु** - पालक जैसी पत्तेदार सब्जियों को उगाने का सबसे बड़ा फायदा यह भी है कि यह कम समय में पककर तैयार हो जाती है। इसकी खेती के लिए सामान्य सर्द मौसम ही सबसे अच्छा रहता है। खासकर ठंड के मौसम में पालक के पत्तों की अच्छी उपज मिलती है। किसान चाहें तो बेहतर उत्पादन के लिए पालक की ऑलग्रीन, पूसा पालक, पूसा हरित और पूसा ज्योति किस्मों की बुवाई कर सकते हैं।

**पालक की खेती के लिए मिट्टी** - वैसे तो पालक को देश भर की अलग-अलग मिट्टियों में उगाया जाता है। कई लोग घर की छत पर या बालकनी में क्यारियां या कंटेनर बनाकर भी पालक के पत्ते उगाते हैं। वहीं खेतों में नमकीन या लवणीय भूमि सबसे अच्छी रहती है। हैरान करने वाली बात यह भी है कि जिस मिट्टी में किसी भी फसल का उत्पादन नहीं मिल पाता, वहां पालक की सबसे अच्छी पैदावार ले सकते हैं। बाकी बागवानी फसलों की तरह जल निकासी वाली दोमट मिट्टी में भी पालक की खेती करके कम मेहनत में बेहतर उत्पादन ले सकते हैं।

**खाद और बीज**- पालक जैसी पत्तेदार सब्जियों से अच्छा उत्पादन लेने के लिए जरूरी है कि अच्छी मात्रा में जैविक खाद या वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल किया जाए। वैसे तो पालक की फसल में नाइट्रोजन का इस्तेमाल करने पर भी अच्छे परिणाम सामने आते हैं, लेकिन जैविक खेती करने वाले किसान नाइट्रोजन की जगह जीवामृत का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। एक हेक्टेयर खेत में पालक की खेती करने के लिए 30 से 32 किलोग्राम बीजों की जरूरत पड़ती है, जिसके बाद फसल से 150 से 200 क्विंटल तक उत्पादन ले सकते हैं।

**पालक की खेती** - जाहिर है कि पालक एक पत्तेदार सब्जी है, जिससे बेहद कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। इसके पीछे की वजह यह है कि बाजार में पालक की काफी ज्यादा डिमांड होती है। रसोई के व्यंजनों से लेकर सलाद और जूस तक पालक का इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए सिर्फ एक बार बुवाई के बाद 5 से 6 कटाईयां करके बंपर उत्पादन ले सकते हैं। बता दें कि एक बार कटाई के बाद वापस 15 दिनों में पालक के पत्तों का उत्पादन मिल जाता है। अधिक गर्म तापमान को छोड़कर अगले 10 महीनों तक पालक का अच्छा उत्पादन ले सकते हैं।

**पालक में सिंचाई**- पालक एक कम लागत वाली पर मुनाफे से भरपूर फसल है, जिसमें पानी की काफी अच्छी मात्रा होती है, लेकिन इसके सिंचाई में अधिक पानी खर्च करने की जरूरत नहीं होती। बता दें की पालक के खेत में से हल्की नमी बनाकर भी अच्छा उत्पादन ले सकते हैं। विशेषज्ञों की माने तो सर्दियों में 10 से 15 दिन के अंतराल पर ही पालक के खेत में सिंचाई की जरूरत होती है। वहीं कटाई से दो-तीन दिन पहले भी हल्का पानी लगाकर अच्छा उत्पादन मिल सकता है।

**पालक में कीट प्रबंधन** - पालक एक पत्तेदार सब्जी है, जो सीधा जमीन से जुड़ी होती है, इसीलिए कवक रोग और कीटों का लगना लाजमी है। अकसर पालक की फसल में खरपतवारों के साथ-साथ कैटरपिलर और इल्लियों का प्रकोप बढ़ जाता है। ये इल्लियां पालक के पत्तियों को बीच में से खाकर सारी पैदावार को बर्बाद कर सकते हैं। इन सभी की रोकथाम के लिए खेत में नीम-गौमूत्र आधारित कीटनाशक का 20 दिन के अंतराल पर छिड़काव कर सकते हैं।

पालक की कटाई और पैदावार - पालक की खेती के लिए उन्नत किस्म  का चयन करने पर फसल जल्दी पक कर तैयार हो जाती है, जहां साधारण के समूह को पकने में 30 दिन का समय लगता है। वहीं उन्नत किस्में 20 से 25 दिनों के अंदर 15 से 30 सेंटीमीटर तक बड़ी हो जाती हैं। पहली कटाई के समय पौधों की जड़ों से 5 से 6 सेंटीमीटर ऊपर ही पत्तियों की कटाई करनी चाहिये। इसके बाद इन्हीं जड़ों से हर 15 दिन के अंतराल पर 5 से 6 कटाईयां करके बंपर उत्पादन  ले सकते हैं।

# हरे मटर की खेती कर 4 महीने में पाइए डबल से भी अधिक मुनाफा



किसानों के लिए हरे मटर की खेती एक बेहतर विकल्प है। कम लागत में अधिक से अधिक मुनाफा प्राप्त करने के लिए किसान हरे मटर की खेती कर सकते हैं। उत्तर भारत में बारिश के मौसम के खत्म होने के बाद किसान इसकी खेती करते हैं। ऐसे में मटर की खेती की तैयारी करने के लिए यह बिल्कुल सही समय है। बारिश का मौसम अब खत्म होने वाला है। किसान अब मटर और सरसों जैसी फसलों की खेती की तैयारी में लग जाएंगे। बारिश के बाद और ठंड शुरू होने से पहले के समय को मटर की खेती के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। वैसे समय में खेत में पर्याप्त नमी रहती है और मटर की फसल अच्छी होती है। कई रूपों में इस्तेमाल के कारण हरे मटर की मांग हमेशा बनी रहती है। अगर आप भी मटर की खेती करने की योजना बना रहे हैं, तो हम आपको कुछ जरूरी बातें बताते हैं। इनका ध्यान रख आप अधिक से अधिक पैदावार हासिल कर पाएंगे और दोगुना से अधिक मुनाफा प्राप्त होगा।

**जुताई के वक्त ही डाल दें खाद**- मटर की बुवाई से पहले खेत की कम से कम दो बार अच्छे से जुताई करा लें ताकि मिट्टी भुरभुरी हो जाए। जुताई के समय ही खेत में सड़ी गोबर की खाद मिला दें। करीब दो महीने बाद मटर में फली आने लगती है और अगले एक महीने तक किसान उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

**कब करें बुवाई?**- मटर बुवाई किसान भाई पूरे अक्टूबर और कुछ हिस्सों में नवंबर के महीने में भी कर सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि खेत में नमी हो और बारिश की संभावना न हो। बुवाई करने के बाद अगर बारिश होती है तो मिट्टी सख्त हो जाती है और पौध निकलने में दिक्कत होती है। वहीं अगर खेत में पानी जमा हो गया तो बीज सड़ भी सकते हैं। बीज अंकुरण के लिए औसत 22 डिग्री सेल्सिलय तापमान की जरूरत होती है। वहीं पौधे के अच्छे विकास के लिए 10 से 18 डिग्री सेल्सियस का तापमान उपयुक्त माना जाता है।

**फल लगने के वक्त करें सिंचाई**- इस फसल को सिंचाई की विशेष जरूरत नहीं पड़ती है क्योंकि ठंड के मौसम में खेत में पर्याप्त नमी रहती है। अगर आप सिंचाई करना चाहते हैं तो फूल आने के वक्त और फली लगते वक्त ही करें। इस बात का ध्यान रखें कि हल्की सिंचाई ही हो और खेत में पानी न ठहर पाए।

**मटर की उन्नत किस्में**- ज्यादा पैदावार पाने के लिए किसान भाई मटर की उन्नत किस्मों का चुनाव कर सकते हैं। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, किसान को किस्मों का चुनाव करते वक्त मिट्टी, जलवायु और क्षेत्र का ध्यान रखना चाहिए। मटर की कुछ उन्नत किस्में आर्केल, काशी शक्ति, पंत मटर 155, अर्ली बैजर, आजाद मटर 1, काशी नंदिनी, पूसा प्रगति और जवाहर मटर 1 हैं। इसके अलावा, जवहार मटर- 3 और 4 की भी खेती कर सकते हैं।

**एक हेक्टेयर में 70 हजार रुपए मुनाफा**- कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर उचित कृषि कार्य प्रबंधन के साथ मटर की खेती की जाए तो एक हेक्टेयर में 18 से 30 क्विंटल तक उपज प्राप्त हो सकती है। वहीं एक हेक्टेयर क्षेत्र में मटर की खेती करने पर कुल लागत 20 हजार रुपए के आसपास आती है और मुनाफा 90 हजार रुपए तक हो सकता है। यानी किसान भाई आसानी से 70 हजार रुपए का शुद्ध मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं।

# बथुआ की खेती सर्दियों में करें, होगी बंपर कमाई

अपने देश में इस समय सर्दियों का सीजन चल रहा हैं। सर्दियों के मौसम में बाजार में विभिन्न प्रकार की हरी पत्तेदार सब्जियां व साग बाजार में मिलने लगते हैं। पालक, मेथी, मूली, सरसों आदि के अलावा एक और सब्जी है जो बाजार में काफी प्रचलित है, वह है बथुआ। बथुआ पौष्टिकता से भरपूर होने के साथ-साथ कई तरह के रोगों से भी हमारे शरीर को बचाता है। बथुआ को विदेशों में क्विनवा या क्विनोआ  के नाम से भी जाना जाता है। विदेशों में बथुआ की मांग बहुत ज्यादा है क्योंकि विदेशों में क्विनोआ का प्रयोग सुपरफूड के रूप में किया जाता है। भारत में ठंड के मौसम में लोग बथुआ के पराठें खाने के शौकीन होते हैं। इसके अलावा इसकी दाल व सब्जी के सांग के रुप में प्रयोग करते हैं। बथुआ खाने में बेहद स्वादिष्ट, पोषक तत्वों से युक्त होता है। बथुआ की खेती करना बहुत ही आसान है और आप साल में 3 बार बथुआ की खेती कर सकते है। यदि आपका खेत अभी खाली हैं तो आप बथुआ की खेती करके आप अच्छा लाभ व मुनाफा कमा सकते हैं। किसान भाईयों आज ट्रैक्टर जंक्शन की इस पोस्ट के माध्यम से आपके साथ बथुआ की खेती से संबंधित सभी जानकारियां साझा करेंगे।

**बथुआ की खेती करने का उपयुक्त समय**- बथुआ की बुवाई के समय ठंड का मौसम होनी चाहिये इसीलिए इसकी बुवाई अक्टूबर से मार्च के महीने में की जाती हैं। इसकी बेहतर फसल उत्पादन के लिए 7 डिग्री से 20 डिग्री तक का तापमान उपयुक्त होता हैं।

**बेहतर कमाई के साथ-साथ सेहत के लिए भी लाभकारी है बथुआ**- बथुआ की खेती में फसल का अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए लागत बहुत कम आती है। जबकि इसकी फसल से कमाई बहुत अच्छी होती है। बथुआ हमारे शरीर के लिए भी लाभकारी है। इसके साग का सेवन करने से इम्यून सिस्टम ब?ने के साथ ही पेट की समस्याओं को भी दूर करता है। इसमें मौजूद औषधीय गुणों के कारण सर्दियों में लोग इसका सेवन अधिक करते हैं। तासीर में गर्म होने के कारण बथुआ सर्दी में हमारे शरीर को ठंड से भी बचाता है।

**बथुआ की खेती करने के लिए खेत की तैयारी** - बथुआ की खेती करने के लिए खेत की मिट्टी का पीएच मान 6 से 8 के बीच तक का होना चाहिए। इसकी खेती करते समय सबसे पहले खेत की मिट्टी पलटने वाले हल या कल्टीवेटर की मदद से 2 से 3 बार गहरी जुताई करके खेत की मिट्टी को भुरभुरा बना ले। उसके बाद खेत में पाटा लगाकर खेत को समतल कर लें।

**बथुआ की बुवाई कैसे करें**- बुवाई से पहले और खेत की आखिरी जुताई से पहले प्रति एकड़ 5 से 6 टन सड़ी हुई गोबर की खाद को खेत में मिलाएं। इसका बीज बहुत ही महीन होता है इसलिए प्रति एकड़ में 1500 से 1600 किलोग्राम मात्रा उपयुक्त होती है।



बथुआ को ट्रैक्टर द्वारा चलने वाली मशीन से इसकी बुवाई कर सकते है या खाद के साथ मिला कर खेत में सीधे बीजों का छिड़काव भी कर सकते है। बथुआ की बुवाई सितंबर महीने के आखिरी सप्ताह से लेकर मार्च महीने के पहले सप्ताह तक की जा सकती है। आप बथुआ की नर्सरी भी तैयार कर सकते है और फिर पौधों की लंबाई 6 से 7 सेंटीमीटर तक की होने पर उन्हें खेत में लगाया जा सकता है।

**बथुआ की खेती करते समय सिंचाई और खरपतवार नियंत्रण**- बथुआ की खेती करने के लिए अधिक सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ती क्योंकि यह एक तरह का खरपतवार फसल है। इसकी फसल लगाने से काटने तक 3 से 4 बार सिंचाई करना पर्याप्त रहता है। जब इसके पौधे छोटे हो तब इसकी फसल से खरपतवार को निकाल कर अलग कर लेना चाहिए। बथुआ के पौधे पाला और सूखे को भी सहन कर सकते है।

**बथुआ की फसल की कटाई** - अगर आप बथुआ की फसल की पत्तियों को बेचना चाहते हैं तो आप इसकी फसल से पत्तियों का उत्पादन 45 से 50 दिन के बाद कर सकते हैं। आप इसकी फसल से पत्तियों की तुड़ाई 3 से 4 बार तक कर सकते है। अगर आप इसकी खेती बथुआ की बीजों के लिए कर रहे हैं तो इसकी फसल 100 दिन में तैयार हो जाती है। अच्छी तरह से विकसित फसल की लंबाई 4 से 6 फिट तक की होती है इसको सरसों की फसल की तरह काट कर थ्रेसर मशीन की मदद से आसानी से आप बीज निकाल सकते है। बीज को निकालने के बाद कुछ दिनों तक धूप में सुखाना आवश्यक होता है। बथुआ की बीज का प्रति एकड़ उत्पादन 12 से 22 क्विंटल तक का प्राप्त होता है।

**बथुआ की खेती से मुनाफा**- बथुआ की खेती से किसान डबल मुनाफा कमा सकते हैं। सर्दियों के सीजन में इसका सांग 40 से 100 रुपए प्रति किलो तक बिकता है। एक तो इसकी पत्तियों की बिक्री करके किसान 40 से 80 हजार रुपए तक की कमाई आसानी से कर सकते हैं। किसान बथुआ के बीजों को भी बेचकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

# भिंडी की लाभकारी पैदावार

सिंचित अवस्था में 2.5 से 3 किग्रा तथा असिंचित दशा में 5-7 किग्रा प्रति हेक्टेअर की आवश्यकता होती है। संकर किस्मों के लिए 5 कि.ग्रा. प्रति हेक्टर की बीजदर पर्याप्त होती है। भिंडी के बीज सीधे खेत में ही बोये जाते हैं। बीज बोने से पहले खेत को तैयार करने के लिये 2-3 बार जुताई करनी चाहिए। वर्षाकालीन भिंडी के लिए कतार से कतार दूरी 40-45 सें.मी. एवं कतारों में पौधे की बीच 25-30 सें.मी. का अंतर रखना उचित रहता है। ग्रीष्मकालीन भिंडी की बुवाई कतारों में करनी चाहिए। कतार से कतार की दूरी 25-30 सें.मी. एवं कतार में पौधे से पौधे के मध्य दूरी 15-20 से.मी. रखनी चाहिए। बीज की 2 से 3 से.मी. गहरी बुवाई करनी चाहिए। बुवाई के पूर्व भिंडी के बीजों को 3 ग्राम मेन्कोजेब कार्बेन्डाजिम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करना चाहिए। पूरे खेत को उचित आकार की पट्टियों में बांट लें जिससे कि सिंचाई करने में सुविधा हो। वर्षा ऋतु में जल भराव से बचाव हेतु उठी हुई क्यारियों में भिण्डी की बुवाई करना उचित रहता है।

**बुआई का समय**- ग्रीष्मकालीन भिंडी की बुवाई फरवरी-मार्च में तथा वर्षाकालीन भिंडी की बुवाई जून-जुलाई में की जाती है। यदि भिंडी की फसल लगातार लेनी है तो तीन सप्ताह के अंतराल पर फरवरी से जुलाई के मध्य अलग-अलग खेतों में भिंडी की बुवाई की जा सकती है।

**खाद और उर्वरक**- भिंडी की फसल में अच्छा उत्पादन लेने हेतु प्रति हेक्टेर क्षेत्र में लगभग 15-20 टन गोबर की खाद एवं नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की क्रमशः 80 कि.ग्रा., 60 कि.ग्रा. एवं 60 कि.ग्रा. प्रति हेक्टर की दर से मिट्टी में देना चाहिए। नत्रजन की आधी मात्रा स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के पूर्व भूमि में देना चाहिए।

नत्रजन की शेष मात्रा को दो भागों में 30-40 दिनों के अंतराल पर देना चाहिए।

**निराई व गुड़ाई** - नियमित निंदाई-गुड़ाई कर खेत को खरपतवार मुक्त रखना चाहिए। बोने के 15-20 दिन बाद प्रथम निंदाई-गुड़ाई करना जरुरी रहता है। खरपतवार नियंत्रण हेतु रासायनिक कीटनाशकों का भी प्रयोग किया जा सकता है। खरपतवारनाशी फ्ल्यूक्लरेलिन के 1.0 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व मात्रा को प्रति हेक्टेयर की दर से पर्याप्त नम खेत



में बीज बोने के पूर्व मिलाने से प्रभावी खरपतवार नियंत्रण किया जा सकता है।

**सिंचाई**- सिंचाई मार्च में 10-12 दिन, अप्रैल में 7-8 दिन और मई-जून में 4-5 दिन के अन्तर पर करें। बरसात में यदि बराबर वर्षा होती है तो सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ती है ।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## नक्सलियों से एसटीएफ की मुठभेड़



### दोनों तरफ से कई राउंड चलीं गोलियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले में नक्सलवादियों की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो गयी है। जिले के हटटा थानान्तर्गत राजाडेरा केकडेवाडा के जंगलों में गत दिवस स्पेशल टास्क फोर्स तथा नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों तरफ से फायरिंग की गयी। पिछले तीन महीनों में स्पेशल टास्क फोर्स व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की यह तीसरी घटना है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बंजारे से प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्सली उन्मूलन में लगी स्पेशल टास्क फोर्स की टीम शनिवार को जंगल क्षेत्र में सर्चिंग कर रही थी। इसी दौरान लाल सलाम के नारे लगाते हुए 18 से 20 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा के लिये स्पेशल स्टॉक फोर्स के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की गयी। स्पेशल टास्क फोर्स के जवानों द्वारा 90 राउंड फायरिंग की गयी। जिसके बाद नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गये।

सर्चिंग के दौरान स्पेशल टास्क फोर्स को घटनास्थल से एक ग्रेनेड लांचर, 1 मैगजीन तथा 7 जिंदा कारतूस, खाने पीने की खाद्य सामग्री चावल शक्कर सोयाबीन की बड़ी तेल चाय पत्ती जैसी वस्तुएं बरामद की गई । प्रभारी राम पदम शर्मा की रिपोर्ट पर बीएनएस एवं विधि विरूद्ध क्रियाकलाप अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है तथा अग्रिम विवेचना की जा रही है।

गौरतलब है कि बालाघाट में नक्सलियों की गतिविधियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। नवम्बर माह में नक्सलियों ने सर्चिंग के दौरान एक जवान को गोली मार दी थी। इसके बाद दिसम्बर माह में बैनर-पोस्टर लगाकर पुलिस को चेतावनी दी थी। दिसम्बर माह में ही क्षेत्र में चल रहे कार्यो को नक्सलियों ने बंद करवा दिया था। जनवरी माह में स्पेशल टास्क फोर्स व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसके बाद नक्सलियों ने किसान आंदोलन के समर्थन में बैनर पोस्टर लगाये थे।

## बाघ के शिकारियों को पकड़ने पहुंची एसटीएफ के हाथ लगा सात क्विंटल गांजा

**डिंडौरी, देशबन्धु।** टागईर का शिकार किये जाने के मामले की जांच कर रही स्पेशल टास्क फोर्स ने वन विभाग की टीम के साथ शहपुरा थानान्तर्गत ग्राम पड़रिया में दबिश दी। टाइगर की खाल की बरामदगी के लिए की गयी खुदाई के दौरान टीम को जमीन के अंदर छुपाकर रखा गया सात क्विंटल मिला। इसके अलावा विस्फोटक व जाल सहित एक दर्जन मोटर साइकिल बरामद हुई है।

डिंडौरी पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रपुर महाराष्ट्र में टाइगर का शिकार करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य को गिरफ्तार किया गया था। स्पेशल टास्क फोर्स को पूछताछ के दौरान जिले के शाहपुर थाना अंतर्गत ग्राम पड़रिया निवासी अजीत सिंह सहित दो अन्य व्यक्तियों के संबंध में जानकारी मिली थी। स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने स्थानीय वन विभाग के साथ मिलकर गांव में दबिश दी थी।

बताया जाता है कि दबिश के पहले ही संदेही आरोपी फरार हो गये थे। दबिश के दौरान टीम को आरोपियों के ठिकाने से प्रेशर बम,जाल,चाकू सहित एक दर्जन बाइक मिली थी। टाईगर की खाल तलाश करने टीम ने जमीन की खुदाई प्रारंभ की। किन्तु खुदाई के दौरान टीम को जमीन के अंदर छुपाकर रखा गया भारी मात्रा में गांजा मिला। इस संबंध में पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पर कार्यवाही करते हुए जेसीबी मशीन से जमीन की खुदाई करवाई गयी। पुलिस ने जमीन में अंदर छुपाकर रखा 7 क्विंटल गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा सहित अन्य सामग्री को जब्त कर लिया है। शहपुरा थाना प्रभारी एस एल मरकाम तथा बीट प्रभारी एएसआई को निलंबित कर दिया गया है। फरार आरोपियों की पतासाजी जारी है। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को अभिरक्षा में लिया है।



### थाना तथा बीट प्रभारी निलंबित

## पीएमश्री एयर एंबुलेंस से लालबर्रा की अमोली को भेजा गया भोपाल एम्स




**बालाघाट, देशबन्धु।** मप्र शासन की स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रगतिरत पीएमश्री एयर एम्बुलेन्स सेवा जिले में दूसरी बार उपयोगी साबित हुई है। रविवार को लालबर्रा की 4 वर्षीय बालिका अमोली अवधिया को भोपाल के एम्स में उपचार के लिए ले जाने में उपयोग में लायी गयी है।

सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडे ने बताया कि कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में एयर एम्बुलेंस की मदद से एक मासूम को उपचार के लिए भोपाल रवाना किया गया है। जिला अस्पताल में जिंदगी से लड़ रही मासूम बच्ची अमोली को रविवार सुबह 7.30 बजे उपचार के लिए भोपाल एम्स रवाना किया गया। जिला मुख्यालय से राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना से किसी मरीज के उपचार के लिए योजना सफल साबित हुई है। जबकि पहली बार गोंदिया से इस सेवा का उपयोग नक्सल घटना में घायल शिवकुमार शर्मा को उपचार के लिए दिल्ली उपचार के लिए रवाना किया जा चुका है।

डॉ. पांडेय ने बताया कि ऑर्गन फेलियोर की समस्या से ग्रसित अमोली जिला अस्पताल में पीआईसीयू में भर्ती थी। अमोली की समस्या अत्यधिक गंभीर होती जा रही थी। ऐसे में उसका उपचार जिले में संभव हो पाना मुश्किल होता जा रहा था।

जिसके बाद जिला प्रशासन की मदद से अमोली को भोपाल एम्स भेजने का निर्णय लिया गया। रविवार सुबह 7.30 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में हेलीकॉप्टर (एयर एम्बुलेंस) के जरिये अमोली की भोपाल एम्स के लिए रवाना की गई। इस कार्य मे पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों का भी सहयोग रहा।


**खुल गया खुल गया**

शहर के प्रमुख स्थल पर स्थित होटल टाइगर इन के कैम्पस में 16000 एस्क्वायर फिट का हाल उपलब्ध है जिसमें पार्किंग की विशेष सुविधा उपलब्ध है जिन इच्छुक व्यवसायिक लोगों को अपने व्यवसाय हेतु आफिस दुकान शो रूम छोटी छोटी दुकान खोलना हो निम्न पते मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते है ।

संपर्क- दिनेश तिवारी
होटल टाइगर इन
विंध्यनगर रोड बैढ़न
मोबाइल नंबर -6265475368

**महिलाएँ ध्यान दें**

महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं हेतु 44 जड़ी बूटियों का संतुलित मिश्रण

**श्वेतनिल सायरप**

श्वेत प्रदर (सफेद पानी), अनियमित महावारी
- कमर एवं पेट दर्द
- मूत्र मार्ग में जलन एवं संक्रमण
- योनी मार्ग में चिपचिपाहट एवं दुर्गंध
- शारीरिक एवं मानसिक थकावट
- भूख न लगना
- चक्कर आना
- खून की कमी
- नींद न आना
- बैचेनी एवं घबराहट

उपयोग करते ही असर प्रारम्भ

जबलपुर 9826035091 | कटनी 9303092693 | अनूपपुर 9993902291 | सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888

CALL BOOKING 0761-4069888 4069889

समदड़िया सिनेमा

| LOVEYAPA | BADASS RAVIKUMAR | DEVA | SANAM TERI KASAM (RE-RELEASE) |
|---|---|---|---|
| 09:30AM | 09:15AM | 12:10PM | 09:15AM |
| 11:45AM | 03:00PM | 05:45PM | 12:00PM |
| 02:15PM | 05:30PM | 10:45PM | 02:45PM |
| 05:00PM | 08:15PM | | 07:30PM |
| 07:00PM | 10:55PM | | |
| 10:15PM | | | |

| PADMAAVAT (RE-RELEASE) | THANDEL | SKY FORCE |
|---|---|---|
| 03:30PM | 10:15AM (TELEGU) | 01:15PM |
| | 09:30PM | 08:30PM |

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 122 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 110 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 90 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 90 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 86 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 106 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 118 |

मोबाइल नं. 9300692405

